CMYK

अधिकतम :31°C
न्यूनतम: 25°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, सोमवार 1 सितम्बर 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 230 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00


विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | भाद्रपद शुक्ल पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2082 | 8 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



घुमंतू जातियों के विकास को सरकार प्रतिबद्धः योगी

पेज 2



पाकिस्तान टीम जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप के लिए आएगी भारत

खेल टाइम्स



हिन्दू-मुस्लिम एकता का प्रतीक मेला गुघाल

सम्पादकीय



गाजा पर ताबड़तोड़ इजरायली हमले, 57 की मौत

पेज 12

# वायुसेना को इसी माह मिलेंगे दो तेजस मार्क-1A

## सरकार एचएएल से 97 नए फाइटर जेट भी खरीदेगी, रक्षा सचिव आरके सिंह ने की फैसले की पुष्टि

शाह टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** रक्षा सचिव आरके सिंह ने कहा कि हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) सितम्बर में भारतीय वायुसेना को दो तेजस मार्क-1ए लड़ाकू विमान सौंप सकता है।

इन विमानों में वेपंस इंटीग्रेशन यानी हथियारों को जोड़ा भी गया है। इसके अलावा सिंह ने बताया कि सरकार एचएएल के साथ 97 और तेजस खरीदने का नया करार करने जा रही है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 67,000 करोड़ रुपये होगी। फिलहाल 38 तेजस वायुसेना में शामिल हैं। केंद्र सरकार ने 19 अगस्त को भारतीय वायुसेना (आईएएफ) के लिए 97 एलसीए मार्क 1ए फाइटर जेट खरीदने के लिए 62 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट को मंजूरी दी। दरअसल, फरवरी 2021 में सरकार ने एचएएल के साथ 83 तेजस मार्क-1ए खरीदने के लिए 48,000 करोड़ का करार किया था, लेकिन एचएएल अमेरिकी इंजन की डिलीवरी में देरी की वजह से अभी तक एक भी एयरक्राफ्ट नहीं सौंप पाया। हालांकि, अब उम्मीद है कि 2028 तक एचएएल सभी एयरक्राफ्ट्स वायुसेना को सौंप देगा। एलसीए मार्क 1ए, तेजस एयरक्राफ्ट का एडवांस वर्जन है। इसमें अपग्रेडेड एवियानिक्स और रडार सिस्टम लगे हैं। एलसीए मार्क-1ए के 65फीसदी से ज्यादा उपकरण भारत में बने हैं। तेजस को भी एचएएल ने डेवलप किया है। यह सिंगल इंजन वाला हल्का लड़ाकू विमान है। एचएएल के पास पहले ऑर्डर के

■ सरकार ने 97 एलसीए मार्क 1ए फाइटर जेट खरीदने के लिए 62 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट को दी थी मंजूरी

लिए 2028 तक का समय एचएएल के पास 83 एयरक्राफ्ट्स की डिलीवरी करने के लिए 2028 तक का समय है। एचएएल के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर डीके सुनील ने कहा कि डिलीवरी में देरी के पीछे इंडस्ट्री को जिम्मेदार ठहराया जा रहा था, लेकिन यह देरी तकनीकी खामी की वजह से हुई है। अब इसे दूर कर लिया गया है। 97 एयरक्राफ्ट्स के नए प्रोजेक्ट से भारतीय वायुसेना को अपने मिग-21 विमानों के बेड़े को बदलने में मदद मिलेगी। भारतीय वायुसेना में 62 साल तक सर्विस देने के बाद मिग-21 लड़ाकू विमान 19 सितम्बर को रिटायर होगा।

# लखनऊः पटाखा फैक्ट्री में भीषण धमाका, दो लोगों की मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के गुडंबा थाना क्षेत्र स्थित बेहटा इलाके में रविवार सुबह को पटाखा फैक्ट्री में अचानक जोरदार विस्फोट हो गया। धमाका इतना भीषण था कि आसपास का इलाका दहल उठा और लोग घरों से निकलकर घटनास्थल की ओर भागे।

हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई है जबकि 5 लोग घायल हैं। घायलों में 2 की हालत गम्भीर हैं, जिन्हें उपचार के लिए केजीएमयू भेजा गया है। मौके पर डीएम और



■ पांच लोग घायल दो की हालत गम्भीर

पुलिस आयुक्त, एसडीआरएफ और फायर बिग्रेड मौजूद हैं। विस्फोट इतना भीषण था कि पटाखा की दीवारें उड़ गईं हैं। साथ ही फैक्ट्री के नजदीक का एक घर उड़ गया। बताया जा रहा है कि इसमें कई लोग दबकर घायल हो गए हैं। धमाके की आवाज दूर-दूर तक सुनाई दी। शुरुआती जांच में पुलिस ने इसे अवैध पटाखा फैक्ट्री में बारूद का विस्फोट बताया है। हालांकि, अभी सिलेंडर फटने की भी आशंका जताई जा रही है। पटाखा व्यवसाई आलम, उसकी पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई। घटना में घायल 5 में से 3 लोगों को सिविल अस्पताल भेजा गया है। जबकि दो का इलाज केजीएमयू में चल रहा है। डीएम विशाख जी ने बताया कि 2 लोगों की मौत हुई है।

## 697 करोड़ से जुड़े घोटाले में अमित अग्रवाल गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रविवार को कहा कि उन्होंने देश से 696.69 करोड़ रुपये की अवैध हेराफेरी से जुड़े धन शोधन के एक बड़े मामले में कथित प्रमुख संचालक अमित अग्रवाल को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को पीएमएलए अदालत के सामने पेश किया गया, जहां उसे सात दिन के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया गया। यह गिरफ्तारी धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत चल रही जांच से जुड़ी है। ईडी की पीएमएलए जांच दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) द्वारा दर्ज एक एफआईआर के आधार पर शुरू हुई है। एफआईआर में किंजल फ्रेट फॉरवर्डिंग (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड और उसके सहयोगियों पर भारतीय दंड संहिता 1860 के तहत धोखाधड़ी, जालसाजी और आपराधिक षड्यंत्र समेत गंभीर अपराधों के आरोप लगाए गए हैं।

## वाटर प्यूरिफायर, फिल्टर को 5 % के स्लैब में लाया जाए

**नई दिल्ली।** वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की बैठक से पहले वाटर प्यूरिफायर, फिल्टर और इनसे संबंधित सेवाओं को पांच प्रतिशत के स्लैब में लाने की मांग की गई है। वाटर प्यूरिफायर और फिल्टर बनाने वाली कंपनियों, इनके डीलरों और कलपुर्जों की आपूर्ति करने वाली कंपनियों के अलाभकारी संगठन वाटर क्वालिटी इंडिया एसोसिएशन ने इस संबंध में केंद्रीय राजस्व सचिव को एक पत्र लिखा है। इसमें कहा गया है कि स्वच्छ पेय जल तक पहुंच एक मूलभूत आवश्यकता है।

## एजुकेट गर्ल्स बनी 2025 रेमन मैग्सेसे अवॉर्ड पाने वाली पहली भारतीय संस्था

**नई दिल्ली।** भारत की प्रमुख सामाजिक संस्था एजुकेट गर्ल्स को 2025 का रेमन मैग्सेसे अवॉर्ड से सम्मानित किया गया हैं। एशिया का यह सर्वोच्च सम्मान पहली बार किसी भारतीय संस्था को मिला है। यह पुरस्कार एजुकेट गर्ल्स को बालिकाओं एवं युवतियों की शिक्षा के समाज की अतार्किक सांस्कृतिक धारणाओं को चुनौती देने, उन्हें निरक्षरता से मुक्त करने और उन्हें कौशल, हिम्मत और आत्मनिर्भरता देने के लिए दिया गया है।

# बदली तस्वीर भारत संग चीन और रूस आए एक मंच पर

**एससीओ के नेताओं का हुआ ग्रुप फोटो सेशन**

**तियानजिन में नेपाल के प्रधानमंत्री केपी ओली से मिले पीएम मोदी**

नई दिल्ली/बीजिंग, वार्ता

**भारत और** अमेरिका के बीच टैरिफ को लेकर उपजे तनाव के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चीन दौरे पर हैं। जापान की सफल यात्रा के बाद चीन के तियानजिन पहुंचे पीएम मोदी ने और राष्ट्रपति शी जिनपिंग बैठक पर पूरी दुनिया की निगाहें रहीं। पीएम मोदी सात साल के बाद चीन दौरे पर पहुंचे हैं। उन्होंने चीनी राष्ट्राध्यक्ष जिनपिंग के साथ दोनों देशों के द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की।

इसके साथ ही पीएम मोदी शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन (31 अगस्त और एक सितम्बर) में भी हिस्सा लेंगे। चीन के तियानजिन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के आधिकारिक स्वागत समारोह में राष्ट्राध्यक्ष/शासनाध्यक्ष पहुंचे। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अन्य विश्व नेता ग्रुप फोटो सेशन में शामिल हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि तियानजिन में नेपाल के प्रधानमंत्री केपी ओली से मिलकर प्रसन्नता हुई। नेपाल के साथ भारत के संबंध गहरे और बहुत विशेष हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि तियानजिन में एससीओ शिखर सम्मेलन के दौरान मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू से बातचीत की। मालदीव के साथ भारत का विकासात्मक सहयोग हमारे लोगों के लिए बहुत फायदेमंद है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस दौरान मिस्र के प्रधानमंत्री से भी मुलाकात की है। इसे लेकर उन्होंने एक्स पर लिखा कि एससीओ शिखर सम्मेलन में मिस्र के प्रधानमंत्री मुस्तफा मदबौली से मुलाकात की। कुछ साल पहले की अपनी मिस्र यात्रा को याद किया। भारत-मिस्र मित्रता प्रगति की नई ऊंचाइयों को छू रही है।



## टैरिफ वॉर के बीच मोदी बोले- एक ही मंत्र 'वोकल फॉर लोकल'

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को लगातार बारिश के कारण हुए भूस्खलन और बाढ़ से हुई तबाही पर दुख और पीड़ा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदाएं देश की परीक्षा ले रही हैं। अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 125वें एपिसोड में उन्होंने अमेरिका की ओर से लगाए गए टैरिफ को लेकर देशवासियों से वोकल फॉर लोकल की अपनी अपील दोहराई। उन्होंने टैरिफ का जिक्र किए बिना इशारों-इशारों में देशवासियों से इसके खिलाफ लड़ाई में आत्मनिर्भरता को हथियार बनाने का आह्वान किया। पीएम मोदी ने कहा कि इस समय देश-भर में गणेश उत्सव की धूम है। आने वाले दिनों में बहुत सारे त्योहारों की रौनक होगी। इन त्योहारों में आपको स्वदेशी की बात कभी भी भूलनी नहीं है। उपहार वही जो भारत में बना हो, पहनावा वही जो भारत में बुना हो, सजावट वही जो भारत में बने सामान से हो, रोशनी वही जो भारत में बनी झालरों से हो।

## मोदी ने आतंकवाद के खिलाफ चीन का मांगा साथ

**बीजिंग।** सात साल बाद चीन पहुंचे पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। दोनों के बीच 50 मिनट बातचीत हुई। इसमें मोदी ने आतंकवाद का मुद्दा उठाया।

रिपोर्ट्स के मुताबिक मोदी ने आतंकवाद को वैश्विक मुद्दा बताया और इसके खिलाफ लड़ाई में साथ देने की मांग की। मोदी ने ये भी कहा कि भारत और चीन के बीच सहयोग से 2.8 अरब लोगों को फायदा होगा और यह पूरी मानवता के कल्याण का रास्ता खोलेगा। इसके साथ ही उन्होंने जिनपिंग को भारत में आयोजित ब्रिक्स 2026 में आने के लिए न्योता दिया। वहीं, मीटिंग में जिनपिंग ने कहा कि पीएम मोदी से मिलकर खुशी हुई। ड्रैगन (चीन) और हाथी (भारत) को साथ आना चाहिए। मोदी शनिवार शाम 2 दिन के जापान दौरे के बाद चीन पहुंचे थे। जून 2020 में हुई गलवान झड़प के

■ चीनी राष्ट्रपति को भारत आने का दिया न्योता

■ ड्रैगन (चीन) और हाथी (भारत) को साथ आना चाहिए: जिनपिंग

बाद भारत-चीन के संबंध खराब हो गए थे। इस यात्रा का मकसद दोनों देशों के बीच सीमा विवाद को कम करना भी है। मोदी तियानजिन शहर में होने वाले एससीओ की मीटिंग में हिस्सा लेंगे। इस बार चीन में इतिहास के सबसे बड़े एससीओ समिट का आयोजन हो रहा है। इसमें 20 से ज्यादा देश शामिल हो रहे हैं। मोदी और पुतिन के साथ-साथ सेंट्रल एशिया, मिडिल ईस्ट, साउथ एशिया और साउथ-ईस्ट एशिया के नेता भी इस समिट में शामिल होंगे।

# उत्तराखंडः पावर प्रोजेक्ट टनल में फंसे 19 कर्मचारियों का रेस्क्यू

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली/देहरादून।** उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में धौलीगंगा पावर प्रोजेक्ट के टनल में फंसे 19 कर्मचारियों को रविवार को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। शनिवार को लैंडस्लाइड के चलते टनल का रास्ता बंद हो गया था।

बताया जा रहा है कि शनिवार शाम को ऐलागाड़ में पहाड़ी दरक गई थी। इससे भारी मात्रा में मलबा और बोल्डर एनएचपीसी की टनल के मुहाने पर जमा हो गए थे। इससे टनल में काम कर रहे 19 कर्मचारी फंस गए थे। इनमें से आठ कार्मिकों को सुरक्षित निकाल लिया गया था। धारचूला के उपजिलाधिकारी जितेंद्र वर्मा ने बताया कि धौलीगंगा पावर हाउस को कोई बड़ी क्षति नहीं हुई है। टनल के मुख्य द्वार पर बार- बार आ रहे मलबे को सड़क सुरक्षा संगठन के माध्यम से लगातार हटाया गया। मौके पर पर्याप्त मशीनरी और सीआईएसएफ, एनडीआरएफ की टीम तैनात हैं। उधर पंजाब के आठ जिलों के 1018 गांवों में बाढ़ की स्थिति है। बाढ़-बारिश में अब तक 8 लोगों की मौत हो गई है। 3 लोग लापता हैं। 11 हजार से ज्यादा लोगों को सुरक्षित जगह शिफ्ट किया गया है। पंजाब में मानसा के जवाहरके गांव में बारिश के कारण ईंट भट्ठे के गोदाम की दीवार गिर गई।

■ सितम्बर में उत्तराखंड में लैंडस्लाइड और बाढ़ का खतरा बना हुआ

■ राजस्थान में किले की दीवार ढही, पंजाब में दीवार गिरने से शख्स दबा, मौत

## अगस्त में उत्तर-पश्चिम भारत में बारिश 2001 के बाद सबसे अधिक

**नई दिल्ली।** पहाड़ी राज्यों उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में हो रही बारिश से जहां भूस्खलन और पहाड़ दरकने की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। वहीं, मैदानी राज्यों पंजाब, राजस्थान, यूपी समेत कई राज्यों में भी बारिश के कारण आई बाढ़ से जनजीवन अस्त-व्यस्त है। इस बीच, मौसम विभाग ने लगातार हो रही बारिश और आने वाले दिनों में मौसम को लेकर भविष्यवाणी की है। आईएमडी ने बताया कि पंजाब, राजस्थान, यूपी समेत सात राज्यों में 2 सितम्बर तक भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।

# मेरठ में जर्जर मकान की छत गिरी, आठ घायल, एक गंभीर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मेरठ।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र की पुलिस लाइन में रविवार रात बड़ा हादसा हो गया। यहां एक मकान की जर्जर छत अचानक भरभराकर गिर गई।

हादसे में आठ लोग घायल हो गए, इनमें तीन बच्चे शामिल हैं, वहीं एक ही हालत गंभीर बताई जा रही है, सभी को अस्पताल में उपचार के लिए भेज दिया गया है। राहत कार्य जारी है फिलहाल मलबा हटाने का काम किया जा रहा है। मकान काफी पुराने निर्माण का था और इसकी छत जर्जर हालत में थी। पुलिस लाइन गेट नंबर तीन के पास यह घटना हुई है। मकान धोबी का बताया जा रहा है। इसमें 8 लोगों के घायल होने की सूचना है। जिसमें 2 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों को इलाज के लिए सुशीला जसवंत राय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस लाइन गेट नंबर पांच के पास डी ब्लॉक में फोर्थ क्लास कर्मचारी ओमकार का मकान है। ओमकार पुलिस के सरकारी टेलर हैं वह अपने मकान में अपने परिवार के साथ मौजूद थे। तभी मकान की छत गिर गई। मलब में परिवार के 8 लोग दब गए। जिन्हें पुलिस कर्मियों ने बाहर निकाला।

■ मेरठ के सिविल लाइन थाना क्षेत्र की पुलिस लाइन में रविवार रात बड़ा हादसा, राहत कार्य जारी

# वाहन सार्वजनिक स्थान का उपयोग नहीं कर रहा, तो टैक्स न लगे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि यदि कोई वाहन सार्वजनिक स्थान पर उपयोग में नहीं आता है, तो उसके मालिक पर उस अवधि के लिए मोटर वाहन कर का बोझ नहीं डाला जाना चाहिए। पीठ ने आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के दिसम्बर 2024 के फैसले को चुनौती देने वाली एक अपील पर अपना फैसला सुनाया।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मोटर वाहन कर प्रतिपूरक प्रकृति का होता है। मोटर वाहन कर लगाने का औचित्य यह है कि जो व्यक्ति सार्वजनिक बुनियादी ढांचे, जैसे सड़क, राजमार्ग आदि का इस्तेमाल करता है, तो उसे इसका भुगतान करना होगा। शीर्ष न्यायालय ने अपने फैसले में कहा कि अगर किसी मोटर वाहन का उपयोग सार्वजनिक स्थान पर नहीं किया जाता है, तो संबंधित व्यक्ति सार्वजनिक बुनियादी ढांचे का लाभ नहीं ले रहा है। इसलिए उस पर ऐसी अवधि के लिए मोटर वाहन कर का बोझ नहीं डाला जाना चाहिए। आंध्र प्रदेश मोटर वाहन कराधान अधिनियम, 1963 की धारा 3 के तहत कर लगाने का प्रावधान है और यह राज्य सरकार को मोटर वाहनों पर कर लगाने का अधिकार देती है। पीठ ने 1985 से रसद सहायता देने के व्यवसाय में लगी एक फर्म द्वारा दायर अपील पर अपना फैसला सुनाया। पीठ ने कहा कि फर्म को नवंबर 2020 में राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड की एक कार्पोरेट इकाई, विशाखापत्तनम स्टील प्लांट, आंध्र प्रदेश के केंद्रीय डिस्पैच यार्ड में लौह और इस्पात सामग्री के संचालन और भंडारण के लिए एक अनुबंध दिया गया था।

■ वाहन मालिक पर इस अवधि के लिए मोटरवाहन कर का बोझ नहीं डालना चाहिए



## फर्जी दलों पर सख्ती के लिए कोर्ट में याचिका दायर, ईसी को नियम बनाने के लिए निर्देश देने की मांग

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली में सुप्रीम कोर्ट में एक अहम याचिका दायर की गई है, जिसमें चुनाव आयोग को राजनीतिक दलों के पंजीकरण और नियमन के लिए ठोस नियम बनाने का निर्देश देने की मांग की गई है।

याचिका में कहा गया है कि देश में फर्जी और बेनामी राजनीतिक दल लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा पैदा कर रहे हैं। ये दल न सिर्फ अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों को अपने पदाधिकारी बना रहे हैं, बल्कि भारी चंदा लेकर अपराधियों को संगठन में जगह दे रहे हैं। इससे लोकतांत्रिक व्यवस्था और पारदर्शिता पर सीधा हमला हो रहा है। याचिका में दावा किया गया है कि कई ऐसे दल अस्तित्व में आ गए हैं, जिन्होंने अपहरणकर्ताओं, ड्रग्स तस्करों, मनी लॉन्ड्रिंग करने वालों और कुख्यात अपराधियों को राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय पदाधिकारी बना दिया है। इन दलों ने बड़ी धनराशि लेकर अपराधियों को संरक्षण दिया और उन्हें राजनीतिक वैधता प्रदान की। याचिका में यह भी आरोप है कि अलगाववादी समूहों ने भी राजनीतिक दल बनाकर चंदा इकट्ठा करने का रास्ता अपना लिया है और कई नेताओं को पुलिस सुरक्षा तक मिल चुकी है। याचिका में हाल ही में मीडिया में आई एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा गया कि आयकर विभाग ने एक फर्जी राजनीतिक दल पकड़ा, जो कालेधन को सफेद करने का काम कर रहा था।

## संक्षिप्त समाचार

### नरेन्द्र प्रताप सिंह शामली के एसपी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने राज्य में एक बार फिर 8 आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया है। शामली, श्रावस्ती और कानपुर देहात के पुलिस हटाए गए हैं। सरकार की ओर से जारी आदेश के अनुसार श्रद्धा नरेंद्र पांडे एसपी कानपुर देहात, राहुल भाटी श्रावस्ती और नरेंद्र प्रताप सिंह शामली के एसपी बनाए गए हैं, जबकि प्रवीण रंजन सिंह को नोएडा में डीसीपी बनाया गया है। शामली के पुलिस अधीक्षक राम सेवक गौतम को पीटीसी मुरादाबाद भेजा गया है, जबकि कानपुर देहात के पुलिस अधीक्षक अरविंद मिश्रा को पुलिस अधीक्षक ईओडब्ल्यू लखनऊ बनाया गया है।

### एके-47 राइफलों के साथ दो गिरफ्तार

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में पुलिस ने दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एके-47 राइफलें बरामद की हैं। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी अभियान में जलकियां मंडी निवासी तारिक अहमद शेख और चैंबर निवासी रियाज अहमद नामक दो संदिग्धों को असॉल्ट राइफलों के साथ गिरफ्तार किया गया है।

### पांच करोड़ कीमत का सोना जब्त किया

**गुवाहाटी।** पश्चिम बंगालं के कूचबिहार जिले में सीमा सुरक्षा बल ने शनिवार को एक विशेष अभियान के दौरान पांच करोड़ रुपए के 43 सोने के बिस्कुट जब्त किए। गुवाहाटी फ्रंटियर के अंतर्गत बीएसएफ की 138वीं बटालियन के सतर्क जवानों द्वारा भारत-बांग्लादेश अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर चलाए गए इस अभियान की योजना उसे अंजाम दिया गया।

# बिहार में अकेले चुनाव लड़ेगी बसपा: मायावती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**




■ वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ बैठक करने के बाद आने वाले दिनों में अंतिम रूप दिया जाएगा

**लखनऊ।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी अकेले दम पर चुनाव लड़ेगी।

उन्होंने कहा कि बिहार चुनाव को लेकर पिछले दो दिन तक चली समीक्षा बैठक में उम्मीदवारों के चयन सहित पार्टी के हर स्तर की तैयारियों को लेकर वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ बैठक करने के बाद आने वाले दिनों में पार्टी के विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया जाएगा। इसकी जानकारी सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर देते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने यह ऐलान किया। मायावती ने कहा कि बैठक में पार्टी पदाधिकारियों को कमियों को दूर करके पूरी मुस्तैदी व तन, मन, धन से आगे बढ़ने का निर्देश दिया गया है। साथ ही उन्हें अगले महीने के प्रारंभ से शुरू होने वाले पार्टी की यात्रा व जनसभा आदि कार्यक्रमों के सम्बंध में विशेष जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। मायावती ने कहा कि सभी कार्यक्रम उनके दिशा निर्देशन में होने के साथ ही इसकी जिम्मेदारी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनन्द व केन्द्रीय कोआर्डिनेटर व राज्यसभा सांसद रामजी गौतम तथा बीएसपी बिहार स्टेट यूनिट को सौंपी गई है। उन्होंने कहा कि बिहार एक बड़ा राज्य है और इसीलिए वहां की ताज़ा ज़रूरतों को देखते हुए राज्य की सभी विधानसभा सीटों को तीन ज़ोन में बांट कर पार्टी के वरिष्ठ लोगों को अलग-अलग से उसकी जिम्मेदारी सौंपने का फैसला भी बैठक में लिया गया।

मायावती ने कहा कि बिहार में पार्टी की अपनी तैयारी के साथ-साथ वहां राज्य के तेज़ी से बदलते हुए राजनीतिक हालात एवं चुनावी समीकरण आदि को देखते हुए पार्टी द्वारा चुनाव में बेहतर रिज़ल्ट लाने का आश्वासन पार्टी के लोगों ने दिया है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले उड़ीसा और तेलंगाना राज्य में भी पार्टी संगठन की तैयारियों व वहां भी यूपी के पैटर्न पर जिला से लेकर पो. लिंग बूथ स्तर तक कमेटियों के गठन को लेकर चर्चा की गई। इसके साथ-साथ पार्टी के जनाधार को बढ़ाने के मिशनरी कार्यों के लिए दिए गए टारगेट की भी समीक्षा पार्टी प्रमुख द्वारा की गई है।

# घुमंतू जातियों के विकास को प्रतिबद्ध: योगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ इन जातियों को मुख्यधारा में लाने लिए बोर्ड का गठन करेंगे: मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में आयोजित विमुक्त जाति दिवस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सरकार घुमंतू जातियों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने इस मौके पर ऐलान किया कि सरकार इन जातियों को मुख्यधारा में लाने लिए बोर्ड का गठन करेगी। विमुक्त व घुमंतू जातियों के कल्याणार्थ लखनऊ में आयोजित 'विमुक्त जाति दिवस' समारोह में बोल रहे थे। योगी ने कहा कि योद्धा जातियों को क्रिमिनल ट्राइब बनाया।

1952 में क्रिमिनल ट्राइब से मुक्ति मिली। मुगलों, अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ी। विमुक्त जातियों के लिए लगातार काम बिना भेदभाव के योजनाओं का लाभ मिल रहा। घुमंतू जातियों के लिए बोर्ड बनाने की जरूरत है। योगी ने कहा कि पहले की सरकारों के पास फुर्सत नहीं थी कि 'वनटांगिया' के लिए कुछ कर सकें, हमारी सरकार ने उन्हें राजस्व गांव का दर्जा दिया। जो जातियां सुविधाओं से वंचित रह गई हैं, उनके लिए जमीन के पटे मिलें। उनके लिए मकान की सुविधा हो। घुमंतू जाति के लोगों के लिए कालोनी बनाएंगे। सभी प्रकार की सुविधाओं का लाभ इन्हें दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि 9 जनपदों में जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय संचालित हो रहे हैं, दो आवासीय आश्रम पद्धति विद्यालय प्रारंभ हो चुके हैं, जबकि 101 आवासीय विद्यालय पहले से चल रहे हैं।

### कैबिनेट मंत्री संजय निषाद ने की सीएम से मुलाकात

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री और निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय निषाद ने रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। यह मुलाकात कई मायनों में महत्वपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि संजय निषाद ने हाल ही में गठबंधन को लेकर काफी तीखा बयान दिया था। हालांकि अभी इस मुलाकात का पूरा ब्योरा नहीं मिल पाया है कि दोनों नेताओं के बीच किस मुद्दे को लेकर बातचीत हुई, लेकिन इस सियासी मुलाकात से लखनऊ में सियासी हलचल तेज हो गई है। दरअसल निषाद पार्टी प्रमुखं और उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री संजय निषाद ने भाजपा को चुनौती देते हुए कहा था कि अगर उसे लगता है कि सहयोगी दलों ने कोई लाभ नहीं पहुंचाया है, तो वह गठबंधन तोड़ दे।

## मन की बात रेडियो प्रसारण में प्रधानमंत्री मोदी ने की घोषणा

# मेरिट में न आने वालों के लिए नया पोर्टल

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ यूपीएससी प्रतिभा सेतु से मिलेगा ऐसे युवाओं को रोजगार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अपने 'मन की बात' रेडियो प्रसारण में 'यूपीएससी प्रतिभा सेतु' का जिक्र किया। यह एक पोर्टल है, जिसे संघ लोक सेवा आयोग की विभिन्न परीक्षाओं में विभिन्न चरणों को पार करने, लेकिन मेरिट लिस्ट में स्थान नहीं बना पाने वाले प्रतिभाशाली युवाओं को रोजगार प्रदान करने के लिए विशेष तौर पर बनाया गया है। इसका संच. ालन संघ लोक सेवा आयोग, नई दिल्ली करता है।

यूपीएससी प्रतिभा सेतु एक नया डिजिटल प्लेटफॉर्म है। यह पहल विभिन्न नियोक्ताओं जैसे विभिन्न मंत्रालयों, लोक उपक्रमों, स्वायत्त निकायों और निजी संगठनों को ऐसे योग्य उम्मीदवारों तक पहुंचने का मौका देती है जिन्हें यूपीएससपी परीक्षा की मेरिट लिस्ट में स्थान बनाने का अवसर नहीं मिल सका। इसका आशय यह है कि ऐसे उम्मीदवार जिन्होंने यूपीएससी की विभिन्न परीक्षाओं के सभी चरणों को तो पास कर लिया, लेकिन अंतिम मेरिट सूची में जगह नहीं बना पाए।

ऐसे उम्मीदवारों को यह प्रतिभा सेतु पोर्टल एक मौका देता है। यह प्लेटफ़ॉर्म ऐसे योग्य उम्मीदवारों को संभावित नियोक्ताओं से जुड़ने का अवसर मुहैया कराता है, जिससे उनके करियर में नई संभावनाएं खुल सकें। यूपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा, भारतीय वन सेवा परीक्षा, इंजीनियरिंग सेवाएं, सीडीएस, सीएपीएफ जैसी परीक्षाओं के 10,000 से अधिक योग्य लेकिन गैर-चयनित उम्मीदवार इस पोर्टल पर रोजगार पाने के पात्र इसमें एनडीए और कुछ एलडीसीई परीक्षाएं शामिल नहीं हैं। इस पोर्टल पर विभिन्न परीक्षाओं में अंतिम चरणों तक पहुंच चुके दस हजार से अधिक होनहार युवाओं का डाटा बैंक है और कोई भी पंजीकृत सरकारी निकाय और सत्यापित निजी कंपनियां (कॉर्पोरेट पहचान संख्या के माध्यम से) इस प्रतिभा सेतु पोर्टल के जरिए उम्मीदवारों के बायोडेटा तक पहुंच सकती हैं।यह पोर्टल योग्य उम्मीदवारों और नियोक्ताओं के बीच सेतु का काम करता है।

### एक सुरक्षा गार्ड का शहीदों के प्रति प्रेम हमें गौरवान्वित करता है

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि शहीदों के प्रति एक सुरक्षा गार्ड का प्रेम गौरवान्वित करता है। श्री मोदी ने आकांशवाणी पर प्रसारित मासिक 'मन की बात' कार्यक्रम में कहा कि गुजरात के सूरत में रहने वाले सुरक्षा गार्ड जितेन्द्र सिंह राठौड़ ने एक ऐसी अद्भुत पहल की है, जो हर देशभक्त के लिए बहुत प्रेरणादायक है। राठौड़ पिछले कुछ वर्षों से उन सभी जवानों के बारे में जानकारियां जुटा रहे हैं, जिन्होंने देश की रक्षा में अपने प्राण न्यौछावर किए हैं। उनके पास आज विश्व युद्ध से लेकर अब तक शहीद हुए हजारों वीर जवानों के बारे में जानकारियां मौजूद हैं। उनके पास शहीदों की हजारों तस्वीरें भी हैं। प्रधानमंत्री ने बताया कि राठौड़ को एक शहीद के पिता ने जो कहा था वो बातें उसके दिल को छू गईं। शहीद के पिता ने कहा था, बेटा गया तो क्या हुआ, वतन तो सलामत है ना।

# भाजपा के लोग बस देश का क्षेत्रफल बता दें: अखिलेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ सरकार आने के बाद उतनी ही है या चीनी कब्जे के बाद घट गई: सपा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चीन दौरे को लेकर रविवार को निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि भाजपाई बस देश का क्षेत्रफल बता दें मतलब ये बता दें कि भाजपा सरकार के आने के समय देश की कुल भूमि जितनी थी, अब भी उतनी ही है या अब चीनी कब्जे के बाद घट गई है। यादव ने अपने सोशल अकाउंट फेसबुक पर अपना बयान पोस्ट कर ए सवाल उठाए हैं। अखिलेश ने लिखा है कि ये है तथाकथित आत्मनिर्भर, स्वदेशी और चीनी सामान के बहिष्कार के भाजपाई जुमलों का चिंता. जनक सच! अपने बयान में उन्होंने कहा है कि चीन से आन. वाले सामानों पर जिस तरह भारत की निर्भरता बढ़ती जा रही है, उसका बुरा असर हमारे उद्योगों, कारखानों और दुकानों के लगातार घटते जा रहे काम-कारोबार पर पड़ा है। इससे बेरा. जगारी भी बेतहाशा बढ़ रही है।

अखिलेश यादव ने अपने पोस्ट में लिखा है कि भाजपा चीनी चाल की क्रोनोलॉजी समझे।



सेंसेक्स 79809.65
निफ्टी 24426.85



सोना रु. 99358
प्रति 10 ग्रा. 24 कैरेट

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 113906
प्रति किलो



# बाजार पर दिखेगा जीडीपी के आंकड़ों का असर

**मुंबई, वार्ता**



बीते सप्ताह रही बड़ी गिरावट के बाद आने वाले सप्ताह में शेयर बाजारों में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के उत्साहजनक आंकड़ों का असर दिख सकता है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा 29 अगस्त को जारी आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में विकास दर 7.8 प्रतिशत रही। ये आंकड़े बाजार खुलने के बाद जारी किए गए थे, इसलिए इनका असर सोमवार को ही दिखेगा। साथ ही तेजी से बदलते वैश्विक कारक भी निवेश धारणा को प्रभावित कर सकते हैं।

पिछले सप्ताह बाजार में बुधवार को गणेश चतुर्थी की छुट्टी के कारण चार दिन ही कारोबार हुआ। इसमें अंतिम तीन दिन बाजार में बिकवाली देखी गई। बीएसई का सेंसेक्स 1,497.20 अंक यानी 1.84 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट के साथ शुक्रवार को इस साल 09 मई के बाद के निचले स्तर 79,809.65 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 443.25 अंक (1.78 फीसदी) टूटकर 24,426.85 अंक पर आ गया, जो इसका 08 अगस्त के बाद का निचला स्तर है। मझौली और छोटी कंपनियों में बिकवाली और ज्यादा देखने को मिली। निफ्टी मिडकैप 50 सूचकांक 3.63 प्रतिशत और निफ्टी स्मॉलकैप.100 सूचकांक 3.86 प्रतिशत टूट गया। बीते सप्ताह सेंसेक्स की 30 में से 22 कंपनियों के शेयर लुढ़क गए, जबकि आठ के शेयर हरे निशान में रहे। महिंद्रा एंड महिंद्रा में सबसे अधिक 6.01 प्रतिशत की गिरावट रही। रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर 3.71 प्रतिशत और एचडीएफसी बैंक का 3.15 प्रतिशत टूटा। सनफार्मा में 2.97 फीसदी, पावर ग्रिड में 2.82, एनटीपीसी में 2.80, बजाज फिनसर्व में 2.69, आईसीआई सीआई बैंक में 2.66 और टाटा स्टील में 2.59 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट रही। एक्सिस बैंक का शेयर 2.32 फीसदी, भारती एयरटेल का 2.26, ट्रेंट का 2.02 और अडानी पोर्ट्स का 2.00 प्रतिशत नीचे बंद हुआ। बजाज फाइनेंस, भारतीय स्टेट बैंक, टाटा मोटर्स, टेक महिंद्रा, बीईएल, इटरनल, एक्सिस बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक और इंफोसिस के शेयर भी एक प्रतिशत से अधिक टूट गए। इलेक्ट्रिक वाहन सेगमेंट में कदम रखने के बाद मारुति सुजुकी में सबसे अधिक 3.06 प्रतिशत की साप्ताहिक तेजी रही। आईटीसी का शेयर 2.87 प्रतिशत, हिंदुस्तान यूनिलिवर का 1.18 प्रतिशत और टीसीएस का 1.01 प्रतिशत चढ़ा। एशियन पेंट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाइटन और एलएंडटी के शेयर भी बढ़त में रहे।

### एक सप्ताह में रुपया 0.65 प्रतिशत टूटा, ऐतिहासिक निचले स्तर पर

**मुंबई।** विदेशी संस्थागत निवेशकों की भारतीय पूंजी बाजार में बिकवाली और घरेलू शेयर बाजारों में रही गिरावट के दबाव में रुपया बीते सप्ताह 56. 50 पैसे (0.65 प्रतिशत लुढ़ककर) शुक्रवार को अंतिम कारोबारी दिवस पर 88.09 रुपए प्रति डॉलर पर बंद हुआ। भारतीय मुद्रा पहली बार 88 रुपए प्रति डॉलर से नीचे बंद हुई है। इससे पहले इसका निचला स्तर 87.88 रुपए प्रति डॉलर था। विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी बाजार में भारी बिकवाली से डॉलर की मांग बढ़ी है, जिससे रुपया दबाव में आ गया।

# गेहूं मजबूत, चावल नरम, खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव, चीनी और दालें सस्ती

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव गिर गए जबकि गेहूं में तेजी रही। चीनी और दालों में भी गिरावट देखी गई। वहीं, खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा।

घरेलू थोक बाजारों में सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत तीन रुपए कम होकर सप्ताहांत पर 3,827.63 रुपए प्रति क्विंटल पर रही। वहीं, गेहूं करीब 14 रुपए महंगा होकर 2,855.55 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत चार रुपए बढ़ी और यह 3,310.84 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा। सरसों तेल की औसत कीमत आठ रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। मूंगफली तेल में करीब 53 रुपए और वनस्पति में आठ रुपए प्रति क्विंटल की साप्ताहिक तेजी रही। सोयाबीन तेल 19 रुपये और सूरजमखी तेल 41 रुपए महंगा हुआ। वहीं,पाम ऑयल 11 रुपए प्रति क्विंटल टूट गया। बीते सप्ताह दाल-दलहनों में नरमी रही। चना दाल औसतन करीब तीन रुपए प्रति क्विंटल गिर गई। उड़द दाल में 12 रुपए और दाल मूंग में 24 रुपए प्रति क्विंटल की नरमी देखी गई। तुअर दाल भी करीब 49 रुपए उतर गई, जबकि मसूर दाल की कीमत कमोबेश स्थिर रही। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में पिछले कुछ समय से जारी तेजी पर ब्रेक लग गया। गुड़ के औसत भाव 19 रुपए प्रति क्विंटल और चीनी के चार रुपए प्रति क्विंटल टूट गए। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे: दाल-दलहन : दाल चना 7961.07 रुपए, मसूर काली 8109.48 रुपए, मूंग दाल 10103.51 रुपए, उड़द दाल 10434.10 रुपए, अरहर दाल 10672.95 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2855.55 रुपए और चावल 3827.63 रुपए प्रति क्विंटल।




# लखनऊ विवि के 68वें दीक्षांत समारोह के लिए हुई पदकों की घोषणा

**लखनऊ, वार्ता**

लखनऊ विश्वविद्यालय में 10 सितंबर को होने वाले 68वें दीक्षांत समारोह के लिए पदक सूची की घोषणा कर दी गई है। प्रदान किए जाने वाले कुल 198 पदकों में से 153 (77 प्रतिशत) लड़कियों ने हासिल किए हैं।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय कुल 1.26 लाख डिग्रियां प्रदान करेगा, जिनमें 1.1 लाख स्नातक, 15,200 स्नातकोत्तर, 242 डिप्लोमा और दो प्रमाणपत्र डिग्रियां शामिल हैं। लखनऊ विश्वविद्यालय में कुल 26 छात्रों ने एक से अधिक पदक प्राप्त किए, जिनमें 5 पुरुष और 21 छात्राओं ने यह उपलब्धि हासिल की। प्राचीन भारतीय इतिहास और पुरातत्व में एमए की छात्रा श्रद्धा यादव ने सबसे शानदार प्रदर्शन करते हुए नौ पदक जीते हैं। श्रद्धा ने कहा कि यह स्वर्ण पदक सिर्फ़ मेरी उपलब्धि नहीं है - यह अनगि. नत लोगों से मिले निरंतर प्यार, समर्थन और मार्गदर्शन का परिणाम है। मैं यह सफलता अपने माता-पिता को समर्पित करती हूं, जिनके त्याग और प्रोत्साहन ने मेरी सबसे मज़बूत नींव रखी है। मैं अपने वरिष्ठों का भी आभार व्यक्त करती हूं, जिनके मार्गदर्शन और अनुभवों ने मेरे लिए रास्ता बनाया। रायबरेली के कमला नेहरू कॉलेज की एमए भूगोल की छात्रा चित्रा साहू ने आठ पदक जीतकर दूसरे सबसे ज्यादा पदक हासिल किए। इस बीच, लखनऊ के सिटी कॉलेज के रवि चंद ने तीसरे सबसे ज़ड़ादा व्यक्तिगत पदक जीते। चित्रा ने कहा कि मुझे यकीन नहीं हो रहा कि लखनऊ विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर और राजधानी के अन्य कॉलेजों के छात्रों के साथ प्रतिस्पर्धा करते हुए मैंने सर्वोच्च अंक प्राप्त किए। ए पदक मुझे और अधिक मेहनत करने और नेट जेआरएफ पास करके एक दिन प्रोफ़ेसर बनने की प्रेरणा देते हैं। एलयू के अधिकारियों ने छात्रों की इन पदकों की जीत का श्रेय उनके संबंधित विभागों में उनके असाधारण शैक्षणिक प्रदर्शन को दिया। इन विभागों में विभिन्न श्रेणियों में शीर्ष छात्रों के लिए विभिन्न पदक होते हैं, जैसे विभाग के टॉपर, विशिष्ट सेमेस्टर, पेपर या संकायों में उच्च अंक प्राप्त करने वाले। रायबरेली, हरदोई और सीतापुर के संबद्ध कॉलेजों के छात्रों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
खून की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर सिरोसिस आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# महिला की करंट लगने से मौत

## घास काटते समय हुआ हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** पशुओं का चारा काटने के लिए घर में लगी हुई घास मशीन में अचानक से आए करंट की चपेट में आ जाने से घास काट रही एक महिला की मौके पर ही मौत हो गयी। इस घटना को लेकर परिजनों में जबरदस्त चीख पुकार मच गयी। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव अटाली निवासी लगभग 50 वर्षीया उपदेश देवी पत्नि राकेश कुमार आज रविवार की दोपहर अपने घर में लगी हुई घास मशीन में पशुओं के लिए घास काट रही थी कि अचानक से एक विद्युत तार उसके उपर आ गिरा। जिसमें विद्युत करंट की चपेट में आकर उपदेश ने मौके पर ही दम तोड दिया।

घर पर मौजूद अन्य सदस्यों ने जब इस घटना को अपनी आंखों से देखा तो चीख पुकार मच गयी और मौके पर मौहल्ले कै सैंकड़ों लोग भी जमा हो गये। परिजनों ने विद्युत लाइन बंद कर महिला को घटनास्थल से उठाकर बुढ़ाना कस्बे के एक निजी हास्पिटल में भर्ती कराया।

जहां पर चिकित्सकों ने महिला उपदेश को मृत घोषित कर दिया। रोते बिलखते परिजन महिला उपदेश के शव को घर पर ले आए और कुछ समय बाद गांव के ही शमशान घाट में सैंकड़ों ग्रामीणों की मौजूदगी में नम आंखों से अंतिम संस्कार कर दिया। इस घटना की सूचना पुलिस को नहीं दी गई। गांव में शोक व्याप्त है।

# मृतक अंकुश कश्यप के परिजनों को दी सांत्वना

**बुढ़ाना।** सर्किल बुढाना के थाना रतनपुरी क्षेत्र के गांव रियावली नंगला निवासी अंकुश कश्यप की जनपद शामली के झिंझाना थाना क्षेत्र के गांव केरटू में विगत दिवस हुई हत्या के मामले में आज रविवार के दिन कश्यप समाज बुढाना की खाप के चौधरी डाक्टर सोनू कश्यप अपने दर्जनों समर्थकों के साथ गांव रियावली नंगला में पहुंचे और मृतक अंकुश कश्यप के परिजनों को सांत्वना दी। उसके बाद उन्होंने फोन पर झिंझाना थाने के एसएचओ से हत्यारों की गिरफ्तारी में किसी भी तरह की ढील नहीं बरतने की बात कही। इसके बाद उन्होंने रतनपुरी थानाध्यक्ष से भी फोन पर इस मामले में बात की तो उन्होंने मौके पर चौकी इंचार्ज को भेजा तो डाक्टर सोनू कश्यप ने चौकी इंचार्ज से मृतक के परिवार की सुरक्षा के लिए बातचीत की तो चौकी इंचार्ज ने पीड़ित परिवार की सुरक्षा का आश्वासन दिया। इस दौरान मौके पर मुख्य रुप से लोकेंद्र कश्यप, श्याम कश्यप, नानू कश्यप, ओमपाल कश्यप, लालू कश्यप, कपिल कश्यप, विकास कश्यप, कुलदीप कश्यप और अमित कश्यप सहित अन्य ग्रामीण भी मौजूद रहे। गौरतलब है कि कुछ लोगों ने बुढ़ाना सर्किल निवासी अंकुश कश्यप की विगत दिवस जनपद शामली के गांव केरटू में किसी बात को लेकर निर्मम हत्या कर दी थी।

# पीड़ित परिवार को सांत्वना देने का सिलसिला जारी

## माता वैष्णो देवी हादसा: मृतकों के परिजनों से मिले बसपा नेता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जम्मू-कश्मीर में माता वैष्णो देवी यात्रा मार्ग पर हुए भीषण भूस्खलन हादसे में मुजफ्फरनगर के कई श्रद्धालुओं की दर्दनाक मौत से पूरा जनपद शोक में डूबा हुआ है। इस हादसे ने कई परिवारों को अपूरणीय क्षति पहुंचाई है। जैसे ही गांव-गांव में मौत की खबर पहुंची, वातावरण गमगीन हो गया। लोग पीड़ित परिवारों के घर पहुंचकर ढांढस बंधाने लगे। इसी क्रम में आज बहुजन समाज पार्टी (बसपा) का एक प्रतिनिधिमंडल मृतक श्रद्धालुओं के घर पहुंचा और परिजनों से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने शोकसंतप्त परिवारों को सांत्वना देते हुए कहा कि इस त्रासदी की घड़ी में पार्टी उनके साथ खड़ी है। बसपा नेताओं ने आर्थिक मदद भी प्रदान की और आश्वासन दिया कि आगे भी हर संभव सहायता दी जाएगी। बसपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि माता वैष्णो देवी जैसे पवित्र तीर्थस्थल पर हुई यह दुर्घटना पूरे समाज के लिए दर्दनाक है। श्रद्धालुओं की अकाल मृत्यु ने जिले को गहरे शोक में डाल दिया है। उन्होंने परिजनों से धैर्य बनाए रखने की अपील की और कहा कि बसपा उनके सुख-दुख में बराबर की भागीदार रहेगी। इस मौके पर बसपा जिलाध्यक्ष पुष्पांकर पाल, कोर्डिनेटर सतीश कुमार, पूर्व मंत्री प्रेमचंद गौत्तम, तेजपाल सिंह,जिला महासचिव सत्यप्रकाश, जिला सयोंजक कुलवीर पाल, विधानसभा प्रभारी कपिल कुमार, ब्रह्मपाल लहेरिया, जिला उपाध्यक्ष निशार अहमद, जिला सचिव इंतजार राणा, बबलू कुमार, रजनीश कुमार, विधानसभा अध्यक्ष (सदर) राजकुमार, मनोज कुमार सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## आपदा पीड़ित परिवार की मदद को आगे आया अति पिछड़ा मोर्चा

**मुजफ्फरनगर।** वैष्णो देवी भूस्खलन आपदा में रामपुरी मोहल्ले के 6 लोगों की मौत से हर कोई दुखी हे वहीं पीड़ित देशराज प्रजापति के घर की हालात भी बेहद ही दयनीय हे वहीं अति पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहन प्रजापति ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए अपने संगठन की ओर से पीड़ित देशराज प्रजापति परिवार को आर्थिक मदद के रूप में दस हजार रुपए नगद देकर वह मकान बनने पर 50 कट्टे सीमेंट वे बालू रेत देने की घोषणा की वही उन्होंने हर सम्भव मदद का भरोसा दिया और कहा कि इस परिवार के लिए व हमेशा खड़े रहेंगे वहीं यूपी सरकार द्वारा भी पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा व सरकारी नौकरी पीड़ित परिवार के एक एक व्यक्ति को देनी चाहिए। वहीं समाजसेवी रामनिवास प्रजापति एडव ने कहा हे अति पिछड़ा वर्ग के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहन प्रजापति द्वारा संगठन की ओर से जो पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद की पहल की गई हे वह समाज द्वारा सबसे पहले की गई पहल हे ओर यह एक अच्छी पहल हे ओर हम सभी को पीड़ित परिवारों की मदद के लिए आगे आना चाहिए ताकि समाज के आपदा से पीड़ित बंधु अपने को अकेला न समझे और यह पीड़ित परिवार मजबूती से खड़ा हो सके। इस दौरान, वरिष्ठ नेता रामनिवास प्रजापति एडव,प्रभारी श्याम सुंदर प्रजापति, समाजसेवी डॉ राजवीर सिंह प्रजापति, नगर अध्यक्ष सोनू प्रजापति, समाजसेवी सचिन प्रजापति,गुरमीत रोधीया, विनोद प्रजापति, इंद्रमल प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# राधाष्टमी पर पूजा अर्चना की

## मंदिरों में भव्य कीर्तन कर किया गया भण्डारा

**मुजफ्फरनगर।** राधा अष्टमी के पावन पर्व पर आज पटेल नगर स्थित श्री राधा गोविंद मंदिर (नागो वाला) मे विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने विधि विधान से श्री राधा कृष्ण की पूजा अर्चना संपन्न कराई तथा राधा अष्टमी पर सुंदर-सुंदर भजन गाकर अपने श्रद्धा और भक्ति का एहसास कराया। कार्यक्रम के दौरान बारिश आने के बावजूद सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु राधा रानी का गुणगान करने के लिए मंदिर परिसर में एकत्र है यह आयोजन हर वर्ष संजय जिंदल काका परिवार की ओर से किया जाता है। जिसमें भाजपा नेता गौरव स्वरूप, राजीव गर्ग, व्यापारी नेता संजय मित्तल, अनिल लोहिया, संजय जिंदल काका, सत्य प्रकाश मित्तल सहित काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया

नई मंडी द्वारकाधीश मंदिर में राधा अष्टमी पर नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने सुनाये राधा रानी के मधुर भजन नई मंडी द्वारकाधीश मंदिर के पंडित वीरेंद्र गोस्वामी के द्वारा जानकारी दी गई आज राधा अष्टमी के अवसर पर एक भव्य कीर्तन का और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप रही और विशिष्ट अतिथि शलभ गुप्ता व्यापारी नेता एवं जनार्दन बिश्वकर्मा रहे द्वारकाधीश के समक्ष सर्वप्रथम नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप को आशीर्वाद स्वरुप पटका पहनाकर तिलक लगाकर मंदिर कमेटी के द्वारा सम्मानित किया गया, विशिष्ट अतिथि शलभ् गुप्ता ओर जनार्दन को पटका पहनाकर ओर तिलक लगाकर सम्मानित किया गया।

नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप के द्वारा राधा रानी के श्रद्धालुओं के साथ सुंदर-सुंदर गीत भजन सुनाये गए जिन पर महिलाओं ने झूम-झूम कर मनमोहन नृत्य किया सैकड़ो की संख्या में महिलाएं मौजूद रही उसके पश्चात भंडारे का द्वारकाधीश को और राधा रानी को भोग लगाकर आरंभ किया गया। सैकड़ो की संख्या में महिलाएं पुरुष श्रद्धालु उपस्थित रहे।



मुजफ्फरनगर: पीड़ित परिवार का दुख साझा करते मोहन प्रजापति।



मुजफ्फरनगर: पीड़ित परिवार से मिलता बसपा प्रतिनिधि मंडल।

# चेयरपर्सन ने की शहर में विकास की बौछार

■ एक करोड़ की लागत से सड़कों का किया लोकार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने शहर के पांच वार्डों में राज्य वित्त एवं 15वें वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि के तहत करीब एक करोड़ रुपये की लागत से नवनिर्मित कुल नौ सीसी सड़कों का विधिवत लोकार्पण करते हुए शहर में विकास की बौछार की है



नगरपालिका परिषद् के द्वारा शहर के वार्डों में सुगम यातायात और आवागमन के साथ ही जल निकासी को सुव्यवस्थित बनाने के लिए सीसी सड़क और नाली निर्माण कार्य बड़े पैमाने पर कराये जा रहे हैं। इसी कड़ी में राज्य वित्त एवं 15वें वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से स्वीकृत करीब एक करोड़ रुपये की लागत से तैयार नौ सीसी सड़कों और नाली निर्माण कार्यों का रविवार को पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने बारिश के बीच ही लोकार्पण करते हुए शहरवासियों को विकास की सौगात देने का काम किया। वार्ड 22 में सभासद पूजा कपिल पाल के साथ शांतिनगर में राज्य वित्त से करीब 6 लाख रुपये की लागत से तैयार सीसी सड़क का उद्घाटन किया। इस दौरान यहां पर वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव स्वरूप, पूर्व जिलाध्यक्ष यशपाल पंवार, राजेश पाराशर, सभासद नवनीत गुप्ता, प्रशांत गौतम, कपिल पाल आदि मौजूद रहे। वार्ड 27 खालापार में सभासद नौशाद पहलवान वाली गली को 15वें वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि से करीब 21 लाख रुपये की लागत से तैयार कराया गया। वार्ड 29 में सभासद शाजिया मौहम्मद असलम के साथ परिक्रमा मार्ग भगीरथ कालोनी में करीब 22 लाख रुपये की लागत से तैयार दो सीसी सड़कों का शुभारंभ किया। यहां सभासद शजिया, मौहम्मद असलम, मौहम्मद सलीम रहे। वार्ड 55 खालापार में सभासद उमरदराज के साथ करीब 26 लाख रुपये की लागत से दो सीसी सड़कों का लोकार्पण किया गया। वार्ड 37 गांधी कालोनी में गली नम्बर 14 की तीन लिंक गलियों का भी शुभारंभ किया। यहां सभासद अमित पटपटिया, मनी पटपटिया, स. इकबाल सिंह, पंकज ढींगरा, बोधराज वाधवा, हर्ष पाहुजा, कमलदीप सिंह, घनश्याम ढींगरा आदि रहे।

# नई मंडी में श्री गणेश जन्मोत्सव की रही धूम

■ प्रतिदिन स्कूली बच्चों द्वारा किए जा रहे कार्यक्रम प्रस्तुत


**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भगवान श्री गणेश के जन्मोत्सव की पूरे देश में धूम मची हुई हैं। देश में बहुत जगहों पर बड़े बड़े पंडाल सजाकर गणपति जी की भव्य प्रतिमाएं सजाई गई हैं और प्रतिदिन सुबह शाम पूजा अर्चना के बाद इन पंडालों में भक्तिपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। ऐसा ही एक भव्य पंडाल नई मंडी क्षेत्र में बड़ी धर्मशाला में सजाया गया है जहां प्रत्येक दिन सुबह शाम श्री गणेश की पूजा वंदना के साथ भक्ति रस की फुव्वारे बखेरी जा रही हैं। उत्तर प्रदेश के जनपद मुजफ्फरनगर के नई मंडी क्षेत्र में बड़ी धर्मशाला के नाम से प्रसिद्ध वकील रोड पर 19 वाँ श्री सिद्धि विनायक गणेश जन्मोत्सव समिति द्वारा भव्य पंडाल सजाकर चतुर्थी 27 अगस्त से 4 सितम्बर 2025 तक प्रतिदिन सुबह शाम पूजा अर्चना के साथ साथ स्कूली छात्र छात्राओं द्वारा दिव्य एवं अलौकिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए हैं। ये सभी कार्य पंडित अवधराज आचार्य जी के परम सानिध्य में आयोजित किए जा रहे हैं।

'पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, भाद्रपद मास की चतुर्थी के दिन महर्षि वेद व्यास ने भगवान गणेश से महाभारत लिखने का अनुरा. ेध किया था, और गणेश जी ने अपने एक टूटे हुए दांत का उपयोग करके महाभारत को लिखा था। गणेश चतुर्थी का शुभ अवसर इस घटना से जुड़ा है, जब गणेश ने इस महाकाव्य को लिपिबद्ध किया था। श्रीगणेश जी को 'प्रथम लिपिकार' भी माना जाता है। महर्षि वेदव्यास ने महाभारत की रचना की थी, लेकिन उन्होंने गणेश जी से उसे लिखने का अनुरोध किया था। महर्षि वेदव्यास ने श्रीगणेश को महाभारत सुनाने की पेशकश की, लेकिन उन्होंने शर्त रखी कि गणेश जी को बिना रोके और अर्थ समझकर लिखना होगा। गणेश ने भी एक शर्त रखी कि वेदव्यास को भी बिना रोके अपनी कथा सुनानी होगी। आज के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अशोक कंसल पूर्व विधायक, विशाल गर्ग भाजपा नेता, हरीश गुप्ता, पंकज माहेश्वरी भाजपा नेता, राजेश बत्रा, तेजवीर मालिक, पवन मित्तल, अमित जैन, समर्थ अरोरा नंदी स्वीट्स वाले, अरविंद कुमार, एसडी इंटर कॉलेज वाले, नीरज कुमार जीसी पब्लिक स्कूल वाले, रचना माहेश्वरी, बबलूपाल समाजसेवी रहें। सिद्धि विनायक गणेश जन्मोत्सव समिति के संस्थापक संजय कुमार गर्ग, अध्यक्ष रामपाल तायल, उपाध्यक्ष पंकज सिंघल,अंकित गर्ग, सचिव समकित जैन, नितिन गर्ग, उपाध्यक्ष पंकज सिंघल बॉबी, अंकित गर्ग, सचिव समकित जैन, नितिन गोयल, उपसं. चव देशपाल, संजय अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सुनील अग्रवाल, देवेंद्र कुमार बंसल, गौरव गुप्ता, संगठन मंत्री विपिन पाल, कश्मीर स्टूडियो वाले,पवन कुमार सतीश चाय वाले, प्रचार मंत्री दिनेश पाल, संजय अग्रवाल, भंडार मंत्री सचेंद्र मित्तल, अंकुर अग्रवाल, ऑडिटर सी.ए. अमित कुमार व अमित अरविंद आदि मौजूद रहे।



मुजफ्फरनगर:भर्ती में शामिल होने आए अभ्यर्थियों को जानकारी देते सैन्य अधिकारी।



मुजफ्फरनगर: अग्निवीर भर्ती के लिए अभ्यर्थियों की शारीरिक माप करते अधिकारी।

# देश को जोड़ रही पीएम के मन की बात: मीनाक्षी

■ शांतिनगर में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' को शांति नगर स्थित भाजपा नेता राजेश पाराशर के कार्यालय में सुना गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने 'मन की बात' कार्यक्रम के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संदेशों की सराहना करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम देश को जोड़ने और सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने का कार्य करता है।

यहां भाजपा कार्यकर्ताओं और आम जनमानस के साथ उन्होंने पीएम नरेन्द्र मोदी के विचारों को सुना तथा उनके आदर्श विचारों को आत्मसात करते हुए कार्यकर्ताओं से जनकल्याण की भावना के साथ समाज के उत्थान और राष्ट्र निर्माण के कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप के साथ वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव स्वरूप, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष यशपाल पंवार, भाजपा जिला महामंत्री विनीत कात्यान, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश पाराशर, प्रदीप शर्मा, सभासद प्रशांत गौतम, नवनीत गुप्ता, अनुज कुमार, सभासदपति कपिल पाल सहित भाजपा के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पेंशनर्स मंच ने धूमधाम से मनाया स्थापना दिवस

■ नई कार्यकारिणी की भी की गई घोषणा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय पैशनर्स मंच (राष्ट्रवादी संगठन) ने 7वां स्थापना दिवस मनाते हुए सामाज हित में कार्य करने वालों को सम्मानित किया।




रविवार को गांधी कॉलोनी स्थित गांधी वाटिका में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता डाक विभाग सेवानिवृत्त एसएसपीजर्नादन शर्मा ने की जबकि मुख्य अतिथि भारत पेंशनर्स समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हंसराज माही रहे। विशिष्ट अतिथियों के रूप में मुख्य अग्निशमन अधिकारी अनुराग कुमार व वरिष्ठ पत्रकार अनिल रॉयल, एसीएमओ शैलेश जैन, पूर्व आयकर अधिकारी एस. के. गुप्ता, ब्रह्मप्रकाश शर्मा, अशोक तथा जसवंत राय हॉस्पिटल, मेरठ की चिकित्सक टीम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं भारत माता को पुष्पांजलि अर्पित कर हुआ। ख्रष्णा सरस्वती शिशु मंदिर के बच्चों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। इस अवसर पर पेंशनर्स मंच ने अग्निशमन दत्त को साहसिक सेवाओं के लिए सम्मानित किया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी अनुराग कुमार ने टीम के कार्यों की जानकारी साझा करते हुए भविष्य में और भी तत्परता से सेवा देने का संकल्प दो. हराया। आईडीएफसी बैंक के अधिकारियों ने पेंशनर्स वरिष्ठ नागरिकों के लिए योजनाओं की जानकारी दी। महासचिव हरिमोहन शर्मा ने राष्ट्रीय स्तर पर किए जा रहे कार्यों एवं भावी योजनाओं पर प्रकाश डाला। साथ ही राय हॉस्पिटल, मेरठ के चिकित्सकोंने सीजीएचएस लाभार्थियों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी दी। स्थापना दिवस पर आयोजित श्साज एवं आवाज प्रतियोगिताश में विज. ेताओं को सम्मानित किया गया। दिल्ली, उत्तराखंड, हरियाणा सहित कई राज्यों से आए प्रतिनिधियों ने पेंशनर्स कल्याण योजनाओं पर चर्चा की। आयकर विभाग के अमिताभ श्रीवास्तव और सुधीर शर्मा ने पेंशनर्स को सहयोग देने की घोषणा की। परंपरा अनुसार जुलाई व अगस्त माह में जन्मदिन वाले पेंशनर साथियों का जन्मदिन केक काटकर मनाया गया।

मंच की नई कार्यकारिणी का गठन भी हुआ, जिसमें जर्नादन शर्मा राष्ट्रीय अध्यक्ष, हरिमोहन शर्मा राष्ट्रीय महासचिव, सुरेश चन्द राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, अरुण कुमार आईटी प्रभारी तथा रामनिवास उपाध्याय मीडिया प्रभारी निर्वाचित हुए। समापन पर राष्ट्रीय अध्यक्ष जर्नादन शर्मा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और पेंशनर्स की समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।



मुजफ्फरनगर: मन की बात कार्यक्रम में पहुंची चेयरपर्सन का स्वागत करते भाजपा नेतागण।

# बुढ़ाना का हो जाएगा कायाकल्प, आदर्श नगर पंचायत में शामिल

**जल निगम का कार्य चल रहा, जल्द रिंग रोड पर काम होगा पूर्ण**





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** मुजफ्फरनगर जिले की नगर पंचायत बुढ़ाना का चयन पंडित दीनदयाल उपाध्याय आदर्श नगर पंचायत योजना में हो गया है। इसके तहत बुढ़ाना में सड़क निर्माण समेत विभिन्न विकास कार्य होंगे। योजना का मकसद अवस्थापना सुविधाओं का समग्र विकास करना है। योजना के तहत शासन को प्रस्ताव भेजा गया था। आदर्श नगर पंचायत में जिले में बुढ़ाना का ही चयन शासन से हुआ है। इसी के साथ बुढ़ाना नगर की रिंग रोड बनने का रास्ता भी साफ हो गया है। शासन के निर्देशों के क्रम में नियम अनुसार योजना के तहत स्वीख़्रत कार्यों के टेंडर निकाले जाएंगे। जल निगम की ओर से नगर में पेयजल लाइन बिछाई जा रही है जिससे नगर की रिंग रोड समेत काफी सड़कों की हालत ठीक नहीं है।

**आदर्श योजना में होंगे ये काम:** नदी मंदिर तिराहे से चन्धेडी रोड तिराहे तक बिटुमिन प्रीमिक्सिंग डैन्स द्वारा सड़क का निर्माण कार्य। भारत टाकीज तिराहे से बाल्मिकी मंदिर तक सीसी रोड का निर्माण व साईड पटरी की मरम्मत का उच्चीकरण का कार्य। पैंठ रोड शिव मिष्ठान से विनोद प्रजापति की दुकान तक बिटुमिन प्रीमिक्सिंग डेन्स द्वारा सड़क का निर्माण कार्य। रामद्वार तिराहे से पुलिया तक सीसी रोड का निर्माण व साईड पटरी की मरम्मत का उच्चीकरण का कार्य।

होली चौक सिवानंद भूसे वाले से दयानन्द चौक तक बिटुमिन प्रीमिक्सिंग डेन्स द्वारा सड़क का निर्माण कार्य। पारसी बस स्टैण्ड से शमशान घाट होते हुए नदी पुल तक सीसी रोड का निर्माण कार्य। लुहसाना रोड पर कांधला रोड से नगर पंचायत की सीमा तक नाली व सीसी रोड का निर्माण कार्य। वार्ड नंबर 06 में ईदगाह रोड पर ईदगाह के उत्तरी गेट से नगर पंचायत की सीम तक नाली व सीसी रोड का निर्माण कार्य। वार्ड नंबर 06 एवं वार्ड नंबर 09 मे बडौत रोड से करबला गेट तक नाली व सीसी रोड का निर्माण कार्य।

नगर क्षेत्र में विभिन्न 04 मुख्य स्थानों पर हाईमास्ट लाईट लगवाये जाने का कार्य। नगर क्षेत्र के महत्वपूर्ण स्थलों, धार्मिक स्थलों पर सोलर लाईट पोल सहित क्रय एवं अधिष्ठापन का कार्य। नगर क्षेत्र में डेकोरेटेड हेरिटेज लाइट पोल के क्रय एवं अधिष्ठापन का कार्य। नगर क्षेत्र के मुख्य चौराहे पर प्रचार-प्रसार के लिए आउटडोर माइल्ड स्टील एलईडी डिस्प्ले सिस्टम पोल सहित क्रय एवं अधिष्ठापन का कार्य। वार्ड नंबर 15, 13, 8 में उस्मान कुरैशी के मकान से राकेश गर्ग की कोठी तक व सतेन्द्र सैनी के मकान से हसमत कुरैशी के मकान तक नाली व सीसी रोड का निर्माण का कार्य।

**जल निगम का कार्य जारी है:** कस्बे के रिंग रोड पर अभी जल निगम की ओर से काम किया जा रहा है। एक से डेढ़ माह में ये काम पूरा होने की उम्मीद है। नगर पंचायत की ओर से लगातार जल निगम के अधिकारियों से वार्ता कर जल्द से जल्द काम पूरा करने के लिए कहा जा रहा है।

**क्या बोली चेयरपर्सन उमा त्यागी:** हम सभी बुढ़ाना कस्बावासियों के लिए ये खुशी की बात है कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय आदर्श नगर पंचायत योजना में बुढ़ाना का चयन हो गया है। विभिन्न विकास कार्य इसके तहत कराए जाएंगे। सब सभासदों का और उन सभी लोगों का आभार जिनका विशेष सहयोग रहा है।

# इस्लामाबाद भूड़ में प्रधान चुनाव की सरगर्मियां तेज

## ग्रामीणों को दिया जा रहा प्रलोभन, लेकिन विकास कार्यों पर उठे सवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** प्रधानी चुनाव का बिगुल बजने से पहले ही गांव-गांव में चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। हालात यह हैं कि दिन हो या रात, वोटरों को लुभाने के लिए खुलेआम नोटों और उपहारों का सहारा लिया जा रहा है। प्रशासन की आंखों के सामने ही वोटरों को अपने पक्ष में करने के लिए तरह-तरह के प्रयास शुरू हो चुके हैं। खासकर इस्लामाबाद भूड़ में चुनावी माहौल चरम पर है। यहां वर्तमान प्रधान के साथ-साथ नए उम्मीदवार भी मैदान में कूद पड़े हैं। गांव की चौपालों में जाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनने और विकास के बड़े-बड़े दावे करने का सिलसिला जारी है।

**ग्रामीण बोले-सड़क टूटी, बिजली बेहाल, जलभराव से परेशान:** ग्रामीणों का कहना है कि अब तक चाहे वर्तमान प्रधान रहे हों या फिर पूर्व प्रधान, किसी ने भी मलिन बस्तियों में कोई ठोस विकास कार्य नहीं कराया। गांव की सड़कें टूटी-फूटी पड़ी हैं, बिजली की हालत बेहद खराब है। बरसात के दिनों में कई-कई फुट पानी भर जाने से लोगों के घरों से निकलना तक मुश्किल हो जाता है। रजवाहे की पटरी जर्जर पड़ी है और उसकी सफाई को लेकर कभी कोई कदम नहीं उठाया गया।

**नए उम्मीदवार भी सवालों के घेरे में:** नए प्रधान पद के उम्मीदवार इन समस्याओं को मुद्दा बनाकर वोट मांग रहे हैं। लेकिन ग्रामीणों में सवाल उठ रहे हैं कि क्या ये उम्मीदवार वाकई कुछ बदलाव ला पाएंगे? सूत्रें के अनुसार, कुछ उम्मीदवार पेशे से प्रॉपर्टी डीलर भी हैं। उन्होंने भूड़ बस्ती में नई कॉलोनियां तो काट डालीं, लेकिन वहां मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। न बिजली के पोल लगाए गए, न ही सड़कें बनीं। न कॉलोनी एमडीए से पास कराई गई और न ही पेयजल की कोई व्यवस्था की गई। ग्रामीणों का कहना है कि जब नई बस्ती बसाने से पहले ही कोई सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई, तो प्रधानी का चुनाव जीतने के बाद ऐसे उम्मीदवार गांव में कैसा विकास कराएंगे, यह एक बड़ा सवाल है। फिलहाल, सच और झूठ के बीच चुनावी जंग का आगाज हो चुका है। अब देखना यह होगा कि ग्रामीण विकास के नाम पर किए जा रहे दावों पर भरोसा जताते हैं या फिर पिछली कमियों का हिसाब मांगते हैं।

इसका फैसला तो आने वाला आगामी चुनावी परिणाम ही करेगा।

# सरे बाजार युवक के साथ मारपीट कर दिखाई दबंगता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** गांव तेवड़ा स्थित बाजार मे सुबह सवेरे खरीदारी करने आये युवक पर आरोपियों ने लाठी डंडो से हमला बोल दिया। युवक के साथ मारपीट की सूचना पर गांव मे सनसनी फैल गयी। पीड़ित ने आरो. पियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वहीं मारपीट की घटना का सीसीटीवी वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है।

ककरौली थाना क्षेत्र के गांव तेवडा निवासी शाहवेज ने पुलिस को बताया कि रविवार सुबह वह बाजार में खरीदारी करने गया था। जहां दुकान पर पहले से खड़े गांव के ही चार-पांच युवकों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी डंडो से उसके साथ मारपीट कर दी। शोर-शराबा होने पर आरोपी उसे घायल अवस्था में छोड़कर मौके से फरार हो गये। शाहवेज़ ने बताया कि आरोपी दंबग हैं और अनावश्यक ही उससे रंजिश रखते हैं।वहीं बाजार मे हुई मारपीट की सूचना से गांव मे सनसनी फैल गयी है। मारपीट की घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष जोगेन्द्र सिंह ने बताया की आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# असलाह समेत एक युवक गिरफ्तार

**छपार।** छपार पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान एक युवक को संदिग्ध अवस्था में गिरफ्तार किया। तलाशी में उसके कब्जे से एक तमंचा 315 बोर व एक जिंदा कारतूस बरामद किया। रविवार को पुलिस गांव खुडडा के पास सड़क पर वाहन चेकिंग कर रही थी। एक युवक संदिग्ध अवस्था में घुमता दिखाई दिया तो पुलिस ने उसे बुलाने का इशारा किया तो वह मेहताब के ईंख के खेत में घुस गया। पुलिस ने पीछा कर उसे दबोच लिया। तलाशी में उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा 315बोर एक जिंदा कारतूस बरामद किया। पूछताछ में वह गांव कोलाहेडी निवासी रोहित उर्फ विनय निकला। पुलिस ने उसका चालान कर कोर्ट में पेश में किया है।पुलिस ने बताया कि वह शातिर किस्म का बदमाश है उस पर विभिन्न अपराधिक धाराओं में 11 मुकदमे दर्ज हैं।



**मुजफ्फरनगर: सिसौली में भाकियू कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपते गौरव टिकैत।**

# आपदा पीड़ितों के लिए सामाग्री पहुंचाएगी भाकियू

**सिसौली में बैठक के दौरान गौरव टिकैत ने सौंपी जिम्मेदारी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भाकियू मुख्यालय सिसौल स्थित चौधरी देवीलाल पुस्तकालय मे आयोजित बैठक में भारतीय किसान यूनियन युवा विंग के राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरव टिकैत ने पंजाब में आई बाढ़ पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आपदा की इस स्थिति में पंजाब के साथ पूरे देश का किसान खड़ा है। उन्होंने कहा कि पंजाब के लिए खाद्य या और किसी भी प्रकार की सामग्री पहुंचने का काम भाकियू की टीम करेगी। उन्होने कहा कि आपदा के समय में सभी को एक साथ मिलकर पीड़ितों के लिए आगे आना चाहिए।रविवार को सिसौली के देवीलाल पुस्तकालय में आयोजित बैठक में उन्होंने भाकियू के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियो को अलग-अलग टीम बनाकर सामग्री इकट्ठी करने की जिम्मेदारियां सौंपी। ये टीमें अपने अपने गांव से राहत सामग्री इकट्ठी करने का काम करेंगी। उन्होंने बताया कि आगामी 5 सितम्बर को किसान भवन सिसौली से राहत सामग्री को पंजाब के लिए रवाना किया जाएगा।

# बीएजेएमसी परीक्षा में चमके श्रीराम कॉलेज के छात्र



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** माँ शाकुम्भरी ब्विवविद्यालय, सहारनुपर द्वारा श्रीराम कॉलेज के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के स्नातक पाठ्यक्रम बीएजेएमसी द्वितीय सेमेस्टर का रिजल्ट घोषित किया गया। माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय द्वारा घोषित परीक्षाफल में बीएजेएमसी द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा साक्षी ने 88.2 प्रतिशत अंको के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया वही छात्र शिवम ने 87.4 प्रतिशत अंको के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया जबकि 85.6 प्रतिशत अंको के साथ छात्रा प्रियल बालियान एवं छात्र नीतीश कुमार ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया।

माँ शाकुम्भरी ब्विवविद्यालय, सहारनुपर द्वारा घोषित किये गये परीक्षा परीणाम में श्रीराम कॉलेज के पत्रका. रिता एवं जनसंचार विभाग के स्नातक पाठ्ङक्रम बीएजेएमसी द्वितीय सेमेस्टर के सभी विद्यार्थी उच्च श्रेणी प्राप्त कर उत्तीर्ण हुए हैं।

प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा साक्षी ने अपनी सफलता का श्रेय विभाग के प्रवक्ताओं, माता-पिता कॉलेज एवं विभाग द्वारा प्रदान किये गये शैक्षिक वातावरण एवं मार्गदर्शन को देते हुए बताया कि विभाग के प्रवक्ताओं द्वारा दी जाने वाली मूल्यवान शिक्षा द्वारा उन्हें पत्रकारिता एवं जनसंचार के क्षेत्र में देश और समाज के बारे में विस्तारपूर्वक जानक. ारियां मिलती है। जिससे उनके ज्ञान में निरन्तर वृद्धि होती है। तथा द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र शिवम ने अपनी सफलता पर बोलते हुये कहा कि विभाग के प्रवक्ताओं के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को परीक्षाओ में सफलता प्राप्त करने में सहायता मिलती है, साथ ही पत्रकारिता एवं जनसंचार विषय के संबंध में व्यवहा. रिक एवं व्यावसायिक ज्ञान विकसित होता है।वहीं पत्रकारिता एवं जनसंचार के क्षेत्र में अपने उज्जवल भविष्य का सपना लिये बिहार राज्य से श्रीराम कॉलेज में आये दूसरा स्थान प्राप्त करने वाले छात्र नीतीश कुमार एवं प्रियल बालियान ने अपने परिक्षा परिणाम पर हर्ष व्क्त करते हुये कहा कि विभाग एवं महाविद्यालय द्वारा प्रदान की जाने वाली उच्च कोटि की शैक्षिक सुविधायें तथा समय- समय पर विभाग द्वारा स्किल डेवलपमेंट के लिये कराये जाने वाली कार्यशालाओं के माध्यम से विद्यार्थियो में व्यवहारिक एवं व्यवसायिक कौशल विकसित होता है।

जिसके माध्यम से विद्यार्थी प्रिंट डिजाईनिंग, विडियो एडिटिंग, राईटिंग स्किल के क्षेत्र में अपने कौशल को और ज्यादा निखारते है। उन्होंने बताया कि इन तमाम शैक्षिक गतिविधियों से विद्यार्थियो का चहुमुखी विकास होता है।

# एलडीबी चैयरमेन ने रक्तदान कैंप का किया उद्घाटन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** ब्लाक क्षेत्र के गांव अलीपुर अटेरना में रविवार के दिन भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के जिला संगठन मंत्री विकास त्यागी प्रधान के आवास पर एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कई रक्तदाताओं ने रक्तदान करने में पूरी दिलचस्पी दिखाई। इस रक्तदान शिविर का उद्घाटन भूमि विकास बैंक बुढ़ाना के चैयरमेन विनोद सैनी ने सैंकड़ों ग्रामीणों की मौजूदगी में अपने कर कमलों के द्वारा फीता काटकर किया। विनोद सैनी ने खुद भी रक्तदान करने के बाद कहा कि रक्तदान से रक्त गाढ़ा नहीं होता।

रक्त का प्रवाह बेहतर होता है और दिल का दौरा पड़ने या स्ट्रोक का खतरा कम हो जाता है। रक्तदान से शरीर में अतिरिक्त आयरन का स्तर कम होता है जिससे हृदय और अन्य अंगों पर पड़ने वाला दबाव कम हो जाता है। हमारा शरीर रक्तदान के बाद नए रक्त सेल्स का निर्माण करता है जिससे मेटाबॉलिज्म सुधरता है। इसलिए मनुष्य को रक्तदान अवश्य करना चाहिए। यह रक्तदान शिविर विवेकानंद शिक्षा एवं समाज कल्याण समिति के द्वारा लगाया गया था। यहां पर भाकियू नेता विकास त्यागी सहित कई लोगों ने रक्तदान किया और गिफ्ट के तौर पर समिति से सर्टिफिकेट और उपहार लिए। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से राजवीर ठेकेदार सहित सैंकड़ों ग्रामीणों की मौजूदगी रही।

# आरती धीमान राष्ट्रपति सम्मान पत्र से सम्मानित



**मुजफ्फरनगर।** दिल्ली में आयोजित समारोह में शहर की होनहार बिटिया आरती धीमान को राष्ट्रपति ने स्काउड गाइड सम्मान प्रमाण पत्र देकर सम्मानित की। यह सम्मान केंद्रीय मंत्री मानसुख मंडाविया करकमलों से प्रदान किया गया। यह उपलब्धि न केवल आरती धीमान के समर्पण, अनुशासन और सेवाभाव का प्रतीक है बल्कि सम्पूर्ण क्षेत्र एवं समाज के लिए गर्व का विषय भी है।

गौरतलब है आरती धीमान समाज के मध्यमवर्गीय परिवार से आती है। जिनके पिता संजीव धीमान राज मिस्त्री का कार्य कर परिवार का पालन पोषण कर रहे हैं। यह उपलब्धि पूरे समाज के लिए गर्व की बात है।

## मंदिर में राधाष्टमी जन्मोत्सव धूमधाम से मना

**बुढ़ाना।** कस्बे के ठाकुर द्वारा मंदिर में आज रविवार को राधाष्टमी जन्म उत्सव बड़ी ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। दिन निकलने से पहले ही सुबह चार बजे महाभिषेक, सुबह छह बजे बालरोग, सवा छह बजे महाआरती ओर सुबह 11 बजे भंडारे की शुरुआत की गयी। इस आध्यात्मिक महोत्सव में भारत देश की प्रसिद्ध भजन गायिकाएं कृष्ण प्रिया, निकुंज कामरा एवं आरुषि गम्भीर ने अपने मधुर भजनों से बुढ़ाना की भूमि को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। काफी श्रद्दालुओं ने इस अद्वितीय संगम में शामिल होकर भक्ति की अमृतधारा में स्नान करते हुए तन-मन को पवित्र किया। यह धार्मिक आयोजन हित राधा कृपा संकीर्तन मंडल बुढ़ाना के तत्वाधान में किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से संजीव लोमस, नितिन गोयल, नवीन कुमार, विपिन मित्तल, अमित भटनागर, गौरव गोयल, अशोक पाल और पंडित शैलेन्द्र आदि श्रदालु उपस्थित रहे। इस दौरान बुढ़ाना नगर पंचायत के वार्ड नंबर 17 के सभासद अजय संगल का भी सहयोग यहां पर देखने को मिला। सोमवार के दिन यहां पर रसमय संकीर्तन का भी आयोजन किया जाएगा।

# श्रद्दालुओं ने प्रसाद चढ़ाकर माथे पर लगवाया तिलक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढाना के पारसी बस स्टैंड के समीप से एक प्राइवेट बस आज रविवार की अल सुबह तीर्थ नगरी चुलकाना धाम के लिए आधा सैंकडा से भी अधिक श्रदालुओं को लेकर रवाना हुई। जिसको अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल रजिस्टर्ड ईकाई बुढाना के नगर अध्यक्ष संजीव कुमार संगल ने अपने कर कमलों के द्वारा हरी झंडी दिखाई। चुलकाना धाम में सभी श्रदालुओं ने पहले तो सरोवर में स्नान किया और फिर मन्दिर में जाकर राधा ख्रष्ण भगवान के दर्शन किये। फिर प्रसाद चढाकर मंदिर के पंडित जी से मस्तक पर तिलक लगवाया। इस दौरान यहां पर अमित गर्ग, लाला राजकुमार, लाला भूरा ठेकेदार, जनेवरी देवी और शान्ति देवी सहित लगभग 54 भगत दर्शन करने चुलकाना पहुंचे। इस संबंध में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल रजिस्टर्ड ईकाई बुढाना के नगर अध्यक्ष संजीव कुमार संगल ने बतलाया कि वे चुल. काना धाम श्रदालुओं को लेकर जाते रहते हैं और वहां पर सच्चे दिल से श्रदालुओं के द्वारा जो भी मन्नत मांगी जाती है वह मन्नत वहां जाकर पूरी भी होती है। सभी श्रदालु बस में पूरे रास्ते राधा कृष्ण का गुणगान करते हैं। जिसमें श्रदालुओं को मन को शांति मिलती है। अब चुलकाना धाम श्रदालुओं का अगले माह ही जाना होगा।

# भारतीय किसान संघ का प्रशिक्षण वर्ग सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** शुकतीर्थ स्थित गंगा सेवा समिति के मीटिंग हॉल में भारतीय किसान संघ द्वारा मोरना ब्लॉक का प्रशिक्षण वर्ग का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ, जिसमें मोरना ब्लॉक क्षेत्र के सैकडों किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम में किसानों को महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।




कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष अशोक पुण्डीर, मुख्य वक्ता प्रान्त संगठन मंत्री सुनील कुमार, ठाकुर राजेन्द्र सिंह, अनूप कुमार आदि ने संकल्प व संगठन पर बोलते हुए भारतीय किसान संघ को राष्ट्रवादी संगठन बताया तथा अनेक उदाहरण देकर कार्यकर्ताओं का मार्गदशर्न किया। वहीं वक्ताओं ने संगठन की रीति व नीति पर बल देते हुए मार्गदर्शन किया तथा संगठन की कार्यपद्धति पर बोलते हुए भारतीय किसान संघ के कार्यों की चर्चा की और बताया कि भारतीय किसान संघ कहीं भी तोड फोड व जाम नहीं लगाता। इस संगठन का आन्दोलन करने का तरीका भी अन्य संगठनों से अलग है। कार्यक्रम में किसानों को अधिक से अधिक संगठन से जोडने पर बल दिया गया। प्रशिक्षण वर्ग में ग्राम समितियों के सदस्य व अध्यक्ष भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुखबीर चौहान व संचालन डॉ. सतेन्द्र कुमार शर्मा ने किया। इस अवसर पर राजकुमार सिंह, सतबीर सिंह, सुरेन्द्र सिंह, भंवरपाल शास्त्री, रविन्द्र कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

# एआईएमआईएम प्रत्याशी पहुंचे हुसैनपुर कलां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन के मुजफ्फरनगर जिला पंचायत के वार्ड नंबर 20 के सदस्य पद के भावी उम्मीदवार सैय्यद बाबर ने आज रविवार के दिन बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव हुसैनपुर कलां में पहुंचकर वोटरों से संपर्क किया और उनसे जिला पंचायत के चुनाव में सहयोग की उम्मीद की। जिस पर सभी ग्रामीणों ने सैय्यद बाबर को चुनाव में भारी मतों से जिताने का आश्वासन दिया और कहा कि वे अच्छे से चुनाव लड़ें और विकास पुरुष कहलाएं।

इस दौरान सैय्यद बाबर ने डोर टू डोर जनसंपर्क कर कई नुक्कड़ सभाएं भी की और कहा कि अगर आप लोगों ने उनको इस वार्ड क्षेत्र से जिया दिया तो वे वायदा करते हैं कि क्षेत्र का संपूर्ण विकास होगा और किसी भी व्यक्ति के साथ किसी भी तरह का भेदभाव नहीं होगा। यहां पर आल इंडिया मजलिस ए इत्ते. हादुल मुस्लिमीन पार्टी के जिला महासचिव आजम फारुकी ने कहा कि समस्त उम्मीदवार मुजफ्फरनगर जिले के जिस जिस वार्ड से भी चुनाव लडेंगे उन सब को भारी मतों से जिताने का काम किया जाएगा। यहां पर बुढ़ाना ब्लॉक अध्यक्ष कारी गफ्फार राना, बुढ़ाना विधानसभा कोषाध्यक्ष कादिर सिद्दीकी, हुसैनपुर कलां के ग्राम अध्यक्ष सोमीन मलिक और रिहान मलिक सहित अन्य कई ग्रामीणों की भी मौजूदगी रही।

# छड़ियांन मेला अव्यवस्था में डूबा, अप्पू घर बना कीचड़ का अड्डा

**लोगों की सुरक्षा पर भारी पड़ी ठेकेदार की लापरवाही**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** शहर का धार्मिक और चर्चित छड़ियांन मेला इस बार अव्यवस्था की भेंट चढ़ता नजर आ रहा है। बरसात के मौसम में अप्पू घर की जमीन पर मिटी का भराव न होने से पूरा इलाका कीचड़ और गड्डों से पट गया है। अप्पू घर घूमने पहुंचे दर्जनों लोग कीचड़ और कंक्रीट भरे रास्तों पर फिसलकर घायल हो चुके हैं। लोगों की सुविधा और सुरक्षा की अनदेखी ने प्रशासन और मेला ठेकेदारों की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। छड़ियांन मेला इस बार शुरू होने से पहले ही संकट में घिरा रहा। आठ बार नीलामी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद जाकर मेले को हरी झंडी मिली। इसके बाद प्रशासन ने साफ-सफाई और सुरक्षा को लेकर स्पष्ट निर्देश जारी किए थे। आदेश था कि बरसात में झूले लगाने से पहले जमीन की जांच व समतलीकरण जरूरी है।

**ठेकेदारों ने उड़ाई धज्जियां:** अधिकारियों के निर्देशों को ताक पर रखकर मेला ठेकेदारों ने कीचड़ भरी जमीन पर ही झूले खड़े कर दिए। शनिवार की रात जब अप्पू घर का निरीक्षण हुआ तो हालात बद से बदतर मिले। जगह-जगह कीचड़, फिसलन और कंकड़-पत्थरों से लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। बच्चों और महिलाओं को झूले तक पहुंचने में खासी दिक्कतें हुईं।

**डीएम के आदेश पर उतारा गया बड़ा हिंडोला:** स्थिति बिगड़ने की सूचना पर जिलाधिकारी ने तत्काल हस्तक्षेप किया और सबसे बड़े हिंडोले को उतारने के निर्देश दिए। स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर आदेश लागू कराया। हालांकि, बड़े हिंडोले को हटाने के बाद भी कई छोटे-बड़े झूले अब भी कच्ची जमीन पर लगे हुए हैं, जिससे किसी भी वक्त हादसे की आशंका बनी हुई है।

**लोग बोले-उत्साह फीका, मिली सिर्फ परेशानी:** मेले में घूमने आए लोगों का कहना है कि अप्पू घर कीचड़ से लथपथ है। कंकड़-पत्थर डालकर रास्ता बनाने की कोशिश की गई, लेकिन उससे दिक्कतें और बढ़ गईं। बच्चे झूले का आनंद लेने की जगह चोटिल हो रहे हैं। लोग निराश होकर लौट रहे हैं। छड़ियांन मेला, जो लोगों की खुशी और उत्साह का केंद्र माना जाता है, इस बार ठेकेदार की लापरवाही और प्रशासनिक ढिलाई से नाराजगी का कारण बना हुआ है।

# कोतवाल सुभाष अत्री ने संभाला बुढ़ाना कोतवाली का चार्ज

**( नसीम कुरैशी )**

**बुढ़ाना।** विगत दिवस कथित तोर पर गुस्साई पब्लिक की पिटाई से घायल हुए मोनू खटीक की अगले दिन हुई मौत के मामले में नामजद कराए गये एक आरोपी की गिरफ्तारी नही करना बुढ़ाना कोतवाल आनंद देव मिश्र को भारी पड़ गया। उनको यहां से हटा दिया गया क्योंकि पुलिस अपनी बारीकी जांच में नामजद इस आरोपी को बेकसूर बता रही थी तो उसके खिलाफ हत्या का कोई सबूत भी नहीं मिल रहा था और विपक्ष के कुछ जिम्मेदार लोगों के द्वारा उस कथित आरोपी की बेगुनाही के साक्ष्य भी पुलिस के उच्च अधिका. रियों को सौंप दिए गये थे। दूसरे उन पर इसके बाद एक आरोप और लग रहा था कि उन्होंने एक फर्जी मुठभेड़ करते हुए बुढाना भाजपा मंडल अध्यक्ष मोनू कुरथल के चचेरे भाई रोबिन को गांव से काफी लोगों के सामने से उठाकर उसको कहीं अन्य जगह पर ले जाकर फर्जी मुठभेड़ मे गोली मार दी। अब कोतवाल आनंद देव मिश्र के स्थान पर जनपद मुजफ्फरनगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र का प्रभार मंसूरपुर के थानाध्यक्ष सुभाष अत्री को सौंप दिया है। आज रविवार के दिन बाकायदा नये कोतवाली प्रभारी सुभाष अत्री ने बुढ़ाना कोतवाली का चार्ज संभाल लिया है। इन पर एक अन्य फर्जी मुठभेड़ का भी आरोप लगा था तो भाकियू के वरिष्ठ नेताओं ने बुढ़ाना कोतवाली में अनिश्चितकालीन धरना शुरु कर दिया था।


**नाम परिवर्तन सूचना**

मैंने अपना नाम SARAJUDDIN से बदलकर SARAJUDEEN रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना-पहचाना जाए।

SARAJUDEEN S/O NANHA, JOHRA, POST MANSURPUR, MUZAFFARNAGAR, UTTAR PRADESH

**सूचना**

मैंने अपना नाम लाली से बदलकर खुशनूदा कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाये।

**खुशनूदा पुत्री हमीद निवासी-404, ग्राम बिलासपुर तहसील व जिला मुजफ्फरनगर**

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैने अपना नाम Mohd Muziburrahaman से बदलकर MUJEBUR RAHMAN रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

MUJEBUR RAHMAN S/o YUSUF ग्राम-नावला मुजफ्फरनगर उ.प्र. 251201

# बुग्गी नदी में गिरी, किसान घायल, भैंसे की मौत

**ग्राम कुल्हेडी में हुआ हादसा, ग्रामीणों ने मृत भैंसे को निकाला बाहर**

शाह टाइम्स संवाददाता



**चरथावल।** थानाक्षेत्र के ग्राम कुल्हेड़ी में एक दर्दनाक हादसा हो गया। सुबह-सुबह अपने रोज़मर्रा के काम पर निकले एक किसान की ज़िंदगी अचानक मौत और ज़ख्मों से टकरा गई। बताया जा रहा है कि किसान भैंसा-बुग्गी में बैठकर चारा लेने के लिए जा रहा था। जैसे ही वह हिंडन नदी के पास पहुंचा, तभी अचानक भैंसा-बुग्गी अनियंत्रित हो गई और सीधे नदी में जा गिरी। इस हादसे में किसान गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि बुग्गी में जुते हुए भैंसे की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। देखते ही देखते दर्जनों ग्रामीण मौके पर इकठा हो गए और कड़ी मशक्कत के बाद भैंसा-बुग्गी और मृत भैंसे को नदी से बाहर निकाला गया। ग्रामीणों ने बताया कि किसान हर रोज़ की तरह भैंसा-बुग्गी में बैठकर खेतों के लिए चारा लेने निकला था। लेकिन रविवार की सुबह उसका यह सफर हादसे में तब्दील हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में को. हराम मच गया। वहीं गांव के लोग घायल किसान को तुरंत इलाज के लिए नज़दीकी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसका इलाज जारी है। गौरतलब है कि हिंडन नदी के किनारे कई बार हादसे हो चुके हैं। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि नदी किनारे सुरक्षा के पर्याप्त इंतज़ाम नहीं हैं, जिस वजह से अक्सर लोग हादसों का शिकार हो जाते हैं। ग्रामीण प्रशासन से लगातार गुहार लगा रहे हैं कि नदी किनारे सुरक्षा दीवार और बैरिकेडिंग करवाई जाए।वहीं भैंसे की मौत से परिवार की आर्थिक स्थिति पर भी गहरा असर पड़ने वाला है। ग्रामीणों का कहना है कि पहले ही किसान महंगाई और मौसम की मार झेल रहा है, ऊपर से इस तरह का हादसा उसकी कमर तोड़ देता है।

## एथलेटिक्स प्रतियोगिता में समीक्षा और गिन्नी ने जीता गोल्ड मेडल

**नांगल सोती।** सीबीएसई 19 क्लस्टर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में समीक्षा राठी व गिन्नी ने गोल्ड मेडल जीतकर जिले का नाम रोशन किया। जिनका गांव पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया।

सैफई के मेजर ध्यानचंद इंटरनेशनल स्पोर्ट्स स्टेडियम में 29, 30, 31 अगस्त को सीबीएसई 19 क्लस्टर एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। प्रतियोगिता में मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल बिजनौर व स्पोर्ट्स एकेडमी सौफतपुर के कई बच्चों ने प्रतिभाग किया था। स्पोर्ट्स एकेडमी की समीक्षा राठी ने शॉट पुट और मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल की गिन्नी ने जैवलिन थ्रो में गोल्ड मेडल जीता। मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल की देविका ने थ्री जंप में सिल्वर मेडल व नीति, देवांगना ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

# एक ही परिवार के कई लोगों पर चाकू से हमला


**बीवी को न भेजे जाने से नाराज़ दामाद ने ससुराल पक्ष को किया घायल**

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के सुभाषनगर में मायके पहुंचे दामाद ने पत्नी को न भेजने पर ससुराल पक्ष के लोगो पर चाकू से हमला कर दिया। जिससे कई लोग घायल हो गए। एक युवक को मेरठ रेफर किया गया है। आरोपी मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया जहा से एक युवक को गम्भीर हालत के चलते मेरठ के लिए रेफर कर दिया गया। नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के सुभाषनगर नसीरपुर रोड़ निवासी फैसल पुत्र इनयतुल्लाह की बहन सबीना की शादी कुछ समय पहले शहर कोतवाली क्षेत्र के शाहब. ुद्दीनपुर रोड़ निवासी फैज़ान पुत्र नसीम से हुई थी, कई दिन पहले सबीना अपने मायके आई हुई थी। बीवी को लेने ससुराल आये फैज़ान ने बीवी को न भेजने पर ससुराल पक्ष के लोगो पर चाकू से हमला कर दिया। जिससे कई लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार हेतु जिला अस्पताल भिजवाया जहा फैसल की गंभीर हालत के चलते मेरठ रेफर कर दिया गया। फैसल के अलावा शोयब, जीनत, सुमायला और समीना घायल बताये जा रहे है जिनका जिला अस्पताल में उपचार चल रहा हैं। पांचो लोग आरोपी के साले और साली बताई जा रही हैं।

# आरएसएस के पूर्व खंड संचालक को दी श्रद्धांजलि

शाह टाइम्स संवाददाता



**मोरना।** तीर्थ नगरी शुकतीर्थ स्थित गुरुकुल संस्कृत महाविद्यालय के सभागार में रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व खंड संचालक श्रीकृष्ण आर्य की रस्म तेहरवीं पर जन प्रतिनिधियों, गणमान्य लोगों ने दी मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा में जिला पंचायत अध्यक्ष डा. वीरपाल निर्वाल ने कहा कि श्रीकृष्ण आर्य ने अपने जीवनकाल में सदैव राष्ट्र सेवा, संगठन और समाज की सेवा को प्राथमिकता दी। उनके मार्गदर्शन और विचारों से अनेक कार्यकर्ता प्रेरित होते रहे। आरएसएस के सेवा प्रमुख मुकेश ने कहा कि श्रीकृष्ण आर्य ने संघ और समाज में अपनी छाप छोडी है। महा मंडलेश्वर स्वामी गोपालदास महाराज, भाजपा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय मंत्री अमित राठी, ब्लॉक् प्रमुख अनिल राठी, रालोद मंडल अध्यक्ष प्रभात तोमर, सेवानिवृत प्रधानाचार्य प्रेमशंकर मिश्रा, श्रीकृष्ण धाम के परमाध्यक्ष आचार्य इंद्रपाल आर्य, अयोध्या प्रसाद मिश्र, स्वामी भक्ति भूषण महाराज प्रधान राजपाल सैनी, राम कुमार शर्मा, नीरज शास्त्री, मनोहर शर्मा, विनोद शर्मा, निरंजन, अजय, बालेश्वर, पुनित, सुन्दर गुर्जर, देवेंद्र आर्य, पत्नी सूरजवती व बेटे यशपाल, अवधेश, नीरज, देवपाल, विकास मौजूद रहे।

## राधा अष्टमी पर मंदिर में उमड़े श्रद्धालु

**धामपुर।** नगर के सिद्धपीठ श्री बालाजी मंदिर में राधा अष्टमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी और श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से दर्शन किए। मंदिर स्वामित्वत महंत डॉ. अमित गिरी महाराज ने राधा-कृष्ण को सुंदर वस्त्राभूषण पहनाए। पुजारिन पूनम गिरी ने राधा रानी का अलौकिक श्रृंगार किया। महंत आदित्य गिरी की मौजूदगी में मुख्य अजमान सुधीर अग्रवाल उर्फ मुन्ना ने आरती उतारी। इसके बाद मंदिर परिसर में पंचमेवा, फल और मिष्ठान का भोग अर्पित किया गया। महंत डॉ. अमित गिरी ने सभी भक्तों को प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर पुजारिन पूनम गिरी, प्रशांत यादव, अखिलेश शर्मा, अमित शर्मा, भुवनेश्वर प्रसाद रस्तोगी, आकाश जोशी रहे।

# सभासद इमरान कुरेशी ने दो पक्षों में कराया फैसला

शाह टाइम्स संवाददाता

**बुढ़ाना।** नगर पंचायत बुढ़ाना के वार्ड नंबर 13 के सभासद इमरान कुरेशी के प्रयास से दो पक्षों में फैसला हो गया। बीते दिन दोनों पक्षों में नाली में गोबर बहाने को लेकर खूनी संघर्ष हो गया था। जिनमें एक तरफ से तीन लोग घायल हो गये थे। उधर बुढ़ाना पुलिस ने भी आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही शुरु कर दी थी लेकिन जब यह मामला आज रविवार की देर शाम सभासद इमरान कुरैशी के दरबार में पहुंचा तो उन्होंने पहले दोनों पक्षों से अलग अलग बात की और फिर दोनों पक्षों को अपने आवास पर बुलाकर काफी जद्दोजहद के बाद दोनों पक्षों को यह कहकर मना लिया कि मुकदमेबा. जी करने में दोनों पक्षों का ही नुकसान है। फिर भी बाद में फैसले ही होते हैं। तब दोनों पक्षों की समझ में यह बात आई तो पीड़ित पक्ष ने सारी बात सभासद इमरान कुरैशी के उपर छोड़ दी। तब उन्होंने पीड़ित पक्ष को सांत्वना दी तो दोनों पक्षों ने सभी भेदभाव भुलाते हुए फैसला कर लिया। सभासद इमरान कुरैशी के द्वारा कराए गये इस फैसले की प्रशंसा पूरी कुरैशी समाज में हो रही है कि उन्होंने दोनों परिवारों को बर्बाद होने से बचा लिया। इस दौरान अल्ताफ कुरैशी, हाजी अन्नू, इरशाद, सलीम कुरैशी सभासद, सभासद राशिद कुरैशी, हाजी बाबू, भूरा कुरैशी, जफर उर्फ मुन्ना कुरैशी और हाजी इंतजार, अनीस कुरैशी और शमशाद कुरैशी आदि लोग मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला सफीपुर पटी लुहसाना रोड केंतवाली मस्जिद निवासीगण आसिफ और अनीस पक्ष में झगड़ा हो गया था।

# प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक हुई आयोजित



शाह टाइम्स संवाददाता

**बुढ़ाना।** आज रविवार के दिन मुजफ्फरनगर शहर में एक स्थान पर प्राथमिक शिक्षक संघ की एक आवश्यक बैठक का सफल आयोजन किया गया। जिसमें मुजफ्फरनगर जनपद के कई पदाधिकारी सर्व सम्मति से विभिन्न पदों पर नियुक्त किये गये।

जिसमें बुढ़ाना ब्लाक से ठाकुर सतेन्द्र कुमार प्राथमिक विद्यालय बडकता को जिला संयुक्त मंत्री नियुक्त किया गया और योगेश कुमार शर्मा प्राथमिक विद्यालय रसूलपुर दभेडी को जिला मंत्री के पद पर नियुक्त किया गया।

इस दौरान यहां पर दोनों पदा. धिकारियों को मुबारकबाद दी गयी और फूल मालाओं से स्वागत किया गया। यहां ब्लाक बुढ़ाना से उपस्थित अध्यापकों में मुख्य रूप से हरीश शर्मा, प्रवीण कुमार सहायक अध्यापक, विपिन कुमार, संजीव कुमार और अमरीश कुमार ब्लाक अध्यक्ष आदि शिक्षकों की भी उपस्थिति देखने को मिली। उधर नये पदाधिकारी प्राथमिक शिक्षक संघ मुजफ्फरनगर के जिला मंत्री मास्टर योगेश शर्मा को उनके शुभचिंतकों ने बधाई दी।

# मकतब मिराज मस्जिद में 'ख़त्म-ए-नबूवत' क्विज़ व पुरस्कार वितरण

शाह टाइम्स संवाददाता



**मुज़फ्फरनगर।** मकतब मिराज मस्जिद में तहफ़्फ़ुज़-ए-दीन ख़त्म-ए-नबूवत मीडिया शाखा, मुज़फ्फरनगर के तत्वावधान में ख़त्म-ए-नबूवत क्विज़ प्रतियोगिता एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम सफलता के साथ आयोजित हुआ।

इस अवसर पर उलेमा-ए-किराम ने अपने संबोधनों में अक़ीदा-ए-ख़त्म-ए-नबूवत की अहमियत पर प्रकाश डाला और नौजवान पीढ़ी से दीन व ईमान की हिफ़ाज़त के लिए सदैव सजग रहने की अपील की। सूबाई अध्यक्ष मौलाना सुहैल अख़्तर रहीमी ने अपने विस्तृत संबोधन में कहा कि ख़त्म-ए-नबूवत ईमान की बुनियाद है और रसूल-ए-अकरम की शान व सिफ़ात की रक्षा हर मुसलमान पर अनिवार्य है। आज पूरी उम्मत को नामूस-ए-रसालत के बचाव के लिए एकजुट होकर मैदान में उतरना होगा। मौलाना आरिफ़ क़ासमी ने कहा कि रसूल-ए-अकरम ﷺ से मुहब्बत और आपकी सिफ़ात पर पूर्ण ईमान के बिना कोई मुसलमान वास्तविक सफलता प्राप्त नहीं कर सकता।

मौलाना मोहम्मद अहमद ने कहा कि विद्यार्थियों को एवं आधुनिक शिक्षा में दक्ष होकर इस्लाम का पैग़ाम दुनिया तक पहुँचाना चाहिए। मौलाना आदिल ने कहा कि ज्ञान ही मनुष्य को ऊँचाई देता है और दीन-ए-इस्लाम उसी ज्ञान का सर्वोच्च स्रोत है। प्रतियोगिता के परिणाम मौलाना मुशर्रफ़ क़ासमी ने घोषित किए और सफल छात्र-छात्राओं को उलेमा-ए-किराम के करकमलों से प्रमाणपत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए।

कार्यक्रम में उलेमा और गणमान्य लोगों की बड़ी संख्या उपस्थित रही, जिनमें मौलाना शाह नवाज़, मुफ़्ती मोहम्मद आरिफ़ बग़रा, क़ारी मोहम्मद मुबीन रहीमी, क़ारी नवाज़ हाशमी, हाफ़िज़ ज़फ़रयाब आदि विशेष रूप से सम्मिलित रहे। अंत में कार्यक्रम के मेज़बान मौलाना मोहम्मद शाहिद साहब ने सभी सम्मानित मेहमानों, उलेमा ए किराम, छात्र-छात्राओं और प्रतिभागियों का हृदय से धन्यवाद अदा किया।

# जहारवीर गोगा जी की म्हाडी पर मेला छड़ियान एक सितम्बर से

**निशान और प्रसाद चढ़ाकर मांगते है मन्नतें**

शाह टाइम्स संवाददाता

**पुरकाजी।** जहारवीर गोगाजी कि स्मृति तीन दिवसीय मैला छडियान एक सितम्बर से आयोजित किया जायेगा जिसकी तैयारी चर्म सीमापर है । मैले मे अभी से दुकाने सजने लगी है मैले मे भारी संख्या में दूर दराज से श्रद्धालु जहारवीर गोगा. जी की म्हाडी पर निशान और प्रसाद चढाकर पर अपनी मन्नते मांगते है

कस्बे में प्राथमिक स्वाथ्य केन्द्र के मुख्य द्वार पर स्थित जहारवीर गोगा जी की म्हाडी पर तीन दिवसीय मैला छडियान अगामी एक सितम्बर से आयोजित किया जायेगा मैले के आयोजक भगत राजकुमार कश्यप पंकज कश्यप तथा सुरेशकुमार कश्यप ने बताया है जहारवीर गोगा. जी की स्मृति में उनकी म्हाडी पर प्रत्येक वर्षो से मैले छडियान का आयोजन किया जाता है इस वर्ष भी तीन दिवसीय मैले का आयोजन एक सितम्बर से प्रारम्भ होगा। जिनकी तैयारी विगत कई दिनो से जोरोपर चल रही है।

बताते चले मैले मे अभी से दुक. ाने सज कर तैयार हो गयी है मैले मे खेल खिलाने मिट्टी के बर्तन मिठाई एवं स्वादिष्ट चाट पकौडी तथा हलवा पराठा श तथा देनिक उपयोगी बस्तु की दुकाने लग चुकी है तथा बच्चो के मनोरंजन के लिए मैले मे विभिन्न प्रकार के झूले हिँडौले लगने प्रारम्भ हो गये है ।

भारतीय संस्कृति परम्पराओं के अनुसार जहारवीर गोगाजी की म्हाडी पर उनकी स्मृति मे आयोजित मैला छडियान में कस्बे और क्षेत्र के ग्रामीण आंचलो के अलावा दूर दराज से भी भारी संख्या मे श्रद्धालु भारी आस्था और श्रद्धापूर्वक - म्हाडी में निशान और प्रसाद चढाते है तथा अपने परिवार के लिए सुख समृदि शान्ति की मन्नते मांगते है कहा जाता है जो श्रद्धालु श्रद्धा पूर्वक उनकी म्हाडी पर पहुंचकर नतमस्तक होकर मन्नते मांगते है जहारवीर गोगाजी अपने सभीभक्तो की मन्नते पूर्ण करते है ।

## हिमानी चौधरी ने बाजी मारी

**बिजनौर।** कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस, बिजनौर के एमएसडब्ल्यू द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। समाज कार्य विभाग के विभागाध्यक्ष गोपाल स्वरुप सिंह ने बताया कि एमएसडब्ल्यू द्वितीय सेमेस्टर में हिमानी चौधरी ने 76.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, हिमांशु ने 68.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा गौतम कुमार ने 67.00 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय परिवार इन सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हैं। कृष्णा कॉलेज कॉलेज ऑफ साइंस की प्राचार्या डा. सीमा शर्मा ने सभी उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि कृष्णा कॉलेज का परिणाम सदैव ही उत्तम रहा है।

# प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्रों का सर्वे शुरू

**मुजफ्फरनगर।** परियोजना निदेशक, जिला ग्राम विकास अभिकरण दिग्विजय नाथ तिवारी ने बताया है कि शासन के निर्देश के क्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अन्तर्गत आवास प्लस 2018 की सूची में पात्र लाभार्थियों का नाम जोड़ने के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये है। उक्त निर्देशों के अनुपालन में जनपद के 09 विकास खण्डों की 487 ग्राम पंचातयों में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण सर्वे-2024 अन्तर्गत पात्रों का सर्वे का सत्यापन कार्य 15. मई 2025 को पूर्ण हो चुका है, जिसमें सेल्फ सर्वे 786, असिस्टेड सर्वे 3075 कुल 3861 सर्वेक्षित परिवार है। शासन के निर्देशों के क्रम में सेल्फ सर्वे लाभार्थियों का सत्यापन सर्वेयर द्वारा किया जा रहा है। साथ ही चेकर्स द्वारा सत्यापित सेल्फ सर्वे एवं असिस्टेड लाभार्थियों का सत्यापन चैकर्स द्वारा प्रारम्भ कर दिया गया है, जिसमें सेल्फ सर्वे का 454 का चेकर द्वारा तथा असिस्टेड द्वारा 2027 का सत्यापन किया जा चुका है। तदोपरान्त वैरीफायर्स द्वारा सत्यापन की कार्यवाही की जायेगी। ग्राम पंचायत सचिव एवं खण्ड विकास अधिकारी को जो भी प्रार्थना पत्र प्राप्त होगें उसकी अलग से पत्रावली बनाकर रखी जायेगी तथा जो भी निस्तारण होगा उसका भी पत्रावली में रक्षित किया जायेगा। विकास खण्ड से किये गये निस्तारण की अपील आवेदक डी.आर.डी.ए. में कर सकता है, जिसका निस्तारण मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में गठित अपीलीएट कमेटी द्वारा किया जायेगा।

# पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे मंत्री धर्मवीर

**मुजफ्फरनगर।** वैष्णो देवी हादसे में मारे गए रामपुरी के परिजनों से मिलने पहुंचे प्रदेश सरकार के होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने परिजनों ने सांत्वना देते हुए द्विवगंत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मोन रख कर भगवान से प्रार्थना की। रविवार को उत्तर प्रदेश के होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा मंत्री स्वंतत्र प्रभार धर्मवीर प्रजापति ने कहा कि यह घटना अत्यंत दुर्भाग्य पुण है और पूरे राज्य की संवेदना मृतों के परिजनों के साथ है। उन्होने कहा कि राज्य सरकार की ओर से शोक संतप्त परिवार को दी गई है। इस दौरान उन्होने पीड़ित परिवार को चार लाख रूपये सहायता राशि की भी जानकारी दी।



# श्री गणेश महोत्सव के चौथे दिन भजनों पर झूमे श्रद्धालु

शाह टाइम्स संवाददाता

**पुरकाजी।** श्री गणेश चतुर्थी के उपलक्ष पर श्रीगणेश महोत्सव युवा कमेटी द्वारा अपने चौथे श्री गणेश महोत्सव के चौथे दिन शनिवार कि रात्री श्रीगणपति बाबा जी के भव्य जगराता में खाईखेडी रोड निरंकारी सत्संग भवन मलखान वैकट हाल में रोहित नादान एंड पार्टी ग्रुप के भजन प्रवाहक रोहित नादान एव अजय नादान मंच संचालक मनोज रोहिला भजन प्रवाहक गोविंद वेखानस द्वारा श्रीगणपति बाबा का गुणगान किया गया है । तथा अर्जुन म्यूजिक ल ग्रूप शामली तथा दीपक बर्मन आर्टस ग्रूप रुडकी द्वारा निर्मित मटकी फोड कार्यक्रम . बरसाना की होली श राधा कृष्ण की भव्य झाकियो के संग श्रद्धालु देर रात तक जमकर थिरके तथा राधारानी कृष्ण के संगअबीर गुलाल तथा फूलो की होली . जमकर खेली गई । कार्यक्रम के समापन से पूर्व श्री गणपति जी की विशेष पूजा अर्चना महाआरती कर लडडू का भोग लगाया गया तथा प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान इस धार्मिक कार्य मे पावन सानिध्य पंडित धनश्याम दास शर्मा (गुरु जी) आचार्य पंडित विपुल भरद्वाज (फलौदा) श्रीगणेश महोत्सव युवा कमैटी अध्यक्ष अंकुर गुप्ता पुत्र ब्रजकिशोर गुप्ता बिट्टू ऋषभ गोयल तथा महामंत्री कार्तिक शर्मा यश भृगु वंशी, राधव गोयल निशान्त चंचल दिनेश थरानिया तथा कोषाध्यक्षकृष्ण वर्मा सोनू कश्यप श राहुल सैनी शतुषार चंचल आदि की देखरेख उचित व्यवस्था मे चल रहा है ।

# चिकित्सा शिविर में दिए गए स्वस्थ रहने के टिप्स

शाह टाइम्स संवाददाता



**मुज़फ्फरनगर।** सन्तोष मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा आर के ट्रस्ट के सहयोग से खालापार स्थित मुश्ताक मंजिल पर आज एक नि:शुल्क परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ वरिष्ठ भाजपा नेता एवं नामित सदस्य स्वास्थ्य विभाग सुभाष चौहान ने मुख्य अतिथि के रूप में फीता काटकर किया। इस अवसर पर सन्तोष हॉस्पिटल के एम.डी. डॉ. आदित्य चौहान, दवा व्यापारी नेता सचिन त्यागी, अरुण प्रताप सिंह, सतीश तायल तायल मेडिकोज, अभिनव नागर, वार्ड 50 के सभासद अब्दुल सत्तार, मौलाना मोहम्मद रजी उर रहमान, मौलाना मोहम्मद अहमद (इमाम-खतीब मस्जिद गुलजार), युनुस, फार्मासिस्ट विकास मोघा, अनुज (सन्तोष हॉस्पिटल), सागर सहित हॉस्पिटल का स्टाफ व ट्रस्ट के जुड़े लोग, अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। मुख्य अतिथि सुभाष चौहान ने कहा कि नि:शुल्क परामर्श शिविर समाज सेवा की दिशा में एक सराहनीय कदम है। ऐसे आयोजन गरीब एवं जरूरतमंद लोगों के लिए वरदान साबित होते हैं।

भाजपा सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को आमजन तक पहुँचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है, वहीं निजी संस्थाओं द्वारा इस तरह की पहल अत्यंत प्रशंसनीय है। इस अवसर पर सुभाष चौहान ने कहा कि जो अस्पताल पूर्ण रूप से वैध है एवं पूरी प्रामाणिकता के साथ अपनी सेवाएं दे रहे हैं उनको बेवज़ह ही स्वास्थ्य विभाग के द्वारा परेशान ना किया जाए एवं उन्होंने कहा कि जो फर्जी अस्पताल गली मोहल्ले में बिना डिग्रियों के चल रहे हैं और जो डिलीवरी भी करवा रहे हैं उनके खिलाफ शीघ्र ही स्वास्थ्य विभाग के द्वारा अभियान चलाया जाएगा एवं सख्त कार्यवाही कराई जाएगी। सन्तोष हॉस्पिटल प्रबंधन ने बताया कि शिविर में सभी प्रकार की खून की जाँच एवं अल्ट्रासाउंड पर 30 से 50 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। साथ ही सभी ऑपरेशनों पर 30 प्रतिशत तक डिस्काउंट रहेगा और मरीजों को दवाइयाँ पूरी तरह निरूशुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं।

# गन्ना पर्यवेक्षक संघ का चुनाव सम्पन्न



**मुजफ्फरनगर।** गन्ना किसान संस्थान मुजफ्फरनगर में गन्ना पर्यवेक्षक संघ का द्विवार्षिक चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पधारे गन्ना पर्यवेक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष देवेंद्र कुमार व चुनाव पर्यवेक्षक संजीव लांबा जिलाध्यक्ष राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद मुजफ्फरनगर के पर्यवेक्षण में यह चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराई गई। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला मंत्री बागपत विजयपाल मौजूद रहे। कार्यक्रम में जिले की सभी गन्ना विकास परिषदो के गन्ना पर्यवेक्षकों ने भाग लिया और अपने विचार रखकर संगठन की समस्याओं पर चर्चा की और संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। पूर्व जिलाध्यक्ष मदनपाल द्वारा पुरानी कार्यकारिणी को भंग किया गया। इसके बाद चुनाव पर्यवेक्षक की मौजूदगी में जिलाध्यक्ष, जिला महामंत्री, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष व संप्रेक्षक पद के लिए पर्चे भरे गए। जिसमें सभी पदों पर 1-1 ही आवेदन आने पर निर्विरोध रूप से जिलाध्यक्ष पद पर संजय कुमार राय, जिला महामंत्री हर्ष गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विपिन चिकारा, कोषाध्यक्ष शिवाकांत द्विवेदी व संप्रेक्षक इन्द्रपाल सिंह को चुना गया। चुनाव अधिकारी द्वारा सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त पूर्व जिलाध्यक्ष गन्ना पर्यवेक्षक ब्रजबीर सिंह द्वारा की गई । नवनिर्वाचित जिला महामंत्री हर्ष गुप्ता द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान जिले के सभी गन्ना पर्यवेक्षक मौजूद रहे व नवनिर्वाचित कार्यकारणी को बधाई दी।

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# ट्रांसपोर्टर का शव वीवी पीजी कॉलेज के निकट मिला, हत्या की आशंका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** रविवार को क्षेत्र के गांव धनेना निवासी एक ट्रांस्पोर्टर का शव शहर के माजरा रोड स्थित वीवी पीजी कालेज के निकट पडा मिलने से सनसनी फैली गई। लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव की शिनाख्त कर परिजनों को सूचना दी। पुलिस ने फोरेंसिक जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही मृतक की स्कूटी, मोबाइल फोन और रूपए घायब मिलने से परिजनों ने हत्या की आशंका व्यक्त की है। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की है।



हाल में शहर कोतवाली क्षेत्र के बुढ़ाना रोड निवासी व मूल रूप से गांव धनेना निवासी 53 वर्षीय राजेंद्र उर्फ पप्पू पुत्र ब्रजपाल सिंह अपने भाई जितेन्द्र प्रधान के साथ विकास बस डिपो के नाम से बसों का संच. ालन करते थे। बताया जाता है कि रविवार सुबह करीब 9 बजे अजेन्द्र उर्फ पप्पू अपनी स्कूली पर सवार होकर शहर के बुढ़ाना रोड़ स्थित मकान से शहर के मिल रोड स्थित ट्रांस्पोर्ट के ऑफिस के लिए निकले थे, लेकिन वह ऑफिस नही पहुंचे। दोपहर करीब 12 बजे पुलिस को आसपास के लोगों ने सूचना दी कि आदर्श मंडी थाना क्षेत्र के माजरा रोड पर वीवी पीजी कालेज के पीछे रास्ते में एक व्यक्ति का शव मिला है। शव की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव की शिनाख्त अजेन्द्र के रूप में की गई। पुलिस ने मामले की सूचना परिजनों को देते हुए फोरेंसिक टीम को बुलाकर मामले की जांच पड़ताल कराई और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के भाई जितेंद्र सिंह ने बताया कि मृतक के पास से स्कूटी और मोबाइल फोन व जेब से नकदी गायब है। उन्होंने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस से कार्यवाही की मांग की। अजेन्द्र की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। मृतक अपने पीछे एक बेटा एक बेटी छोड गया है, जो बाहर रहकर पढाई कर रहे है। थाना प्रभारी आदर्श मंडी राजेंद्र गिरी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। आसपास माजरा रोड व मकान के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की भी जांच की जा रही है।

## युवक की संदिग्ध हालात में मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** क्षेत्र के दिल्ली रोड पर रविवार को उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब एक युवक की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई और मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। रविवार को शामली कोतवाली क्षेत्र के गांव लिसाढ़ निवासी 32 वर्षीय विक्की उर्फ विकास पुत्र सुरेश क्षेत्र के दिल्ली रोड पर पालतू जानवर गाड़ी में भर रहा था।

इसी दौरान अचानक उसकी हालत खराब हो गई और वह वहीं गिर पड़ा। साथ में मौजूद लोगों ने आनन-फानन में उसे उठाकर तुरंत शामली शहर स्थित डॉक्टर खुर्शीद अनवर के नर्सिंग होम पहुंचाया। डॉक्टरों ने जांच के बाद विक्की को मृत घोषित कर दिया।युवक की मौत की सूचना मिलते ही परिजन नर्सिंग होम पहुंच गए। वहां परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया और घर में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना पाकर कांधला पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।थाना प्रभारी सतीश कुमार ने बताया कि युवक की मौत किन कारणों से हुई, यह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया है।

## बूंदाबांदी से मौसम हुआ सुहावना





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** रविवार को दिनभर आसमान में काले बादल छाए रहने और बूंदाबांदी होने से मौसम खुशग. वार हो गया। बारिश के साथ लोंगों को उमस भरी गर्मी से निजात मिल सकी। वही दिनभर रूक-रूककर बारिश होने से कई स्थानों पर कीचड़ और जलभराव की समस्या का भी सामना करना पड़ा।

पिछले दो दिनों से उमस भरी गर्मी ने लोगों को परेशान कर दिया था। शनिवार को तेज धूप असहनीय रही, जिस कारण लोगों का धूप में खड़ा होना भी मुश्किल हो रहा था। वही रविवार सवेरे अचानक मौसम ने करवट बदली और सवेरे से ही आसमान में काले बादल छाए रहे। सवेरे करीब 11 बजे से बूंदाबांदी शुरू हो गई थी, जो दिनभर जारी रही। रूक-रूककर हो रही बारिश के बाद लोगों को उसम भरी गर्मी से राहत मिल सकी। बारिश के बाद तापमान में भी गिरावट देखने को मिली। मौसम का अधिकतम तापमान 32 डिग्री सैल्सियस से गिरकर 28 डिग्री सैल्सियस रह गया। वही न्यूनतम तापमान में भी गिरावट आई, जिसमें 26 डिग्री सैल्सियस से गिरकर रविवार को न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया। उमस भरी गर्मी से राहत मिलने से मौसम खुशगवार बना रहा। वही बारिश के बाद कई स्थानों पर कीचड़ और जलभराव की समस्या का सामना करना पड़ा। सबसे अधिक परेशानी मौहल्ला नौकुआ रोड, बरखंडी रोड़, हाजी कालोनी, पंसा. रियान में देखने को मिली। यहां नगर पालिका द्वारा कोई विकास कार्य न कराए जाने से जलभराव की समस्या बनी रही।

## राधा अष्टमी पर ठाकुरद्वारा मंदिर एवं बालाजी धाम में भजन-कीर्तन













**शाह टाइम्स टीम**

**थाना भवन।** रविवार को राधा अष्टमी का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर के ठाकुर द्वारा मंदिर एवं बाला. जी धाम में भव्य भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें नगर एवं आस-पास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। सहारनपुर से आए भजन गायक करण कौशिक एंड पार्टी ने अपनी वाणी से एक से बढ़कर राधा-कृष्ण के भजनों की धुन बजी, वैसे ही भक्त भक्ति रस में झूम उठे। पूरा मंदिर परिसर ष्राधे-राधेष और ष्श्याम नाम की मिठासष से गूंज उठा। बाला जी धाम मे आयोजित कार्यक्रम में महिला- श्रद्धालुओं ने दीप जलाकर राधा रानी और कृष्ण की पूजा-अर्चना की। भजनों के बीच तालियों और जयकारों की गूंज से वातावरण और भी भक्ति मय बन गया। महिलाओं ने जमकर राधे राधे का जयघोष करते हुए पुष्प वर्षा करते हुए जमकर झूमी आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं का स्वागत करते हुए प्रसाद वितरण किया। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने राधा-कृष्ण की भक्ति में डूबकर राधा अष्टमी के पर्व को यादगार बना दिया। पंडित रामानुज शास्त्री ने धार्मिक पूजन कराया,किरण गर्ग सोनिया गर्ग अंजली रश्मी गर्ग सुनिता अग्रवाल अनिता गोयल शोभा रानी सरोज देवी कमलेश तायल आदि बड़ी संख्या मे महिलाओं ने सहभागिता की।

**शामली।** रविवार को राधा अष्टमी पर्व जिलेभर में धूमधाम एवं भक्तिभवना के साथ मनाया गया। विभिन्न राधा कृष्ण मंदिरों में संकीर्तन, पूजन व विशाल भंडारों का आयोजन किया गया। जिसमें भाग लेकर श्रद्धालुओं ने धर्मलाभ उठाया।

शहर के गांधी चौक स्थित कृष्ण कुटी मंदिर में देर शाम बांके बिहारी पालकी यात्रा सेवा ट्रस्ट द्वारा राधा अष्टमी महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया।

इस दौरान संकीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें शहर के भजन गायक सौरभ वर्मा व हरीश नामदेव ने राधा रानी के सुंदर भजन प्रस्तुत कर सभी श्रद्धालुओं का झूमने पर विवश कर दिया। देर रात्रि महाआरती की गई, जिसके बाद विशाल भंडारा आयोजित किया गया। मौके पर अर्पित गुप्ता, राघव जैन, आकाश संगल, अनमोल सिंघल, आनंद कुमार, शिवांग गर्ग आदि मौजूद रहे। इसके अलावा शहर के सिद्ध पीठ मंदिर हनुमान टीला हनुमान धाम पर राधाष्टमी पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य यजमान मंदिर समिति के अध्यक्ष सलिल द्विवेदी एवं महासचिव राजकुमार मित्तल संयुक्त रूप से रहे। कार्यक्रम का विधिवत पूजन पंडित मोहित वशिष्ठ एवं अरुण गौड़ के द्वारा किया गया। तत्पश्चात भगवान राधा कृष्ण की महाआरती की गई। तत्पश्चात भगवान को भोग लगाकर भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सभी भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। राधाष्टमी पर्व के उपलक्ष्य में भजन संध्या का आयोजन किया गया है जिसमें करुणा चौहान द्वारा भगवान को रिझाया जाएगा। कार्यक्रम में रमेश धीमान, पुनीत द्विवेदी, वंश नामदेव, शिवम गिरी, आशु निर्वाल, मोहित कुमार, वीरेंद्र ओझा, घनश्याम शास्त्री, अमित प्रजापति, भोला शर्मा मौजूद रहे।

**शामली।** शहर के हलवाई हटटा स्थित सत्यनारायण शिव मंदिर में राधाष्टमी महामहोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। रविवार को राधाष्टमी के उपलक्ष्य में सत्यनारायण शिव मंदिर हलवाई हट्टा शामली में कान्हा के दीवाने द्वारा लाडली सरकार का जन्मोत्सव बड़े धूम धाम से मनाया गया। जिसमें राधा रानी का भक्तो ने पंचामृत से अभिषेक किया गया। उसके पश्चात लाडली सरकार संग ठाकुर की महाआरती की गई। जिसमे अमित मित्तल, सभासद रोबिन गर्ग, शुभ कंसल, अनमोल गर्ग, शिवम शर्मा, हर्ष गर्ग, हर्षित मित्तल, वरूण बिंदल, पारस गर्ग, शुभम गर्ग, अंकुर गोयल, लव वर्मा, अंकित वर्मा, सचिन नामदेव आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**कांधला।** उप निरीक्षक ओंकारनाथ पांडे के द्वारा बताया गया कि मुखबिर द्वारा सूचना मिली थी कि एक तस्कर क्षेत्र के कैराना मार्ग स्थित मलकपुर रजवाहे पटरी पर मादक पदार्थों की तस्करी करने वाला है सूचना पर पहुंची पुलिस ने मुखबिर के बताए गए स्थान पर पहुंचकर घेराबंदी करते हुए तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक ओंकार नाथ पांडे, हेड कांस्टेबल सुशील बुटार और कांस्टेबल राजबीर सिंह शामिल रहे। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने कहा की नशे के कारोबार में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और क्षेत्र कोनशामुक्त बनाने के लिए पुलिस हरसंभव कदम उठा रही है। साथ ही उन्होंने लोगों से अपील की कि नशे की जानकारी तुरंत पुलिस को दें और इस मुहिम में सहयोग करें।

### सड़क हादसों में दंपति व वृद्ध घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**कांधला।** शामली कोतवाली क्षेत्र के गांव लांक निवासी अमित अपनी पत्नी सोनम के साथ बाइक पर सवार होकर बागपत के गांव किरठल में गया हुआ था। रविवार को दंपती वापस लौट रहे थे। बाइक सवार जैसे ही कस्बे के दिल्ली सहारनपुर हाइवे पर पर कस्बे के निकट पहुंचे, तो बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। जिसमें दंपती घायल हो गए। राहगीरों ने मामले की सूचना 108 एंबुलेंस को दी। सूचना मिलने पर एंबुलेंस कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर घायलों को कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को शामली के लिए रेफर कर दिया है। दुसरी और गांव आल्दी निवासी वृद्ध दिव्यांग इलियास रविवार को अपने गांव से बैटरी की रिक्शा में सवार होकर गांव गुज्जरपुर जा रहा था। रास्ते में अज्ञात वाहन चालक ने वृद्ध को टक्कर मार दी। जिसमें पीड़ित वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंच कर घायल को कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। डाक्टरों ने उसे भी शामली के लिए रेफर कर दिया है। पीड़ित परिजनों ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। पुलिस वाहन चालक की तलाश कर रही है।

### खड़ी वैन में ट्रैक्टर ने मारी टक्कर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** गांव रजाकनगर निवासी संजय ने थाना झिंझाना में दी तहरीर में बताया कि उसकी पत्नी अंजू और सोमवती पत्नी करेशन वैन से उतर रही थीं। उसी दौरान पीछे से तेज गति से आ रहे ट्रैक्टर ने वैन को टक्कर मार दी, जिससे दोनों महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। परिजनों ने आनन-फानन में दोनों को शामली के निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया। संजय ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### लोक अदालत का आयोजन 13 को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद में 13.9.2025 दिन शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत के सम्बन्ध में जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान ने समस्त पीठासीन अधिकारी, समस्त विभागाध्यक्ष, जनपद शामली को निर्देशित किया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु व्यापक प्रचार प्रसार कराते हुए अपने-अपने न्यायालयों/विभागों से सम्बन्धित अधिका. धिक उपयुक्त वादों, दीवानी वाद, 138 एनआई एक्ट, आर्बोट्रेशन मामलों तथा सभी प्रकार का चालानी वाद, राजस्व वाद व बैंक सम्बन्धी आदि वादों का चिन्हांकन कराकर उक्त वादों का 13.9.2025 को राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित करने हेतु प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### भर्ती शिविरों का आयोजन आज से

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद में सुरक्षा सैनिक व सुरक्षा सुपरवाइजर भर्ती के लिए एक सितम्बर से चयनित इंटर कॉलेजों में दो दिवसीय भर्ती शिविरों का आयोजन किया जाएगा। यह भर्ती शिविर एसआईएस इंडिया लिमिटेड, देहरादून के तत्वावधान में होंगे। जिला विद्यालय निरीक्षक लता राठौर ने बताया कि विकासखंडवार चयनित 9 विद्यालयों में प्रात: 10 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक भर्ती शिविर आयोजित होंगे। चयनित उम्मीदवारों को प्रशिक्षणोपरांत स्थाई रोजगार दिया जाएगा। बताया कि सुरक्षा सैनिक के लिए हाईस्कूल पास फेल, आयु 19 से 40 वर्ष, लंबाई 168 सेमी, सीना 80-85 सेमी, वजन 56-90 किलो होना चाहिए। सुरक्षा सुपरवाइजर के लिए इंटरमीडिएट उत्तीर्ण होना आवश्यक। चयनित अभ्यर्थियों का पंजीकरण 350 रुपये शुल्क लेकर किया जाएगा।

## रक्तदान में युवाओं ने लिया हिस्सा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** सर्वोदय जन कल्याण समिति चौसाना के आह्वान पर रविवार को एक विशाल रक्तदान शि. विर का आयोजन किया गया। शिविर में युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और रक्तदान कर समाज सेवा का उदाहरण प्रस्तुत किया। सुबह से ही लोगों में उत्साह देखने को मिला और धीरे-धीरे बड़ी संख्या में रक्तदाता शिविर स्थल पर पहुंचते रहे। समिति की ओर से बताया गया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराना है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में लोगों की जान बचाई जा सके। रक्तदान करने वाले प्रत्एक व्यक्ति को डोनर कार्ड भी दिया गया, जिससे भविष्य में आवश्यकता पड़ने पर उन्हें भी रक्त उपलब्ध कराया जा सके। शिविर में डॉक्टर तैयब, राणा अभिषेक कुमार, अर्पित चौधरी, शहीद राणा, साबिर राणा और नफीस सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। डॉक्टरों की टीम ने रक्तदाताओं की जांच कर



सुरक्षित वातावरण में रक्त संग्रह किया। कार्यक्रम में शामिल युवाओं ने कहा कि रक्तदान करना सबसे बड़ा दान है क्योंकि इससे न केवल किसी की जिंदगी बचाई जा सकती है बल्कि रक्तदाता को भी स्वास्थ्य लाभ मिलता है। समिति के पदाधिकारियों ने रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आगे भी ऐसे सामाजिक कार्य लगातार आयोजित किए जाएंगे। गांव के लोगों ने भी इस पहल की सराहना की और युवाओं की भागीदारी को प्रेरणादायक बताया। शिविर के दौरान अनुशासन और उत्साह का माहौल बना रहा। कुल मिलाकर यह आयोजन सफल और सार्थक साबित हुआ, जिससे समाज में रक्तदान के महत्व को और मजबूती मिली।

## जिले के पुलिस कप्तान बने एनपी सिंह



**शामली।** राज्य सरकार ने पुलिस विभाग में फेरबदल करते हुए शामली के पुलिस अधीक्षक रामसेवक गौतम का तबादला कर दिया है। उन्हें पीटीएस मुरादाबाद में पुलिस अधीक्षक पद पर भेजा गया है। वहीं उनके स्थान पर बागपत के एसपी नरेन्द्र प्रताप सिंह को शामली का नया पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया है। एसपी रामसेवक गौतम ने शामली में लगभग 13 माह तक अपनी सेवाएं दीं। उनके कार्यकाल के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए।एसपी रामसेवक गौतम द्वारा जिले में नशाखोरी के खिलाफ विशष अभियान चलाकर तस्करों को जेल भेजने, बैंक डकैती का महत्वपूर्ण खुलासा, हरियाणा के धागा व्यापारी से लाखों की लूट जैसे अहम खुलासे गए है। अब जिले की कमान संभालने वाले नए पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र प्रताप सिंह से लोगों को बेहतर पुलिसिंग की उम्मीदें हैं।

## बज्म-ए-अख्तरी कार्यक्रम में छात्राओं ने दिखाया उत्साह

**झिंझाना।** मदरसा जामिया तुस्सालिहात- तय्यिबात में छात्राओं ने बज्म-ए-अख्तरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता दारुल उलूम रशीदिया गंगोह के मौलाना रियाज थानवी ने की।

रविवार को मदरसे में अरबी चतुर्थ की छात्रा सालिहा ऐमन ने कहा कि ऐसी संस्थाओं और आयोजनों से छात्राओं को अपने भविष्य को संवारने का अवसर मिलता है, वहीं अरबी पंचम की छात्राओ में अरमाना मंसूरा, सिद्दफ, हादिया, कहकशां और फाइका ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यदि हम इन मंचों की महत्ता को समझकर कार्य करें तो निश्चित ही हमारा भविष्य उज्ज्वल होगा। मुख्य वक्ता मौलाना रियाज थानवी ने अपने संबोधन में कहा कि यदि छात्राओं ने इस तरह की शैक्षिक व सांस्कृतिक गतिविधियों से सही लाभ उठाया तो वे समाज में फैली कुरीतियों, अंधविश्वास और बुराइयों का अंत कर एक आदर्श समाज का निर्माण कर सकती हैं। मौलाना आबिद सैफुल्लाह झिंझानवी ने भी अपने संबोधन में छात्राओं को सदाचार, आत्मनिर्भरता





और नेक अमल की प्रेरणा दी। रईसुल जामिया शेखुल हदीस मौलाना इकराम रशीदी ने कहा कि ज्ञान और चरित्र ही जीवन निर्माण का आधार है। संचालन जामिया के नाजिम मौलाना तैय्यब कासमी ने किया। थाना प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार शर्मा ने सभी छात्राओं से कहा की निडर होकर शिक्षा ग्रहण करें। बाकी कार्य पुलिस पर छोड़ दे। मौलाना मोहम्मद अहमद रश्दी, हाफिज अय्यूब, कारी इरशाद, मुफ्ती अनवर शाह कश्मीरी, इकबाल खान, अनस खान, व्यापर मंडल अध्यक्ष विनोद सिंगल तथा हाजी बाला कुरैशी समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। अंत में जामिया के जनरल सेक्रेटरी गुलजार खान ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## विश्वकर्मा समाज के ने किया विश्वकर्मा क्रिकेट क्लब का गठन



**शाह टाइम्स संवाददाता**


**शामली।** खेलों को बढ़ावा देने और युवा प्रतिभाओं को आगे लाने के उद्देश्य से शामली में विश्वकर्मा समाज के पदाधिकारियों द्वारा विश्वकर्मा क्रिकेट क्लब का गठन किया गया। विश्वकर्मा समाज के अध्यक्ष अजय विश्वकर्मा ने बताया कि कोच संजय धीमान के मार्गदर्शन में क्लब की कार्यकारिणी का चयन हुआ है। जिसमें महासचिव प्रवीण पांचाल और कोषाध्यक्ष नीरज धीमान चुने गए। क्लब संयोजक मनोज धीमान ने बताया कि आने वाले समय में युवाओं के लिए क्रिकेट टूर्नामेंट और प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे, ताकि खेलों के प्रति उत्साह और प्रतिभा को बढ़ावा मिले। बीएसएम स्कूल के ग्राउंड में इस अवसर पर प्रदीप विश्वकर्मा, एडवोकेट विपिन जांगिड़, मनीष जांगिड, कन्हैया पांचाल, मनोज जांगिड़, कुलदीप विश्वकर्मा, सोहिल धीमान, प्रवीण पांचाल, मयंक धीमान, सचिन तावडा, लावण्य धीमान, शिवम विश्वकर्मा, विनीत जांगिड़, अजय पांचाल आदि मौजूद रहे।

## भगवान पुष्पदन्त का मोक्ष कल्याणक धूमधाम से मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जलालाबाद।** 1008 पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र जलालाबाद जनपद शामली में जैन धर्म के चल रहे दशलक्षण महापर्व के चतुर्थ दिवस उत्तम शौच धर्म भक्ति भाव के साथ मनाया गया। प्रात: कालीन बेला में जैन श्रावको में अतिशय क्षेत्र जलालाबाद में एकत्रित होकर प्रभु पार्श्वनाथ भगवान व प्रभु पुष्पदन्त भगवान का मंत्रो के साथ अभिषेक एवं शांतिधारा की ।





पूजन के बाद पण्डित सनत जैन ने उत्तम शौच धर्म के बारे में बताया कि उत्तम शौच धर्म का अभिप्राय आंतरिक और बाह्य दोनो प्रकार की पवित्रतासे है जहां बाह्य शुद्धि स्नान, स्वच्छता और संयम से होती है, वही आंतरिक शुद्धि काम, क्रोध, लोभ, मोह आदि विकारो से मुक्त होकर आत्मा को निर्मल बनाने से होती है। इसके बाद अर्पण जैन अनिल जैन सपरिवार की ओर से भगवान पार्श्वनाथ कल्याण मंदिर विधान उत्साव के साथ किया गया। आज सांय 48 काव्यो को पढकर 48 दीप जलाकर मानतुंग आचार्य जी द्वारा लिखा भक्तामर दीर्पाचन का पाठ शाील चन्द्र जैन, दीपा जैन आलोक जैन सपरिवार द्वारा किया गया।

इसके बाद चौबीसो भगवान व पार्श्वनाथ भगवान की आरती करके चतुर्थ दिवस उत्तम शौच धर्म का समापन किया गया। इस अवसर पर मंदिर कमेठी के मंत्री सुशील कुमार जैन, प0 सनत जैन, सतीस जैन अर्पण जैन, विद्यासागर जैन दिल्ली, अनुज जैन, रेणू जैन, तनवी जैन, प्रेरक जैन, गौरव जैन, अंजली जैन, लक्ष्मी नगर, ललित जैन लवलीन जैन, शरद जैन, राजीव जैन शामली, शिशिर जैन, अमर जैन, अमित जैन, संदीप जैन, चिंतामणि जैन नानौता, अपराजिता जैन शामली, नितिन जैन देवबन्द , अमित जैन, नमन जैन, आभा जैन, आरुष जैन बागपत, मनीष जैन, अरि. हंत जैन, सिद्धार्थ जैन, धवल जैन, अनन्त जैन,प्रिन्स जैन शामली आदि मंदिर में उपस्थित रहे।

# सांप के काटने से युवक की इलाज के दौरान मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थाना भवन।** थाना भवन क्षेत्र के गांव भनेड़ा उद्दा में जहरीले सांप के काटने से 38 वर्षीय युवक की मौत हो गई। घटना के बाद से पूरे गांव में शोक की लहर है। परिजनों और ग्रामीणों ने रोते-बिलखते मृतक का अंतिम संस्कार किया।जानकारी के अनुसार, गांव निवासी प्रताप राणा पुत्र कहर सिंह 13 अगस्त की रात अपने खेत में पानी चला रहे थे। इसी दौरान जब वह हाथ से मिट्टी उठाकर पानी को रो. कने का प्रयास कर रहे थे, तभी अचानक एक जहरीले सांप ने उन्हें काट लिया। सांप के काटते ही प्रताप की तबीयत बिगड़ने लगी। आनन-फानन में परिजनों ने उन्हें पानीपत के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां वह करीब 16 दिनों तक जिंदगी और मौत से जूझते रहे।डॉक्टरों की कोशिशों के बावजूद शनिवार को प्रताप ने दम तोड़ दिया। प्रताप की मौत की खबर सुनते ही घर में कोहराम मच गया। रोते बिलखते परिजनों से माहौल गमगीन हो गया।रविवार को प्रताप का अंतिम संस्कार गांव के श्मशान घाट पर किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण, रिश्तेदार और परिचित मौजूद रहे। नम आंखों और भारी मन से लोगों ने उन्हें अंतिम विदाई दी।ग्रामीणों का कहना है कि खेतों में अक्सर जहरीले सांप दिखाई देते हैं, लेकिन समय पर उचित प्रबंधन और सुरक्षा उपाय न होने से इस तरह की घटनाएं घट रही हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि किसानों को खेतों में काम करने के दौरान सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाए और सांप काटने की आपातक. ालीन स्थिति में तत्काल इलाज की



सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। प्रताप की असमय मौत से गांव और आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। मृतक प्रताप के दो लड़की एक लडका सहित तीन बच्चे है।

## अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार

**हीमपुर दीपा।** पुलिस ने तमंचाधारी एक युवक को ग्राम मिर्जापुर खादर से गिरफ्तार किया है। युवक के पास से 12 बोर का एक तमंचा भी बरामद किया गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार हल्की-फुल्की बूंदाबांदी के दौरान संदिग्धता को दृष्टिगत रखते हुए एसआई जगत सिंह ने हल्का सिपाहियों के साथ गांव के संदिग्ध तिराहे- चौराहों पर चैकिंग शुरू कर दी। पुलिस ने ग्राम मिर्जापुर के सुखविंदर पुत्र ब्रहमपाल सिंह को 12 बोर के एक तमंचे के साथ गिरफ्तार कर लिया। जानकारी करने पर एसआई जगत सिंह ने बताया कि असामाजिक तत्व हल्की फुल्की बारिश जैसे मौसम में घटनाओं की फिराक में रहते है और वह बारिश में संदिग्ध स्थानों पर ऐसे असामाजिक तत्वों की तलाश में रहते है ताकि थाना क्षेत्र में न केवल कोई आपराधिक घटना घट सके।

# मोहित बेनीवाल ने किया हाई मास्क लाइट का शुभारम्भ, गर्मजोशी से हुआ स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** शामली विधानसभा क्षेत्र के गांव कनियान में स्थित चौधरी रतन खोडिया खेल परिसर में प्रदेश उपाध्यक्ष एंव विधान परिषद सदस्य मोहित बेनीवाल का ग्रामीणों और आसपास के गांववासियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान मोहित बेनीवाल ने गांव परिसर में हाई मास्क लाइट का शुभारंभ किया। ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक उनका अभिनंदन किया। जानकारी के अनुसार ग्रामीणों के निवेदन पर खेल मैदान में 4 लाइटें लगाने की घोषणा की तथा गार्गी विद्यालय में भी लाइट लगाने का अनुरोध स्वीकार किया गया।

इसके साथ ही एमएलसी ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि गांव को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत शीघ्र सड़क सुविधा उपलब्ध



कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि गांव के विकास के लिए जो भी कार्य आवश्यक होंगे, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान एमएलसी मोहित बेनीवाल ने अपने ग्रामीणों के समक्ष अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा सरकार का लक्ष्य गांव-गांव तक विकास की रोशनी पहुंचाना है।

प्रधानमंत्री आवास योजना से हर गरीब को पक्का मकान मिल रहा है। गार्गी विद्यालय जैसी योजनाओं से बेटियों की शिक्षा को नई दिशा मिल रही है।गांवों की सड़कों का जाल बिछाकर हर किसान व व्यापारी को सुविधा दी जा रही है।बिजली, पानी और स्वास्थ्य सेवाओं को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जा रहा है। किसानों के हितों के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार लगातार नई योजनाएं ला रही हैं।

युवाओं को खेल व शिक्षा में आगे बढ़ाने के लिए संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास की सोच के साथ आगे बढ़ रही है। कार्यक्रम में अरविंद पवार जिला पंचायत सदस्य, रंधावा मलिक जिला पंचायत सदस्य, लवली मलिक गाना डायरेक्टर, विनोद मलिक पूर्व प्रमुख कांधला, चौधरी अमित बेनीवाल बेनीवला खापा चौधरी, कपिल पवार जिला मीडिया प्रभारी, भाजपा, अमित विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

# उत्तम शौच धर्म के महत्व पर प्रकाश डाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के जैन धर्मशाला में चल रहे दशलक्षण महापर्व के चौथे दिन रविवार को मुनिराज 108 विव्रत सागर ने प्रवचन देते हुए उत्तम शौच धर्म के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वास्तविक पवित्रता बाहरी साधनों या भौतिक इच्छाओं से नहीं, बल्कि आत्मिक शुद्धि और आत्म-जागरूकता से प्राप्त होती है।

मुनिराज ने कहा कि पवित्रता की पहली शर्त यह स्वीकार करना है कि आत्मा अपवित्र है और उसे शुद्ध करने की आवश्यकता है। लोभ, क्रोध, मान और माया जैसी कषाएं आत्मा को अपवित्र करती हैं, जिनमें सबसे अधिक स्थाई लोभ है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि धन, यश और सुंदरता की अतृप्त चाह कभी समाप्त नहीं होती, यह मृगतृष्णा के पीछे भागने के समान है। उन्होंने कहा कि आज समाज आवश्यकता से





अधिक आसक्ति के पीछे दौड़ रहा है। पहले लैंडलाइन फोन पर्याप्त थे, फिर मोबाइल और अब विशेष ब्रांड्स का आकर्षणयह सब वास्तविक जरूरत नहीं, बल्कि आसक्ति है। आत्मा की पवित्रता तभी संभव है जब लोभ सहित कषायों को छोड़ा जाए और बाहरी दिखावे की जगह आंतरिक शुद्धि पर ध्यान केंद्रित किया जाए। सौंदर्य प्रसाधनों के पीछे की क्रूरता पर बोलते हुए मुनिराज ने कहा कि इनका परीक्षण जानवरों पर होता है, जिससे उन्हें पीड़ा और मृत्यु तक का सामना करना पड़ता है।

दूसरों को पीड़ा देकर अपनी सुंद. रता बढ़ाना आत्मा पर पाप का मैल चढ़ाने जैसा है। वास्तविक सुंदरता भगवान और गुरुओं की भक्ति से आती है। प्रवचन के दौरान उन्होंने अकबर के दरबार का एक उदाहरण देते हुए बताया कि एक जैन अधिक. ारी ने अपनी आधी तनख्वाह और आधा समय मांगा ताकि शेष समय आत्मकल्याण और स्वाध्याय में लगा सके। अकबर उसकी भावना से प्रभावित होकर उसे आधा समय और दुगना वेतन प्रदान किया। यह दर्शाता है कि सच्चा संतोष और आत्मिक शुद्धि ही सर्वोच्च है। कार्यक्रम में पाद प्रक्षालन दीपक कुमार, दिव्यांशु जैन परिवार ने किया। चित्र अनावरण अमित जैन, द्वारा संपन्न हुआ।

# राजयोगिनी राजदीदी की प्रथम पुण्यतिथि मनाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** रविवार को शहर के अग्रसैन बारातघर में ब्रहमाकुमारीज द्वारा राजयोगिनी राजदीदी की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी शिक्षाओं का स्मरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें उनके द्वारा समाज में फैली बुराईयों को दूर करने के लिए किए गए कार्यो का सराहा गया।

रविवार को शहर के हनुमान धाम स्थित अग्रसैन बारातघर में ब्रहमाकुमारीज द्वारा राजयोगिनी राजदीदी की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी शिक्षाओं का स्मरण कार्यक्रम का शुभारंभ सदर विधायक प्रसन्न चौधरी, चेयरमैन अरविन्द संगल ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। इस दौरान उन्होने कहा कि राजयोगिनी राजदीदी ने शामली में रहकर समाज में फैली बुराईयों को दूर करने के लिए कार्य किया। उनके द्वारा भगवान शिव का गांव गांव जाकर प्रचार प्रसार किया गया और सैकडों लोगों को भगवान शिव का मार्ग दिखाया। इस दौरान





राजयोगिनी राजदीदी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए हुए रास्तों पर चलने का भी संकल्प लिया गया। मौके बीके उत्तरादीदी चंडीगढ, सरला दीदी पानीपत, पुष्पा दीदी राजस्थान, प्रेमदीदी फरीदकोट, भारतभूषण पानीपत, सुरभि बहन शामली मौजूद रहे।

# झिंझाना पुलिस ने पीट-पीट कर हत्या के दो वांछित अभियुक्त दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** थाना झिंझाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए ग्राम केरटू के निकट सिद्धू मूसेवाला पंजाबी ढाबा पर हुई युवक की पीट-पीटकर हत्या के मामले में दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है।

शुक्रवार की देर शाम मेरठ. करनाल हाईवे पर ग्राम केरटू के पास एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई थी। मृतक की पहचान अंकुश (27) पुत्र सत्तों निवासी रियावली नगला, मुजफ्फरनगर के रूप में हुई थी। मृतक के परिजनों ने गांव के ही तीन लोगों पर मारपीट कर



हत्या करने का आरोप लगाया था। पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी हुई थी।

पुलिस ने हत्या में आरोपी राजबीर, जयबीर दोनों निवासी ग्राम रियावली नगला थाना रतनपुरी, जनपद मुजफ्फरनगर को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों आरोपी घटना के बाद फरार गए थे। पुलिस ने आरो. पियों के खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है, वहीं अन्य फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कई टीमों का गठन किया गया है।

# बीयर सेल्समैन वसूल रहे प्रिंट से अधिक रुपये

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** गंगोह मार्ग स्थित शराब की दुकान पर अवैध वूसली के विरोध पर सैल्समैन ने ग्राहक के साथ जमकर बदतमीजी की और धमकी दी कि यहॉ कौन से कोई डीएम आएगा। लेना है लो वरना रास्ता सीधा सहारनपुर जाएगा। पीडित ने मामले की शिकायत सोशल मीडिया से उच्चाधिकारियों को की लेकिन विभागीय अधिकारियों ने शिकायत को अनदेखा कर दिया।

चौसाना के गंगोह मार्ग स्थित अग्रेजी व बीयर शॉप पर शनिवार की रात्रि मे जमकर विवाद हुआ। एक पक्ष का आरोप कि मैने एक बीयर की बोतल खरीदी थी जिसके एवज मे सैल्समैन ने मुझसे 140 रूपयों की मांग की। मैने विरोध करते हुए खुद्रित मूल्य पर बीयर को कहा। जिस पर आरोपी सैल्समेन ने मुझे धमकी दी कि बोतल 140 रूपयो मे ही मिलेगी लेनी है तो ले वरना सीधा सहारनपुर की ओर निकल। यहॉ तू कोई डीएम नही है,जिसें मे प्रिंट रेट पर बीयर दूॅ। विवाद बढा तो पीडित उपभोक्ता ने सोशल मीडिया पर इसकी शिकायत को दर्ज कराया और कार्यवाही की मांग की गई। जिसके बाद उपभोक्ता के अतिरिक्त पैसो को तो वापस कर दिया गया लेकिन अवैध वसूली का सिलसिला जारी रहा। ना ही उच्चाधिकारियों ने ठेके पर कोई कार्यवाही की। मामले चर्चा का विषय बना हुआ है।

# गणेशोत्सव पर किया हनुमान चालीसा का पाठ

**कैराना।** गणेशोत्सव के अवसर पर गांव जंधेड़ी में सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इस दौरान अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद व राष्ट्रीय बजरंग दल के पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।



रविवार को क्षेत्र के गांव जंधेडी में हर वर्ष की भांति इस साल भी गणेशोत्सव हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों के द्वारा सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया, जिसमें अंतराष्ट्रीय हिंदू परिषद व राष्ट्रीय बजरंग दल के पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी शामिल हुए। इसके अलावा, एक सभा का भी आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता संगठन के ग्राम अध्यक्ष बनारसी दास ने की, जबकि संचालन आलोक द्वारा किया गया। राष्ट्रीय बजरंग दल के जिलाध्यक्ष मिथुन सिरोही ने कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर भाग लिया। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद कार्यकर्ताओं एवं ग्रामवासियों को हिंदुत्व की विचारधारा से अवगत कराया। साथ ही, हिंदू समाज को संगठित एवं शिक्षा के प्रति जागरूक होने का आह्वान किया। उन्होंने हिंदू समाज के लोगो को सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ करने तथा राष्ट्र के लिए सदैव तत्पर रहने की अपील की। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने विश्व शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना भी की। इस दौरान देवचंद, अमित, सिमरवाल, धर्मवीर, बबलू, शिवकुमार, प्रवीण, अंकुर, रविन, अंकुर, अरविंद, जोगिंदर, अजय, विशाल आदि उपस्थित रहे।

# कोतवाली के औचक निरीक्षण पर पहुंचे एसपी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** एसपी शामली रामस. ेवक गौतम ने शनिवार देर शाम कोतवाली कैराना का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कोतवाली प्रांगण में स्थित विभिन्न कार्यालयों का गहन निरीक्षण किया। एसपी ने लंबित पड़ी विवेचनाओं को गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के निर्देश दिए है।

विगत शनिवार शाम एसपी शामली रामसेवक गौतम कोतवाली कैराना के औचक निरीक्षण पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने कोतवाली में उपलब्ध महत्वपूर्ण अभिलेखों की गहन जांच-पड़ताल की। एसपी ने जनसुनावाई अथवा महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त पुलिसकर्मी को कोतवाली पर पहुंचने वाले फरियादियों की समस्याओं को



गम्भीरतापूर्वक श्रवण करने तथा अपने उत्तरदायित्व का विनम्रतापूर्वक निर्वहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कोतवाली प्रांगण में स्थित सीसीटीएनएस कार्यालय पर फीड होने वाली सूचनाओं, हवालात, भोजनालय आदि का भी गहन निरीक्षण किया। एसपी ने लंबित पड़ी विवेचनाओं की प्रगति का अवलोकन करते हुए उनका गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही, विवेचकों को पीड़ित पक्ष को न्याय दिलाने हेतु गंभीरता एवं पारदर्शिता से विवेचना करने को कहा।

उन्होंने गंभीर प्रकरणों की विवेचनाएं शीघ्र पूर्ण करके दोषियों को न्यायालय से कठोर दंड दिलाने हेतु निर्देशित किया। एसपी ने कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को प्रभावी चेकिंग, गश्त एवं क्षेत्र में सक्रिय अपराधियों पर कड़ी निगरानी रखने के साथ-साथ आम जनता की समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने हेतु भी निर्देशित किया। इस अवसर पर सीओ कैराना श्यामसिंह, कोतवाल समयपाल अत्री, अपराध निरीक्षक योगेंद्र सिंह, किलागेट चौकी प्रभारी एसआई विनोद राघव, इमाम गेट चौकी प्रभारी एसआई राहुल देशवाल आदि मौजूद रहे।

## विद्युत उपकेन्द्र की दरकार

**अफजलगढ़।** भूतपर्व सैनिक कॉलोनियों सहित ग्रामीण क्षेत्र को 33/11 क्षमता के विद्युत उपकेंद्र की दरकार है। विभागीय अधिकारियों पर उदासीनता का आरोप लगाते हुए किसानों ने मामले को कार्यवाही आगे बढ़ाने की मांग की है। कादराबाद, विजयनगर, मुरलीवाला, जामनवाला सहित दर्जनों ग्रामों के किसानों व ग्रामीणों के द्वारा बरसों से क्षेत्र में 33/11 विद्युत उपकेंद्र बनवाने की मांग निरंतर की जा रही है। किसान नेता मदन सिंह राणा, का कहना है कि क्षेत्र में विद्युत ट्रपिंग, हाई व लोवोल्टेज व गर्मियों में सप्लाई शेड्यूल से परेशान हैं।

## नि:शुल्क योग शिविर सात सितम्बर को

**बिजनौर।** 'सौभाग्यशाली मेरा परिवार बिजनौर' द्वारा आगामी सात सितम्बर, रविवार को एक दिवसीय नि:शुल्क योगी शिविर का आयोजन प्रात: 6 बजे से 8 बजे तक स्थानीय रेलवे स्टेशन चौराहे के निकट स्थित काकरान वाटिका में किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार शिविर में योगाचार्य सोमदत्त शर्मा द्वारा योग के अनुसार आसन, प्रणायाम, सूक्ष्म व्यायाम का अभ्यास बहुत ही सरल व प्रभावी ढंग से कराया जाएगा।

# आकाशीय बिजली गिरने से झुलसी महिला, अस्पताल में भर्ती



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** तेज आवाज के साथ अचानक एक मकान पर आकाशीय बिजली गिर गई। इस दौरान एक महिला झुलस गई और घर में रखे विद्युत उपकरण फूक गए।घायल महिला को शामली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

रविवार की सुबह साढ़े ग्यारह बजे मोहल्ला आल दरम्यान इकबल. पुरा निवासी आलम पुत्र हाजी असगर के मकान पर अचानक आकाशीय बिजली गिर गई। इस दौरान घर में कपड़ों पर प्रेस कर रही उसकी पत्नी शहजादी द्ध30ऋकरंट लगने से झुलस गई और विद्युत फिटिंग तथा विद्युत मीटर फुक गए। आकाशीय बिजली की गड़गड़ाहट इतनी तेज थी कि एक बार पूरा मोहल्ला सहम गया। घटना के बाद बड़ी संख्या में मोहल्लावासी आलम के मकान की



और दौड़ पड़े। मौके पर चीख पुकार मची हुई थी। आनन-फानन में घायल महिला को शामली के एक निजी अस्पतल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार चल रहा है।गनीमत यह रही कि घायल शहजादी के चारों बच्चे घटना के समय बाहर खेल रहे थे ,वरना कोई भी जनहानि हो सकती थी।

# आबादी में घुसकर गुलदार ने कटड़े को बनाया निवाला

**नांगल सोती।** गांव चमरौला में गुलदार ने भैंस के आठ माह के कटड़े को निवाला बना लिया। आबादी क्षेत्र में आए दिन गुलदार की दस्तक से ग्रामीणों में दहशत है।

गांव चमरौला निवासी मुनेश की पशुशाला में कई पशु बंध रहे थे। आज तड़के चार बजे गुलदार पशुशाला में घुसा और आठ माह के कटड़े को निवाला बना लिया। ग्रामीणों ने आसपास काफी तलाश की लेकिन गुलदार का कहीं पता नहीं चला। ग्रामीणों ने सामाजिक वानिकी विभाग के अधिकारियों को सूचना देकर पिंजरा लगवाने की मांग की है। दिनेश कुमार, नीरज सहरावत, सुनील कुमार, घसीटा सिंह आदि का कहना है कि आए दिन आबादी व आसपास के क्षेत्र में



गुलदार देखा जा रहा है। कई बार पिंजरा लगवाने की मांग कर चुके हैं, लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उधर वानिकी विभाग के दरोगा विकास कुमार ने बताया कि जल्द ही क्षेत्र में पिंजरा लगाया जाएगा।

# अष्टमी पर विशाल भंडारे का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** रविवार को मानवधिक. ार एवं भ्रष्टाचार निवारण संगठन की ओर से अष्टमी के अवसर पर कस्बे के मोहल्ला आर्यपुरी स्थित पंचायत घर में एक विशाल भंडारा आयोजित किया गया है, जिसमें संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील ठाकुर मुख्यातिथि के तौर पर उपस्थित हुए। उन्होंने कहा कि मानवधिकार एवं भ्रष्टाचार निवारण संगठन मजलूमों व महिला उत्पीड़न के खिलाफ कार्य करता है।

संगठन अपनी गरिमा के दायरे में रहकर समाज के प्रत्एक वर्ग के लिए सदैव तत्पर रहता है। राष्ट्रीय वरिष्ठ पदाधिकारी संजीव तंवर ने कहा है कि वर्तमान समय में आमजन सुरक्षित है। व्यक्ति की सुरक्षा में सरकार का महत्वपूर्ण योगदान होता है। उन्होंने



केन्द्र और राज्य सरकार की प्रशंसा करते हुए कहा कि फिलहाल देश व प्रदेश में अच्छी सरकार है, जिसका साथ आम आदमी के साथ है। देश में व्यापारी से लेकर किसान-मजदूर तक को सरकार की योजनाओं का सीधा लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि संगठन का प्रत्एक कार्यकर्ता सच्चाई के साथ अपने कर्तव्य का निर्वहन कर रहा है। इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय सचिव अमर सिंह भाटी, किसान मोर्चा के रामबीर यादव, राष्ट्रीय वरिष्ठ पदाधिकारी मंजू चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल गुर्जर, प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष तनवीर अहमद अंसारी, जिला महामंत्री शामली विशाल भारद्वाज, प्रदेश प्रभारी हरियाणा वकील अहमद अंसारी, जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद इरफान, मंडल उपाध्यक्ष शौकीन मंसूरी आदि मौजूद रहे।

# स्मार्ट मीटर लगाए जाने के विरोध में अधिकारियों को ज्ञापन देने के साथ ही एक्सईएन कार्यालय पर किया प्रदर्शन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** किसान यूनियन ने स्मार्ट मीटर लगाए जाने का विरोध करते हुए एक्सईएन कार्यालय पर प्रदर्शन किया। साथ ही इस संबंध में अधिकारियों को ज्ञापन दिया। चेताया कि यदि स्मार्ट मीटर लगाए गए तो उग्र आंदोलन छेड़ा जाएगा।

किसान यूनियन के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री महबूब अंसारी के नेतृत्व में सांपला रोड स्थित ऊर्जा निगम के कार्यालय पर पहुंचे किसानों का कहना था कि स्मार्ट मीटर लगने से आर्थिक तंगी से जूझ रहे किसानों पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। किसानों का आरोप था कि स्मार्ट मीटर रीडिंग में गड़बड़ी होती है, जिससे बिल अधिक आता है। कहा कि यदि स्मार्ट मीटर लगे तो बिल अधिक आएगा और उन्हें आर्थिक हानि होगी, इससे फसल की सिंचाई और अन्य खर्चों पर असर पड़ेगा। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को ज्ञापन दिया। इसमें स्मार्ट मीटर योजना को तुरंत वापस लिए जाने, बिजली के बिलों में व्याप्त गड़बड़ी को दुरुस्त किए जाने, बिजली का कनेक्शन बिना किसी सुविधा शुल्क के जोड़े जाने, खराब ट्रांसफार्मरों को तत्काल ठीक कराए जाने आदि मांगें की गईं। इस मौके पर जिलाध्यक्ष अमित राणा, जिला महामंत्री फरहत इलाही उर्फ बाबू, राव नफीस, आसिफ कुरैशी, अरशद अंसारी, शौकीन अंसारी, जान मोहम्मद समेत काफी संख्या में किसान शामिल रहे।




## श्री गुरुग्रंथ साहिब प्रकाश पर्व आज

**बिजनौर।** पंजाबी कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा श्री गुरुनानक धाम में कल एक (आज) एक सितम्बर को धन-धन श्री गुरुग्रंथ साहिब जी के प्रथम प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में नगर कीर्तन निकाला जाएगा।

गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार नगर कीर्तन प्रात: 5:30 बजे शुरू होगा। प्रात: 8:30 बजे अखण्ड पाठ साहिब की समाप्ति होगी। सायं 7:00 बजे सोदर रहरास साहिब जी का पाठ होगा। रात्रि 7:30 बजे भाई सतविन्दर सिंह शबद कीर्तन करेंगे।

8:00 बजे से 9:30 बजे तक माता सेवा सुन्दरी दल धामपुर एवं भाई जसवीर सिंह एवं उनके सार्थियों द्वारा कीर्तन होगा। अरदास गुरु दा अटूट लंगर बरतेगा। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने साध संगत से विनती की है कि उपरोक्त कार्यक्रम में गुरु घर में हाजिरी भरकर खुशियां प्राप्त करें।

# हृदय जांच शिविर में रोगियों की जांच कर दी औषधि

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** एए एजुकेशनल सोसाइटी के तत्वावधान में रविवार को भव्य हृदय जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 250 मरीजों की दिल की विभिन्न जांच करते हुए मुफ्त दवाइयां दी गईं।

गैलेक्सी नर्सिंग होम मुजफ्फरनगर के सहयोग से मोहल्ला गद्दीवाड़ा में नंबरदार आवास पर आयोजित हुए शिविर का उद्घाटन वरिष्ठ समाजसेवी फहीम नंबरदार ने किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के शिविरों से लोगों को लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने एए एजुकेशनल सोसाइटी द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की प्रशंसा की। शिविर में गैलेक्सी हास्पिटल के डा. अम्मार, डा. शफीक, डा. शमीम और दिल्ली से आए डा. अजहान सिद्दीकी ने मरीजों की ईसीजी, ब्लड शुगर समेत अन्य जांचें और आवश्यक सलाह दी। हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. जुबैर ने हड्डी रोगों से संबंधित मरीजों को जांचा और दवाइयां दी।



एए एजुकेशनल सोसाइटी के चेयरमैन फारूक नंबरदार ने बताया कि शिविर में 250 मरीजों की जांच कर दवाइयां दी गई है। बताया कि सोसाइटी समय समय पर इस तरह के शिविर आयोजित करती है। इस मौके पर डा. उस्मान रमजी, फैज सलीम सिद्दीकी, फहीम उस्मानी, सलीम उस्मानी, तलहा नसीम, मनाल उस्मानी, इब्राहीम अकील, फरहत इलाही, काशिफ उस्मानी आदि गैलेक्सी हास्पिटल के डाक्टर व लोग शामिल रहे।

# यज्ञरूप में परमेश्वर की उपासना करने से मानव का जीवन उत्कृष्ट बनता है: आर्य

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** घर घर यज्ञ, हर घर यज्ञ कार्यक्रम के तहत जिला आर्य उप प्रतिनिधि सभा ने रविवार को शिक्षक नगर समेत विभिन्न स्थानों पर 60 घरों में एक साथ वैदिक यज्ञ का आयोजन किया।

बसंत विहार में डा. सुरेंद्र आर्य के आवास पर हुए कार्यक्रम में बड़ौत से आए आचार्य धनकुमार शास्त्री ने कहा कि यज्ञरूप में परमेश्वर की उपासना करने से मानव का जीवन उत्कृष्ट बन जाता है। कहा कि ईश्वर का रूप सुख देने वाला है। प्राणी मात्र का भला करके ही उसकी सच्ची भक्ति होती है। आचार्य विनीत कुमार आर्य ने कहा कि हमें ईश्वर उपासना कर ईश्वर के गुणों को अपनी आत्मा में धारण कर परोपकार कार्यों में लगना चाहिए। भाजपा नगराध्यक्ष अरुण गुप्ता ने कहा कि आर्य समाज की भूमिका राष्ट्र हित में सर्वोपरि है। आर्य समाज हमें वेदों के मार्ग पर चलना सिखाता है। अध्यक्षता जिला आर्य सभा के प्रधान महीपाल आर्य व संचालन चौ. विपिन आर्य ने किया। इस दौरान प्रधान मुकेश आर्य, डा. अजब सिंह आर्य, ईश्वर आर्य, विना.द, प्रभात, विकास, शिवराज आर्य, राजबीर, अजय गर्ग, मांगेराम, अनिल त्यागी, देववृत आदि शामिल रहे।



# क्षत्रिय करणी सेना संगठन ने लोगों को जोड़ने का किया आह्वान

**देवबन्द।** क्षत्रिय करणी सेना की बैठक में संगठन की मजबूती पर बल दिया गया। साथ ही अधिक से अधिक संख्या में लोगों को संगठन से जोडने का आह्वान किया गया।




स्टेट हाइवे स्थित एक सभागार में आयोजित हुए कार्यक्रम में संगठन के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष ठा. सुरेंद्रपाल सिंह ने कहा कि यह संगठन क्षत्रिय समाज को स्वाभिमानी बनाने के लिए करणी सैनिकों का निर्माण कर रही है। प्रांतीय संगठन मंत्री विकास राणा ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की मजबूती के लिए काम करे। जिलाध्यक्ष देवा राणा ने कहा कि पदाधिकारी प्रत्येक गांव में करणी सेना की इकाई बनाने का काम करें। तहसील अध्यक्ष विकास राणा व मोनू राणा ने कहा कि 15 दिन में ग्राम अध्यक्षों की नियुक्ति कर दी जाएगी। विजयकांत चौहान ने मशाल जलाकर समाज के लोगों को स्वाभिमान की रक्षा करने का प्रण दिलाया। अध्यक्षता दिनेश राणा व संचालन दीपक सोम ने किया। इस मौके पर डा. भानू प्रताप सिंह, ठा. रणवीर, अमित कुमार सूरज राणा, जयकुमार राणा, अंश राणा, नरेंद्र राणा, प्रवीण राणा आदि शामिल रहे।

# जैन मंदिरों में उत्तम शौच धर्म की हुई पूजा अर्चना

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** दशलक्षण पर्व के चौथे दिन नगर के जैन मंदिरों में उत्तम शौच धर्म की विशेष पूजा अर्चना की गई। साथ ही पुष्पदंत भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। श्रद्धालुओं ने तत्वार्थ सूत्र विधान के चौथे अध्याय के 42 अर्ध चढ़ाए।

श्री दिगंबर जैन पारसनाथ मंदिर सरागवाड़ा में श्री जी का अभिषेक, शांतिधारा, नित्य निमय पूजन हुआ। शांतिधारा का सौभाग्य सुरेश चंद प्रदीप कुमार, प्रतीक जैन व सुदेश जैन परिवार को प्राप्त हुआ। इस दौरान आचार्य अरुण सागर महाराज ने अपने प्रवचन में उत्तम शौच धर्म का महत्व बताया। कहा कि शौच का अर्थ शुि.चता और उत्तम शौच धर्म का अर्थ आत्मा के विचारों और अभिप्रायों में पवित्रता और शुद्धता लाना है। कहा कि भौतिक सुखों, असत्य और लोभ का त्याग कर संतोष की भावना को अपनाना ही उत्तम शौच धर्म है। इससे व्यक्ति का मन शुद्ध और पवित्र बना रहता है। इससे पूर्व रात्रि में मंदिर में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। मुकेश जैन, अखिल जैन, रविंद्र जैन, अंकित जैन, अभय जैन, रेखा जैन, सुमन जैन, शिल्पी जैन, शशि जैन, सविता जैन, चंचल जैन, अंजू जैन, मिलन जैन, अक्षय जैन आदि जैन समाज के लोग शामिल रहे।



# खेलों का साइकिल रैली के साथ समापन, बच्चों को किया पुरुस्कृत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** ठा. फूल सिंह मैमोरियल इंटर कालेज रणखंडी में चल रहे तीन दिवसीय खेलों का रविवार को साइकिल रैली के साथ समापन हुआ। विजेता छात्र-छात्राओं को स्कूल प्रबंधन की ओर से पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम में प्रधानाचार्य डा. अमरदीप सिंह पुंडीर ने कहा कि खेलों का जीवन में अत्यंत महत्व है। शिक्षा के साथ ही खेलों को भी जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। खेलों में रोजगार के अवसर भी तालशे जा सकते है। उन्होंने बताया कि हाकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित हुए तीन दिवसीय खेलों में छात्र-छात्राओं ने जमकर दमखम दिखाया है। उन्होंने बताया कि 29 अगस्त 1905 को प्रयागराज में राजपूत परिवार में जन्मे मेजर ध्यानचंद ने 1928, 1932 और 1936 में हाकी का स्वर्ण पदक भारत को दिलाया था। उनकी स्टिक वर्क, गेंद नियंत्रण, ड्रिबलिंग और गोल करने की क्षमता के कारण ही उन्हें हाकी के जादूगर की उपाधि मिली। वर्ष 1956 में उन्हें प्रतिष्ठित नागरिक सम्मान पदमभूषण से भी सम्मानित किया गया था। इस दौरान पुष्पेंद्र, राज.ेंद्र, मनोज, सुभाष चंद आदि शामिल रहे।



# ई-रिक्शा चालक यूनियन का गठन

शाह टाइम्स संवाददाता

**किरतपुर।** नगर के रिक्शा चालकों के हितों को ध्यान में रखते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता मुदस्सिर जमा खां के नेतृत्व में बैटरी रिक्शा चालक यूनियन का गठन किया गया। इस मौके पर आयोजित भव्य कार्यक्रम में सैकड़ों रिक्शा चालकों ने भागीदारी की।

मुअज्जमपुर रोड स्थित रायल हैरिटेज रिसॉर्ट में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मौ. उवैस खां ने कहा कि संगठन बनाना आसान है, किंतु संगठित रहना बड़ी बात है। संगठन एक परिवार की तरह होता है और इसकी एकता बनाए रखना बेहद आवश्यक है। रिक्शा चालक मेहनतकश वर्ग हैं, उनके अधिकारों की रक्षा इस यूनियन की प्राथमिकता होगी। यह संगठन किसी भी राजनीतिक स्वार्थ के लिए नहीं बनाया गया।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए संयोजक मुदस्सिर जमा खां ने बताया कि यूनियन के संरक्षक मंडल में नगर व क्षेत्र के अधिवक्ताओं, किसान नेताओं, पत्रकारों, समाजसेवियों और बुद्धिजीवियों को जोड़ा गया है। यूनियन के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सभासद इस्लाम राईन को सौंपी गई है, जबकि आसिफ खान उपाध्यक्ष, मरैहम्मद फारूक महासचिव तथा मौहम्मद नौशाद सचिव चुने गए हैं। अन्य पदाधिकारियों की घोषणा शीघ्र की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि रिक्शा चालकों के उत्पीड़न को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जहां उनका पसीना गिरेगा, वहां हम अपना खून बहाने को तैयार रहेंगे। इस अवसर पर अध्यक्ष इस्लाम राईन, एडवोकेट अमित अग्रवाल, एडवोकेट हनुमान सिंह चौहान, एडवोकेट मौहम्मद उजैर, एडवोकेट मौहम्मद फहीम, मुन्ना टाइगर, शूटर उस्मान खां, भाजपा नेता फिरोज कादरी, सुप्रीम कोर्ट के सरकारी अधिवक्ता मुजक्किर जमा खां, वरिष्ठ पत्रकार दिलशाद अल्वी, विशाल पारचा, आदर्श चौधरी, मौहम्मद मेहरबान, मुसैब सिद्दीकी, शमीम अंसारी, सलीम राशिद, रोहिल खान, मौहम्मद परवेज, डॉ. मोजिज्यर खां आदि ने भी अपने विचार रखे।



# धामपुर में गणेश उत्सव का समापन

## धूमधाम से निकली विसर्जन यात्रा

शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** मौहल्ला कहारान में पांच दिवसीय गणेश चतुर्थी महोत्सव का रविवार को विधि विधान के साथ समापन हुआ। गणेश भगवान की भव्य प्रतिमा को शोभायात्रा के रूप में नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए हरिद्वार विसर्जन के लिए रवाना किया गया।

महोत्सव के समापन अवसर पर अखाड़ा प्रेमियों ने करतब दिखाकर लोगों को अचंभित कर दिया। मटकी फोड़ प्रतियोगिता में युवाओं की टोली ने पिरामिड बनाकर जमकर उत्साह दिखाया। डीजे पर भजनों की धुन पर युवाओं ने नृत्य किया, वहीं महिलाओं ने पारंपरिक जयकारों से वातावरण को गणेशमय बना दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक पूजन से हुआ, जिसमें नगर पालिका परिषद के सभासद हिमांशु सैनी, वरिष्ठ लिपिक पवन कुमार, आरएसएस के वरिष्ठ अधिकारी अरुण कुमार भटनागर समेत आयोजन समिति के पदाधिकारी शामिल रहे। महिला मंडल की ओर से आयोजित भजन संध्या में सुनीता गांधी, कविता गोस्वामी, प्रीति सैनी, रेखा रस्तोगी, साधना गोस्वामी, रीता गोस्वामी, विमला भटनागर, रूपा गोस्वामी, कुणाल गांधी आदि ने विभिन्न भजनों की प्रभावी प्रस्तुतियों के माध्यम से भगवान गणेश के चरणों में श्रद्धा भावना प्रदर्शित की। इस दौरान श्रद्धालु परिवारों ने गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ के अलावा जय गणेश देवा जय गणेश देवा आदि पारंपरिक जयकारों के सामूहिक उच्चारण से कार्यक्रम स्थल को गणेश मय बना दिया।

भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम का समापन महाआरती के साथ हुआ।



## सुन मां अंजनी के लाल मुझे तेरा एक सहारा

**धामपुर।** सात बार सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। मोहल्ला काहरान में स्योहारा चुंगी के निकट मोहित कुमार सैनी के आवास पर श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल द्वारा सात बार सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। भजन सुन मां अंजनी के लाल मुझे तेरा एक सहारा, मुझे अपनी शरण में ले लो मैं बालक हूं तुम्हारा, यह भजन सबको खूब पसंद आया। सब ने तालियां बजाकर उत्सव वर्धन किया। अंत में संस्था द्वारा आयोजक परिवार को श्री राम दरबार चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजक परिवार में मोहित कुमार सैनी, फूलवती देवी, सुनील सैनी, अनिल सैनी, सुनीता सैनी, प्रतिभा सैनी, आरती सैनी आदि शामिल रहे। श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल से अध्यक्ष अरुण अग्रवाल, रामप्रकाश आदि रहे।

# सुनील दत्त शर्मा अध्यक्ष व हेमराज सिंह जिला मंत्री निर्वाचित

## राजकीय वाहन चालक महासंघ का द्विवार्षिक अधिवेशन एवं चुनाव सम्पन्न

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार विकास भवन के सभागार में राजकीय वाहन चालक महासंघ उत्तर प्रदेश जनपद शाखा का द्विवार्षिक अधिवेशन एवं चुनाव मुख्य चुनाव अधिकारी एवं प्रदेश महामंत्री जयप्रकाश त्रिपाठी एवं सहायक चुनाव अधिकारी एवं उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ जिला अध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा की देखरेख में संपन्न हुआ। जिसमें जिला अध्यक्ष पद पर सुनील दत्त शर्मा, जिला उपाध्यक्ष विकास पाठक, जिला संयुक्त मंत्री अरविंद कुमार, संगठन मंत्री सुनील कुमार, कोषाध्यक्ष राजीव कुमार, प्रचार मंत्री बृजेश चौधरी को निर्विरोध निर्वाचित हुए। जिला मंत्री पद पर चुनाव हुआ, जिसमें हेमराज सिंह को 26 मत एवं नरेंद्र कुमार को 16 मत प्राप्त हुए तथा 05 मत निरस्त हुए। हेमराज सिंह को 10 मतों से मुख्य चुनाव अधिकारी द्वारा विजयी घोषित किया गया। सर्वसम्मति से राजपाल सिंह को जिला संरक्षक मनोनीत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं प्रदेश अध्यक्ष रिजवान अहमद सिद्दीकी ने कहा कि संगठन सदैव सेवा सुरक्षा के लिए संघर्ष करता है। 2005 के बाद नियुक्त कर्मचारियों को एनपीएस एवं यूपीएस के नाम से सरकारों ने ठगने का काम किया है संगठन ने हमेशा पुरानी पेंशन बहाली के लिए संघर्ष किया है जो अंत तक जारी रहेगा। मुख्य चुनाव अधिकारी एवं प्रदेश महामंत्री जयप्रकाश त्रिपाठी ने सभी निर्वाचित पदाधिकारी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाते हुए कहा कि संगठन के प्रति पूरा निष्ठा एवं ईमानदारी से कार्य करेंगे तो नि:संदेह हमारी बात को शासन प्रशासन समझेगा। महासंघ के जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने कहा कि जनपद स्तर पर किसी भी कर्मचारी का अनावश्यक उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अटेवा प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्रहास सिंह ने कहा कि पुरानी पेंशन हमारा संवैधानिक अधिकार है। आगामी आंदोलन में कर्मचारियों की सहभागिता एवं आंदोलन को सफल करने का आह्वान किया। इस अवसर पर महासंघ प्रदेश सलाहक.ार शाहिद अली, प्रदेश मंत्री रमेश कुमार ,पूर्व महामंत्री (स्वास्थ्य विभाग) अमित सैनी, संयुक्त राज्य कर्मचारी परिषद जिला संरक्षक देशराज सिंह, महासंघ क्षेत्र मंत्री मुरादाबाद मंडल संजीव कुमार, संजय कुमार, ललित कुमार, सोहरव खान, विमल कुमार, संदीप सैनी, चंद्र देव, अनिल कुमार, देवेंद्र कुमार, धर्मेंद्र कुमार, मनचंदा, विजयपाल सिंह, वीर सिंह, विजेंद्र कुमार, देवेंद्र कुमार, सत्येंद्र कुमार, जितेंद्र कुमार आदि ने संबोधित किया।



# जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान का जोरदार स्वागत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** भारतीय किसान यूनियन की एक पंचायत कोतवाली देहात में हुई। जिसकी अध्यक्षता धर्मवीर धनकर और संचालन विवेक वालियान ने किया। सभा में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान तथा युवा जिला अध्यक्ष मनप्रीत सिंह का सोनू विर्क, रोहित राणा, बलजीत सिंह, सरदार सुख चैन सिंह ने पगड़ी बांधकर स्वागत किया।

प्राप्त समाचार के अनुसार जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान ने कहा कोतवाली क्षेत्र की युवा टीम अच्छा काम कर रही है। लेकिन वे लोग अपने ग्राम अपने क्षेत्र में अपने संगठन के बुजुर्ग लोगों से भी राय लेते रहे। उन्होंने युवा पीढ़ी को नशे से दूर रहने की नसीहत दी तथा बुजुर्ग किसानों से भी अपने बच्चों पर ध्यान रखने की अपील की। उन्होंने कहा बच्चों को अच्छा खिलाने अच्छा पहनाने का शौक करें। लेकिन वाहनों पर स्टंट अवैध असलों के साथ रील बनाने का शौक न सिखाएं।

सुनील प्रधान ने कहा कोतवाली देहात ब्लाक क्षेत्र के अनेक समस्याओं से जूझ रहे हैं। यहां नव निर्माण हाईवे की लो स्पीड से लोग परेशान है, तो उत्तर में पहाड़ा नदी के प्रकोप से पीड़ित हैं। स्मार्ट मीटर फसलों में उचित मूल्य, गन्ना मूल्य राजस्व विभाग वन विभाग गुलदार से भी जनता परेशान है। लेकिन जनता द्वारा प्रतिनिधि अधिकारियों के साथ जनप्रति.निधियों को भी नींद से जागना पड़ सकता है। इसलिए एक बड़े आंदोलन के लिए तैयार रहे। जिला अध्यक्ष सैकड़ों ट्रैक्टरों के साथ पंचायत में पहुंचे सभा में क्षेत्र के सैकड़ों किसानों ने दूसरे संगठनों को छोड़कर भारतीय किसान यूनियन टिकैत की सदस्यता ली। जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान तथा युवा जिला अध्यक्ष मनप्रीत सिंह ने सभी नए सदस्यों का स्वागत करते हुए उनसे भाकियू संगठन को और अधिक मजबूत बनाने सदा संगठन की नितियों का पालन करने की अपील की।

आज की पंचायत में महेंद्र सिंह, राम अवतार सिंह, जितेंद्र सिंह, विजयपाल सिंह, अमरपाल सिंह, राजेंद्र सिंह, अमित चानमान, अंकुर तोमर, मुनेंद्र काकरान, कुलदीप सिंह, जय सिंह, धर्मेंद्र राणा, डॉ. धर्मवीर सिंह, पुष्पेंद्र चौधरी, विनीत चौधरी, रोहित राणा, आशु चौधरी, विनीत मौर्य, शुभम चौधरी, आकाश चौधरी, सौरव काकरान, धर्मेंद्र कुमार आदि मौजूद थे।

# सात्विक-चिराग ने जीता कांस्य पदक



● **सात्विक और चिराग शेट्टी को चीन के चेन बोयांग और लियूयी ने 19-21, 21-18 व 12-21 से हराया**

**पेरिस, वार्ता।** भारतीय बैडमिंटन जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष युगल सेमीफाइनल में हारने के बाद कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

शनिवार को एक घंटे सात मिनट तक चले मुकाबले में नौवीं वरीयता प्राप्त सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को चीन के चेन बोयांग और लियू यी ने 19-21, 21-18,12-21 से हराया। विश्व चैंपियनशिप में सात्विक-चिराग की जोड़ी का यह दूसरा कांस्य पदक है। इससे पहले सात्विक-चिराग ने टोक्यो में 2022 में हुई बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप में भी कांस्य पदक जीता था। भारतीय जोड़ी ने मैच की अच्छी शुरुआत की और 4-0 की बढ़त बना ली। मिड-गेम ब्रेक तक 11-5 की बढ़त बनाए रखी। लेकिन इसके बाद चीनी जोड़ी ने वापसी की और 14-13 की बढ़त हासिल कर ली और इस बढ़त को बरकरार रखते हुए पहला गेम जीत लिया। दूसरे गेम में, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने 5-1 की बढ़त हासिल की, लेकिन चीनी जोड़ी ने इसे 11-9 कर दिया। लेकिन एक बार फिर सात्विक और चिराग ने अपनी पकड़ को मजबूत किया और 16-11 से बढ़त बना ली। इसके बाद चेन बोयांग और लियू यी ने वापसी करते हुए स्कोर बराबर कर दिया, लेकिन 32 शॉट की रोमांचक रैली ने सात्विक-चिराग को गेम प्वाइंट दिलाया और मैच को निर्णायक तक पहुंचाया। निर्णायक मुकाबले में, चेन बोयांग और लियू यी ने वापसी करते हुए 9-0 की बड़ी बढ़त बना ली और भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों को हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की।

# युकी भांबरी अगले दौर में, बोपन्ना बाहर

● यूएस ओपन ●

● **रोहन बोपन्ना और उनके जोड़ीदार मोनाको के रोमेन अर्नेडो पुरुष युगल के पहले दौर में हारकर टूर्नामेंट से बाहर**



**न्यूयॉर्क, वार्ता।** भारत के युकी भांबरी और न्यूजीलैंड के माइकल वीनस की जोड़ी ने अमेरिका के मार्कोस गिरोन और लर्नर टिएन को हराकर यूएस ओपन पुरुष युगल के दूसरे दौर में जगह बना ली है।

वहीं अनुभवी रोहन बोपन्ना और उनके जोड़ीदार मोनाको के रोमेन अर्नेडो को पुरुष युगल के पहले दौर में हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए है। शनिवार रात एक घंटे एक मिनट तक चले मुकाबले में भारत के युकी भांबरी और न्यूजीलैंड के माइकल वीनस की 14वीं वरीयता प्राप्त जोड़ी ने अमेरिका के मार्कोस गिरोन और लर्नर टिएन की जोड़ी को 6-0, 6-3 से हराकर पुरुष युगल के दूसरे दौर में प्रवेश किया। भारतीय टेनिस खिलाड़ी भांबरी और माइकल वीनस सोमवार को दूसरे दौर में कोलंबिया के गोंजालो एस्कोबार और मेक्सिको के मिगुएल एंजेल रेयेस-वरेला से भिड़ेंगे। इसी बीच रोहन बोपन्ना और उनके जोड़ीदार मोनाको के रोमेन अर्नेडो को रॉबर्ट कैश और जेम्स ट्रेसी की अमेरिकी जोड़ी ने 6-4, 6-3 से हराया। इसी हार के साथ बोपन्ना टूर्नामेंट से बाहर हो गए है। दूसरी ओर, अर्जुन काधे और उनके जोड़ीदार इक्वाडोर के डिएगो हिडाल्गो क्रोएशिया के मेट पाविक और अल सल्वाडोर के मार्सेलो एरेवालो से तीन सेटों में हारकर यूएस ओपन से बाहर हो गए। अर्जुन काधे और डिएगो हिडाल्गो ने पहले सेट के 12वें गेम में ब्रेक प्वाइंट हासिल कर पहला सेट अपने नाम किया, लेकिन दूसरा सेट टाई-ब्रेक में हार गए। निर्णायक सेट के 10वें गेम में भारतीय-इक्वेडोर की जोड़ी की सर्विस एक बार फिर टूटी और उन्हें 5-7, 7(7)-6(4), 6-4 से हार का सामना करना पड़ा।

## हरारे वनडे में धीमी ओवर गति के लिए श्रीलंका पर जुर्माना

**दुबई, वार्ता।** हरारे में हुए पहले एकदिवसीय में धीमी ओवर गति के लिए श्रीलंका पर मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। यह जुर्माना मेहमान टीम पर आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2-22 के अनुसार, निर्धारित समय सीमा से एक ओर कम फेंकने पर एमिरेट्स आईसीसी एलीट पैनल ऑफ़ मैच रेफरी के जेफ क्रो द्वारा लगाया गया। खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2-22 न्यूनतम ओवर गति के अपराधों से संबंधित है, खिलाड़ियों पर निर्धारित समय में गेंदबाजी न करने पर प्रत्येक ओवर के लिए उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है।

**खेल विशेष**

## टाई-ब्रेकर्स आपके धैर्य की परीक्षा लेते हैं, और वहीं हम मैच जीते: सुनील

**विशाखापट्टनम, वार्ता।** प्रो कबड्डी लीग सीजन 12 में यू मुम्बा के कप्तान सुनील कुमार ने टाई-ब्रेक प्रारुप की सराहना करते हुए कहा कि यह आपके धैर्य की परीक्षा लेते हैं, और वही हमें जीत तक ले गया। यू मुम्बा ने अपने अभियान की शुरुआत रोमांचक जीत के साथ की। गुजरात जायंट्स के खिलाफ मुकाबला 29-29 की बराबरी पर खत्म हुआ, जिसके बाद टाई-ब्रेकर में यू मुम्बा ने 6-5 से बाजी मारी। विश्वनाध स्पोर्ट्स क्लब में हुआ यह मैच सीजन के शुरुआती तीन मुकाबलों में दूसरी बार नए टाई-ब्रेकर नियम तक पहुंचा, जिसने दर्शकों को आखिरी रेड तक रोमांचित रखा। कप्तान सुनील कुमार ने टाई-ब्रेकर प्रारुप की सराहना करते हुए इसे रोमांचक और स्वागत योग्य बदलाव बताया। सुनील ने मैच के बाद कहा, हटाई-ब्रेकर में सबसे जरूरी है शांत रहना। ऐसे पलों में आपको अपनी प्रवृत्ति पर भरोसा करना होता है और दिमाग से खेलना होता है। वही धैर्य हमें आज जीत तक ले गया। गुजरात के स्टार डिफेंडर मोहम्मदरेज़ा शादलुई के साथ टाई-ब्रेकर में हुए अहम पल पर सुनील ने कहा कि वह बेहद तीखा मुक. ाबला था। उन्होंने मुझसे अंक लेने की कोशिश की, लेकिन ऐसे मौकों पर अनुभव काम आता है। ऐसे मैच दिखाते हैं कि कैसे मामूली अंतर से नतीजा तय होता है। टीम के पहले मैच में मिली कड़ी जीत को अहम बताते हुए सुनील ने कहा कि टाई-ब्रेकर में ओपनिंग मैच जीतना टीम में विश्वास जगाता है। यह हमारी टीम की ताकत और एकता को दर्शाता है और हमें लंबे सीजन के लिए आत्मविश्वास देता है। लीग अभी शुरू हुई है, लेकिन यह जीत हमारे लिए सही लय सेट करती है।

**भारतीय टीम एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में**

# लगातार दो जीत के साथ सुपर-4 में भारत

**जापान की हॉकी टीम को 3-2 से हराया, कप्तान हरमनप्रीत ने 2 गोल दागे, नंबर-1 पर पहुंची टीम**



**राजगीर, वार्ता।** भारतीय टीम एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट के सुपर-4 में प्रवेश कर गई है। टीम ने रविवार को जापान पर 3-2 की जीत हासिल की। इस जीत ने टीम इंडिया को पूल ए पाइंट्स टेबल में नंबर-1 पोजिशन पर पहुंचा दिया।

राजगीर के बिहार यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स के मैदान पर भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने 2 गोल दागे। उन्होंने 5वें और 45वें मनट में पेनल्टी कार्नर पर गोल दागा। मैच के तीसरे मिनट में मंदीप सिंह ने भारत के लिए पहला फील्ड गोल किया। जापान की तरफ से 2 गोल किए गए। मैच के सिर्फ तीसरे ही मिनट में मंदीप सिंह ने भारत को बढ़त दिला दी। बाएं फ्लैंक से सुखजीत ने शानदार मूव बनाया। उन्होंने गेंद पकड़ी, घूमे और लाइन के साथ दौड़ते हुए गोल के सामने तेज क्रास मारा। वहीं मौजूद अनुभवी स्ट्राइकर मनदीप सिंह ने गेंद को ट्रैप किया और आसानी से नेट में डाल दिया। 5वें और 45वें मिनट में भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने पेनल्टी कार्नर पर गोल दागा। वे मौजूदा सीजन के टाप स्कोरर हैं। हरमनप्रीत ने पिछले मुकाबले में चीन के खिलाफ गोल की हैट्रिक लगाई थी। तीसरे क्वार्टर में जापान की टीम ने वापसी की। किमुरा नारू के पास पर कावाबे कोसेई ने गोल कर दिया। कोसेई ने बैक हैंड शाट खेला और बाल को गोल पोस्ट के अंदर धकेल दिया। 150वां मैच खेल रहे कृष्ण बहादुर के पास इस शाट का कोई जवाब नहीं था। कृष्ण बहादुर 150वां मैच खेल रहे हैं। इस मौके पर भारत के हेड कोच क्रेग फुल्टन ने उन्हें स्पेशल जर्सी दी। आखिरी सेकेंड तक मैच में रोमांच बना रहा। जापान ने गेंद को भारतीय सर्कल के पास घुमाने के बाद जोरदार शाट लगाया, लेकिन डिफेंस ने उसे आसानी से रोक लिया। फिर भारत ने अंतिम पलों को संभालते हुए जीत पक्की कर ली। 59वें मिनट भारत को आखिरी मिनट 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा। स्टार कप्तान हरमनप्रीत सिंह को यलो कार्ड मिला। 58वें मिनट कावाबे ने दूसरा गोल किया। बाल लगभग बेसलाइन पार करने वाली थी, लेकिन कावाबे ने उसे शानदार तरीके से ट्रैप किया। इसके बाद उन्होंने जरमनप्रीत के पास से गिरते हुए गेंद गोल पोस्ट में डाल दिया। 58वें मिनट में जापान को पेनल्टी कार्नर, भारत ने रेफरल गंवाया। 58वें मिनट में जापान को पेनल्टी कार्नर मिला। लेकिन भारतीय डिफेंडर्स ने शानदार बचाव किया।अगले ही मिनट में भारतीय टीम ने काउंटर अटैक किया।

## नॉर्थ जोन और सेंट्रल जोन दलीप ट्रॉफी के सेमीफाइनल में

**बेंगलुरु, वार्ता।** नॉर्थ जोन और सेंट्रल जोन ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए विशाल बढ़त के आधार पर रविवार को दलीप ट्रॉफी के सेमीफाइलन में जगह बना ली। नॉर्थ जोन ने दो विकेट पर 388 रन से आगे खेलना शुरु किया। यहां सुबह कप्तान अंकित कुमार और आयुष बदोनी अपनी टीम को बड़े स्कोर की ओर ले गए। इसी दौरान 444 के स्कोर पर मुख्तार हुसैन ने दो. हरे शतक की ओर बढ़ रहे अंकित कुमार को आउटकर पवेलियन भेज दिया। अंकित कुमार मात्र दो रन से अपना दोहरा शतक चूक गए। उन्होंने 321 गेंदों में 19 चौके और एक छक्का लगाते हुए 198 रनों की पारी खेली। इसके बाद चौथे विकेट के रूप में निशांत लसधु (68) रन बनाकर आउट हुये। नॉर्थ जोन ने आयुष बदोनी का दोहरा शतक बनने के बाद 146.2 ओवर में चार विकेटपर 658 के स्कोर पर अपनी पारी घोषित कर दी। नॉर्थ जोन ने ईस्ट जोन के खिलाफ 833 रनों की विशाल बढ़त के आधार पर सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया। आयुष बदोनी 223 गेंदों में 13 चौके और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 204 रन बनाये।कन्हैया वधावन 23 रन बनाकर नाबाद रहे। नॉर्थ जोन ने पहली पारी में 405 रन बनाये। वहीं दूसरी पारी चार विकेट पर 658 के स्कोर पर घोषित की। अपनी पहली पारी में 230 रन बनाये और दूसरी में वह बल्लेबाजी नहीं कर पायी।

# ज्वेरेव को हराकर फेलिक्स यूएस ओपन के चौथे दौर में



**न्यूयॉर्क, वार्ता।** कनाडा के स्टार टेनिस खिलाड़ी फेलिक्स ऑगर अलियासेम ने अपने करियर के एक बार फिर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए तीसरी वरीयता प्राप्त एलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर यूएस ओपन 2025 के चौथे दौर में जगह बना ली है।

लुई आर्मस्ट्रांग स्टेडियम में शनिवार रात खेले गए मुकाबले में 25 वर्षीय ने फेलिक्स ऑगर अलियासेम ने ज्वेरेव को 4-6, 7-6(7), 6-4, 6-4 से हराने के लिए आक्रामक मास्टरक्लास का प्रदर्शन किया। उन्होंने 23 फ़ोरहैंड सहित 50 विनर्स के साथ जीत दर्ज की। वर्तमान में 27वें स्थान पर काबिज ऑगर-अलियासेम ने अब तक शीर्ष पांच प्रतिद्वंदी के खिलाफ अपनी पहली ग्रैंड स्लैम जीत दर्ज की है। वह अपने पिछले 11 प्रयासों में केवल दो बार किसी स्लैम के अंतिम 16 में पहुंचे हैं और क्वार्टर फाइनल में उनका सामना 15वीं वरीयता प्राप्त आंद्रे रुबलेव से होगा।

## राजस्थान को हराकर केरल फाइनल में

**छत्तीसगढ़, वार्ता।** सब जूनियर गर्ल्स नेशनल फुटबॉल चैंपियनशिप 2025-26 के टायर-2 के दूसरे सेमीफाइनल में केरल की टीम ने राजस्थान को हराकर फाइनल में जगह बना ली। यहां रामकृष्ण मिशन आश्रम नारायणपुर के फुटबॉल ग्राउंड में खेले गए मुकाबले में केरल ने राजस्थान को 8-2 से हराया। ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन एवं रामकृष्ण मिशन के संयुक्त तत्वावधान में 16 अगस्त से शुरू हुई इस प्रतियोगिता में देशभर से 14 टीमों ने हिस्सा लिया है। रविवार सुबह आठ बजे खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में केरल ने शानदार प्रदर्शन किया। केरल की अर्पिता ने तीन गोल दागकर हैट्रिक बनाई। मैच जीत के बाद टीम के कोच डॉ- जेम शॉट ने कहा कि खिलाड़ियों ने शानदार खेल दिखाया और आयोजन स्थल की व्यवस्थाएं सराहनीय हैं। इस महिला फुटबॉल चैंपियनशिप का फाइनल मैच तीन सितम्बर को केरल और यूपी के बीच खेला जाएगा।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर 800 किमी साईकिल यात्रा का भव्य समापन

**खेल केवल प्रतिस्पर्धा का साधन नहीं बल्कि जीवन जीने की एक कला है: मांडविया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** देश मे खेल और फिटनेस को बढ़ावा देने के उद्देश्य से फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया (पेफी) के द्वारा मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय खेल महोत्सव के अंतर्गत आयोजित 800 किलोमीटर लंबी साइकिल अभियान यात्रा का रविवार को मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में भव्य समापन हुआ। केन्द्रीय खेल मंत्री डॉ- मनसुख मांडविया ने 'राष्ट्रीय खेल दिवस' पर आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय खेल महोत्सव के अंतिम दिन आयोजित समारोह में भाग लिया।

इस अवसर पर अपने संदेश में डॉ. मांडविया ने कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा का साधन नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है। फिट इंडिया मूवमेंट जैसे अभियानों का उद्देश्य है हर नागरिक को स्वस्थ और सक्रिय जीवन की ओर प्रेरित करना। यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 'विकसित भारत 2047' विजन को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, क्योंकि स्वस्थ भारत ही सशक्त भारत की नींव है। फिट इंडिया मूवमेंट, स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया और ब्रह्माकुमारीज स्पोर्ट्स विंग के सहयोग से आयोजित 800 किलोमीटर लंबी साइकिल अभियान यात्रा जो 24 अगस्त को प्रयागराज से प्रारंभ होकर विभिन्न शहरों और कस्बों में फिटनेस का संदेश फैलाते हुए आज मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंची। यहां इसे लोकप्रिय फिटनेस स्पर्धा संडे ऑन साइकिल के साथ जोड़ा गया, जिसे फिट इंडिया मूवमेंट के तहत भारतीय खेल प्राधिकरण के तत्वावधान में आयोजित किया गया। इस अवसर पर न केवल सैकड़ों साइक्लिंग प्रेमियों ने भाग लिया, बल्कि देशभर में खेलों के महत्व, सक्रिय जीवनशैली और स्वास्थ्य को लेकर नई ऊर्जा का संचार हुआ। इस अवसर पर पेफी के राष्ट्रीय सचिव डॉ. पीयूष जैन ने बताया कि इस साइकिल यात्रा अभियान का शुभारंभ प्रयागराज से हुआ।

# खेल की दुनिया में जम्मू-कश्मीर को मिली पहचान: प्रधानमंत्री



**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि बाढ़ और तबाही की घटनाओं के बीच जम्मू -कश्मीर में हाल में खेलों के दो बड़े आयोजन हुए हैं जिन्होंने राज्य को खेलों की दुनिया में नई पहचान दी है।

मोदी ने आकाशवाणी से रविवार को प्रसारित अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' की 125वीं कड़ी में कहा कि बाढ़ और बारिश की इस तबाही के बीच जम्मू-कश्मीर ने दो बहुत खास उपलब्धियां भी हासिल की हैं। इन पर ज्यादा लोगों का ध्यान नहीं गया लेकिन जब इन उपलब्धियों के बारे में जानेंगे तो बहुत खुशी होगी। राज्य के पुलवामा के एक स्टेडियम में पुलवामा का पहला डे नाईट क्रिकेट मैच खेला गया जिसमें रिकॉर्ड संख्या में लोग एकत्रित हुए। पहले ऐसा होना असंभव था लेकिन अब मेरा देश बदल रहा है। ये मैच 'रॉयल प्रीमियर लीग' का हिस्सा है, जिसमें जम्मू-कश्मीर की अलग-अलग टीमें खेल रही हैं। इतने सारे लोग, खासकर युवा, पुलवामा में रात के समय, हजारों की तादाद में क्रिकेट का आनंद लेते दिखें-ये नजारा वाकई देखने लायक था। श्री मोदी ने राज्य के एक और खेल आयोजन का जिक्र करते हुए कहा ष्दूसरा आयोजन जिसने ध्यान खींचा, वो है देश में हुआ पहला ' खेलो इंडिया जल स्पोर्ट्स उत्सव' और वो भी श्रीनगर की डल झील पर हुआ।

## शहडोल जिले के फुटबॉल खिलाड़ी प्रशिक्षण लेने जाएंगे जर्मनी: मोदी

**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश में छिपी खेल प्रतिभाओं पर पूरी दुनिया की नजर है और इससे गौरवान्वित होने की जरूरत है। श्री मोदी ने रविवार को आकाशवाणी पर प्रसारित 'मन की बात' कार्यक्रम में कहा कि आज पूरी दुनिया का ध्यान भारत की तरफ है। उन्होंने मध्य प्रदेश के शहडोल जिले के एक गांव के प्रतिभाशाली फुटबॉल खिलाड़ियों का जिक्र किया।

# 24 घंटे बाद भी नहीं बिके भारत-पाक मैच के टिकट

● **टिकट बिक्री के पैकेज सिस्टम के चलते फैंस को 7 मैचों का पैकेज लेना पड़ रहा, कीमत 33 हजार से 3 लाख तक**

**दुबई, वार्ता।** किसी भी क्रिकेट टूर्नामेंट में भारत-पाकिस्तान मैच के टिकट सबसे जल्दी बिक जाते हैं, लेकिन, 14 सितम्बर को एशिया कप में होने वाले भारत-पाक मुकाबले के टिकट बिक्री की शुरुआत के 24 घंटे बाद भी बचे हुए हैं। कारण है, टिकट बिक्री का पैकेज सिस्टम। भारत- पाक मैच के टिकट खरीदने के लिए दर्शकों को 7 मैचों का पैकेज लेना पड़ रहा है। सबसे सस्ता पैकेज 33 हजार 600 रुपए का है। जबकि बैंड लाउंज पैकेज की कीमत 3 लाख 12 हजार रुपए है। इस बार 7 मैच के पैकेज में भारत-यूएई, भारत- पाक, बी1-बी2, ए1-ए2, ए1-बी2, ए1-बी1 और फाइनल मैच शामिल हैं। यानी बाकी मुकाबलों की तुलना में भारत-पाक मैच देखने के लिए दर्शकों को ज्यादा खर्च करना पड़ रहा है। आयोजक भारत-पाक मैच के जरिए अन्य मैचों में भी दर्शकों को आकर्षित करना चाह रहे हैं, इसलिए उन्होंने यह पैकेज सिस्टम लागू किया है। एशिया कप में कुल 12 ग्रुप मैच होने हैं। इनमें से 11 मैचों के टिकट आम तौर पर 1200 रुपए (जनरल) से लेकर 12 हजार रुपए (ग्रैंड लाउंज) तक उपलब्ध हैं। भारतीय फैन रविकांत का कहना है कि उनके आफिस में कई लोग महंगे पैकेज की वजह से टिकट नहीं ले पाए। फैंस उम्मीद कर रहे हैं कि मैच के करीब आते-आते सिर्फ भारत-पाक मैच का टिकट भी उपलब्ध कराया जाएगा। वहीं, पाकिस्तानी प्रशंसक हसन अब्बास ने बताया कि टिकट पैकेज देखकर पहले निराशा हुई, लेकिन क्वालिफायर और फाइनल समेत 7 मैचों की डील खराब नहीं है।

## पाक टीम जूनियर हॉकी विश्व कप के लिए भारतआएगी

**हॉकी इंडिया बोला: पाकिस्तान ने टीम भेजने पर सहमति दी, 28 नवम्बर से टूर्नामेंट**

**नई दिल्ली, वार्ता।** जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप के लिए पाकिस्तान की टीम भारत आएगी। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा, पाकिस्तान ने तमिलनाडु में होने वाले इंटरनेशनल हॉकी फेडरेशन (एफआईएच) जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप के लिए अपनी जूनियर टीम भेजने पर सहमति दे दी है। वर्ल्ड कप तमिलनाडु के मदुरई और चेन्नई में 28 नवम्बर से 10 दिसम्बर तक खेला जाएगा। दूसरी ओर, भारत में चल रहे सीनियर हॉकी एशिया कप के लिए पाकिस्तान टीम ने भारत आने से मना कर दिया था। वहां की सरकार ने सुरक्षा कारणों से अपना नाम वापस लिया था। भारत ने 2023 में चौथी बार जूनियर हॉकी एशिया कप का खिताब अपने नाम किया था। टीम ने फाइनल में पाकिस्तान को ही 2-1 से हराया था। भारत-पाकिस्तान पूल बी में हॉकी एशिया कप से पाकिस्तान के हटने के बाद, जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप में पाकिस्तान की भागीदारी को लेकर अनिश्चितता थी। हालांकि, अब कन्फर्मेशन के बाद टूर्नामेंट तय शेडड्ूल पर हो सकेगा। भारत और पाकिस्तान को चिली और स्विट्जरलैंड के साथ पूल बी में रखा गया है। महासचिव ने पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन से बात की टूर्नामेंट में पाकिस्तान की भागीदारी को लेकर महासचिव भोला नाथ ने कहा कि उन्होंने पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन के साथ बातचीत की। वे टूर्नामेंट के लिए अपनी जूनियर टीम भारत भेजेंगे। नाथ ने मीडिया से कहा कि पाकिस्तान ने सहमति दी है कि वे अपनी जूनियर हॉकी टीम को वर्ल्ड कप में खेलने के लिए भेजेंगे, जो चेन्नई और मदुरई में होगा। पाकिस्तान को एशिया कप खेलने आना चाहिए था- असलम शेरखान भारतीय हॉकी के दिग्गज असलम शेरखान ने एशिया कप में पाकिस्तान के न आने पर कहा, टीम को टूर्नामेंट में हिस्सा लेना चाहिए था। भारत में डरने की कोई बात नहीं है। देश खेल और संस्कृति के मामले में बहुत अच्छा है। यहां सुरक्षा में चूक का सवाल ही नहीं। पाकिस्तानी टीम ने बिहार के राजगीर में चल रहे सीनियर एशिया कप में भारत आने से मना कर दिया था। टीम ने सुरक्षा कमी को कारण बताया था। 21 सितम्बर को भारत सरकार ने मल्टीनेशनल टूर्नामेंट में खेलने की इजाजत दी पिछले हफ्ते, भारत सरकार ने नई स्पोर्ट्स पालिसी में पाकिस्तान के साथ मल्टीनेशनल टूर्नामेंट में भारत को खेलने की इजाजत दी थी।

# मैत्रीपूर्ण मैच में डीआईजी ने खेली शानदार 83 रन की पारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** फ्लाइंग ऑफिसर सुधीर त्यागी की स्मृति में खेलेंगे मैत्रीपूर्ण मैच में फ्लाइंग ऑफिसर सुधीर त्यागी एकादश ने प्रशासन एकादश को सात विकेट से पराजित कर जीत हासिल की जिसमें डीआईजी अभिषेक सिंह ने शानदार 83 रन की पारी खेली और उन्हें सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज का पुरस्कार दिया गया।



जेवी जैन कॉलेज के क्रीड़ा स्थल पर फ्लाइंग ऑफिसर सुधीर त्यागी की स्मृति में फ्लाइंग ऑफिसर सुधीर त्यागी एकादश एवं प्रशासन एकादश के बीच मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच खेला गया। मैच का उद्घाटन मंडलायुक्त अटल कुमार राय एवं डीआईजी अभिषेक सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया और फ्लाइंग ऑफिसर सुधीर त्यागी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। 20-20 ओवर के मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए प्रशासन एकादश ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 192 रन बनाए जिसमें डीआईजी अभिषेक सिंह 8 चौकों और 7 छक्कों की मदद से 37 गेंदों पर 83 रन की शानदार पारी खेली। इनके अलावा मंडलायुक्त अटल कुमार राय ने 32 गेंदों पर 17 रन बनाये, जबकि ज्वाइंट कमिश्नर विनोद कुमार मिश्रा ने 21 गेंदों पर 31 रनों की शानदार पारी खेली। फ्लाइंग ऑफिसर सुधीर त्यागी एकादश की ओर से गेंदबाजी करते हुए अंकित शर्मा ने दो विकेट हासिल किए। इनके अलावा मयंक त्यागी, राजन, परविंदर सिंह, अभिषेक सिंह ने एक-एक विकेट हासिल किया। फ्लाइंग ऑफिसर सुधीर त्यागी एकादश ने निर्धारित 193 रन के लक्ष्य को 18.5 ओवर में तीन विकेट खोकर हासिल कर लिया जिसमें अंकित शर्मा ने 54 और परविंदर सिंह ने 53 की शानदार पारी खेलते हुए अपनी टीम को आसानी से जीत दिला दी। इनके अलावा राजन ने 45 और नितिन ने 22 रन का योगदान दिया। प्रशासन एकादश की ओर से गेंदबाजी करते हुए अंकित शर्मा ने दो और मनोज ने एक विकेट लिया। 7 विकेट से फ्लाइंग ऑफिसर सुधीर त्यागी एकादश ने जीत हासिल की। मैच में परमिंदर सिंह को मैन ऑफ दा मैच का पुरस्कार दिया गया। डीआईजी अभिषेक सिंह को सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज का खिताब दिया गया। अंकित शर्मा को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज का पुरस्कार दिया गया। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट डॉ गोपाल शर्मा एवं राकेश शर्मा मैच के अंपायर रहे। कार्यक्रम संयोजक एवं आयोजन सचिव डॉक्टर आर एस त्यागी ने सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन शिवमणि त्यागी ने किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी मनीष बंसल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी, सीडीओ सुमित राजेश महाजन, नोएडा के जिला अधिकारी मेघा, सुनील गुप्ता, सुरेंद्र शर्मा, विजेंदर त्यागी, सुनील त्यागी, योगेश शर्मा, प्रवीण भारद्वाज, अशोक धीमान, आरिफ खान, असद खान, सुरेश त्यागी, क्रीड़ा अधिकारी अश्वनी त्यागी, राजकुमार त्यागी, सनी मल्होत्रा, राघव बंसल, राकेश सुखीजा, अधिवक्ता धर्मेंद्र कुमार प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# पर्यावरण जागरूकता को पौधे रोपित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** रोटरी क्लब ग्रेटर ने पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाने तथा पर्यावरण को स्वच्छ बनाये रखने को आज पौधे रोपित कर सभी लोगों को अधिक से अधिक पौधे रोपित करने को प्रेरित किया।

आज राज विहार क्लोनी मे रोटरी क्लब ग्रेटर के पदाधिकारियों ने वृक्षरोपण किया। इस मौके पर क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन एम पी सिंह चावला और सचिव रोटेरियन मोहम्मद आलम ने बताया कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए और सभी जीवों के स्वस्थ जीवन के लिए अच्छी ऑक्सीजन को बनाने के लिए हमें अधिक से अधिक स्थानों पर अधिक से अधिक पौधरोपण और वृक्षारोपण करने और कराते रहना चाहिए। प्रोजेक्ट चेयरमैन एवं पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन गिरीश तलवार ने बताया की क्लब के सभी सदस्यों के घरो के पास सप्ताह मे एक बार उपयुक्त स्थान चिन्हित करके सहारनपुर मे अधिक से अधिक स्थानों पर पौधरोपण और वृक्षरोपण करेंगे। इस मौके पर मुख्य अतिथि वरिष्ठ उधमी एवं रोटरी क्लब सहारनपुर ग्रेटर के चार्टर प्रेजिडेंट रोटेरियन आर के धवन ने क्लब के पदाधिकारियों को इस पुनीत कार्य की बधाई दी।

कार्यक्रम को सफल बनाने मे क्लब के कोषाध्यक्ष रोटेरियन दीपक गाँधी, पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन नीरज रहेजा, एडवोकेट निगम तलवार, श्रीमती अंजू तलवार एवं वाणी का विशेष योगदान रहा।

# बाढ़ प्रभावितों की सेवा को अरदास रवाना



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** बाबा रणजीत सिंह कार सेवक गुरुद्वारा श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी पन्याली एवं सिंह ब्रदर्स वेलफेयर सोसाइटी की एक टीम सहारनपुर से पंजाब के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सेवा करने के लिए कस्बा सरसावा से अरदास करके रवाना हुई। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सूखा राशन, दालें, सब्जियाँ, चावल, चीनी, चायपत्ती, दूध के पैकेट, बिस्कुट, ब्रेड, पशुओं का चारा आदि व अन्य दैनिक आवश्यकता की वस्तुएँ वित. रित की जाएँगी।

सिंह ब्रदर्स वेलफेयर सोसाइटी के प्रबंधक मनजोत सिंह ने बताया कि हमारी टीम पंजाब में पहुंच कर जरूरतमंदों तक यह सेवा पहुंचाएंगे। संस्था प्रबंधक मनजोत सिंह ने सभी संगत का धन्यवाद किया है जिन्होंने इस आपदा में तन मन धन से अपना सहयोग दिया है ।

इस आपदा में सेवा के लिए आगे आए कुछ धार्मिक संस्थान एवं संगत गुरुद्वारा साहिब सरसावा, गुरुद्वारा बाबा दीप सिंह जी शहीद जमुना पार, शहीद भगत सिंह भाई चारा मंच, सिख संगत सहारनपुर एवं सिख संगत सहारनपुर देहात, गुरुद्वारा साहिब महँगी गंगोह। इस मौके पर बाबा रणजीत सिंह जी, मनिंदर सिंह, मनजोत सिंह, चरणप्रीत सिंह, शेरसिंह, तेजपाल सिंह, तजिंदर सिंह, अवतार सिंह आदि मौजूद रहे।

# वर्मी कम्पोस्ट के प्रयोग से रसायनिक खाद की निभर्रता में आई कमी: कांबोज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साढ़ोली कदीम।** किसानों की आय में वृद्धि एवं सतत कृषि को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से चको में स्थापित आधुनिक वर्मी कम्पोस्ट इकाई युग ग्रामोद्योग संस्थान का भ्रमण किया गया। इस अवसर पर आरसेटी के कार्यक्रम संयोजक अमित कुमार चौबे ने प्रशिक्षणार्थियों से विस्तृत चर्चा की।




तहसील बेहट इलाके के गांव चको स्थित युग ग्रामोद्योग संस्थान के संस्थापक और सफल युवा उद्यमी सुखदेव कांबोज ने कहा कि वर्मी कम्पोस्ट के उपयोग से किसानों की रासायनिक खाद पर निर्भरता में कमी आई है एवं फसल उत्पादन में बेहतर सुधार हुआ है। किसानों द्वारा निर्मित वर्मी कम्पोस्ट का उपयोग न केवल उनकी स्वयं की खेती में किया जा रहा है, बल्कि अतिरिक्त उत्पाद को बाजार में बेचकर अतिरिक्त आय भी अर्जित की जा रही है। वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन की तकनीक, इकाई के रखरखाव एवं विपणन संबंधी सुझाव भी प्रदान किए। उन्होंने बताया कि वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने तथा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान से प्रशिक्षित सफल उद्यमी रणदीप राणा एवं सत्यजीत राणा ने बताया कि पशुपालन के साथ-साथ जैविक खाद निर्माण का व्यवसाय बेरोजगार युवाओं के लिए वरदान है।सरकार भी जैविक कृषि और खाद को बढ़ावा देने के लिए भिन्न योजनाएँ चला रही है। जिनसे युवाओं को वित्तीय सहायता या सब्सिडी भी मिल सकती है।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए कार्यक्रम संयोजक अमित कुमार चौबे ने कहा जैविक खाद का महत्तव बेरा. `जगार युवाओं के लिए इसलिए भी बड़ा है क्योंकि ये एक कम लागत वाला और उच्च लाभ वाला विकल्प हो सकता है। आजकल किसानों की जैविक खेती की ओर रुचि बढ़ रही है, जिससे जैविक खाद की माँग भी तेजी से बढ़ रही है। युवा अगर जैविक खाद बनाने का काम शुरू करें, तो उन्हें स्थानीय किसानों, बागवानों और कृषि संस्थानों से नियमित ऑर्डर मिल सकते हैं।

इस मौके पर मुख्य रूप से लक्ष्मण सिंह, रेणु बाला, अनीता देवी, करिश्मा रानी, सुनीता चौहान, सोनू कुमार, आशा राणा, अंकित पुंडीर, अनमोल चौहान, भानु राणा रंडौल, अंकित कल्याण, जॉनी कुमार, आदित्य भास्कर, अभिजीत सिंह, अवधेश चौहान, शक्ति सिंह, संदीप कुमार, मिथुन कुमार, अंकित भैरमऊ, राकेश कुमार, करण सिंह, राहुल कुमार, रोहित कुमार, आशीष कुमार, हिमांशु, अभिषेक सोहित, नीटू कुमार, देव बिरला, ओमवीर सिंह एवं रजत कुमार उपस्थित रहे।

# अधिवक्ता जमाल साबरी की सशक्त पैरवी से 3 अभियुक्त बरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सिविल कोर्ट में अधिवक्ता जमाल साबरी ने अपने मुवक्किलों की ओर से मुकदमे की पैरवी करते हुए उन्हें बरी कराया।



यह मामला मुकदमा अपराध संख्या 67/1995 थाना नगर कोतवाली अन्तर्गत धारा-420 आई.पी.सी., धारा 63 व 64 कॉपीराइट एक्ट तथा धारा 78 व 79 ट्रेड मार्क एक्ट से संबंधित था। पुलिस ने वर्ष 1995 में राम अवतार, जुग्गीलाल और शिवकुमार को आरो. पित करते हुए मुकदमा दर्ज किया था। आरोप था कि अभियुक्तगण 27 अप्रैल 1995 को दिन में लगभग 3. 30 बजे थाना कोतवाली नगर क्षेत्र में एक कम्पनी का लेबल लगाकर नकली बीड़ी बनाते हुए पकड़े गए थे। करीब 23 वर्षों से लंबित इस मामले में अभियोजन पक्ष उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आरोपों को संदेह से परे सिद्ध करने में विफल रहा। फलस्वरूप न्यायालय एसीजेएम तृतीय सहारनपुर ने दिनांक 4 अगस्त 2025 को अभियुक्तगण को दोषमुक्त करार देते हुए बरी कर दिया। अधिवक्ता जमाल साबरी की मजबूत दलीलों और प्रभावी पैरवी के चलते अभियुक्तगण को न्यायालय से राहत मिली।

# अक्षय को मिला सेक्टर-1 का अतिरिक्त चार्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आबकारी विभाग में भ्रष्टाचार और अनैतिक गतिविधियों के आरोपों ने एक बार फिर सुर्खियां बटोरी हैं। रिश्वतखोरी और अनैतिक कार्यों में लिप्त होने के कारण पूर्व आबकारी निरीक्षक शैलेंद्र कुमार की जेल यात्रा के बाद सेक्टर-1 का अतिरिक्त चार्ज आबकारी निरीक्षक शिखर श्रीवास्तव को सौंपा गया था। लेकिन विभागीय सूत्रों के अनुसार, जिला आबकारी अधिकारी ने उप आबकारी आयुक्त को पत्र लिखकर शिखर श्रीवास्तव को हटा दिया, क्योंकि उन्होंने ईमानदारी और विभाग हित के चलते अनैतिक कार्यों में शामिल होने से साफ इनकार कर दिया था। अब यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी अक्षय नामक एक अन्य अधिकारी को सौंपी गई है, लेकिन

**■ आबकारी विभाग के शैलेंद्र कुमार के जेल जाने के बाद रिक्त था प्रभार**

वह भी अपनी बेहद ईमानदार और निष्पक्ष छवि के लिए मशहूर हैं। यह नियुक्ति विभाग में चर्चा का विषय बनी हुई है, और सभी की नजरें इस बात पर टिकी हैं कि क्या अक्षय दबाव में टूटेंगे या अपनी बेदाग छवि को कायम रखेंगे।

विभागीय सूत्रों के अनुसार, शैलेंद्र कुमार पहले ही अनैतिक गति. विधियों और रिश्वतखोरी के आरोपों के चलते जेल जा चुके हैं। उनके बाद सेक्टर-1 का प्रभार शिखर श्रीवास्तव को मिला था, लेकिन जिला आबक. ारी अधिकारी द्वारा लगातार निरीक्षकों पर अनैतिक कार्यों के लिए दबाव डाला जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि शिखर श्रीवास्तव ने इस दबाव को ठुकरा दिया, जिसके चलते उन्हें पद से हटाया गया है। एक अधिकारी ने नाम न लिखने की शर्त पर बताया कि, षजिला आबकारी अधिकारी की ओर से इंस्पेक्टर्स पर अनुचित दबाव की बात विभाग में आम है।

शिखर श्रीवास्तव की ईमानदारी उनके लिए भारी पड़ी, और पत्र लिखकर उन्हें हटवा दिया गया लेकिन ईमानदार छवि के इंस्पेक्टर अक्षय की नियुक्ति एक नई उम्मीद लेकर आई है।

अक्षय, जो लंबे समय से आबक. ारी विभाग में अपनी सेवाएं दे रहे हैं, अपनी सख्त और पारदर्शी कार्यशैली के लिए जाने जाते हैं। अवैध शराब तस्करी और रिश्वतखोरी के खिलाफ उनकी सख्त कार्रवाई ने उन्हें विभाग में एक सम्मानित नाम बनाया है। सेक्टर-1, जो सहारनपुर के शहरी क्षेत्र का एक व्यस्त हिस्सा है और जहां आबकारी दुकानों, लाइसेंसिंग, और राजस्व संग्रह की निगरानी महत्वपूर्ण है, अब उनके नेतृत्व में होगा। सूत्रों का कहना है कि उनकी नियुक्ति से अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगेगा और विभाग में पारदर्शिता बढ़ेगी। एक कर्मचारी ने कहा, षअक्षय बेहद ईमानदार प्रवृत्ति के हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि वे इस दबाव को कैसे संभालते हैं और अपनी बेदाग छवि को बनाए रखते हैं।

पूरे आबकारी विभाग में यह मामला गर्म चर्चा का विषय बना हुआ है। कर्मचारी और स्थानीय लोग उम्मीद जता रहे हैं कि अक्षय के नेतृत्व में सेक्टर-1 में कोई अनियमितता नहीं होगी।

# शिक्षण गुणवत्ता में सुधार विषय पर कार्यशाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** कृष्णा इंस्टीट्यूट परिसर में शिक्षण गुणवत्ता में सुधार विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में अनेक लोगों ने भाग लिया।

शुभारंभ प्रबंध समिति के नीरज गोयल, असिस्टेंट प्रोफेसर डा. राखी शुक्ला, असिस्टेंट प्रोफेसर डा. करन मास्ता, डिप्टी मैनेजर अनुराग नेगी, मार्केटिंग आफिसर, रविश रजा, प्राचार्य डा. अनिल कुमार ने दीप जला कर किया। कार्यशाला का उद्देश्य आधुनिक तकनीकी संसाधनों के माध्यम से शिक्षा में सुधार करना तथा उसे अधिक व्यावहारिक बनाकर शिक्षण की गुणवत्ता को बढ़ाना है। कार्यशाला में बताया गया कि शिक्षण के क्षेत्र में केस स्टडी के माध्यम से छात्र-छात्राओं एवं शोधकर्ताओं को वास्तविक जीवन के अनुभवों से सीखने का अवसर प्राप्त होता है और नए प्रयोगों एवं व्यावहा. रिकता के माध्यम से कई नए आयामों को छुआ जा सकता है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र छात्राओं व शिक्षकगणों ने बढ़ चढकर भाग लिया। कार्यशाला के अंत में महाविद्यालय प्राचार्य डा. अनिल कुमार ने आए अतिथिगणों को इस विषय पर विस्तार से जानकारी देने व शिक्षकों की शंकाओं का समाधान करने हेतु धन्यवाद दिया। इस अवसर पर राहुल कुमार, विपुल भारद्वाज, पुनीत कोहली, हरिओम शर्मा, राकेश देवी, सविता पंवार आदि मौजूद रहे।

# निर्माण कार्य के चलते विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** विद्युत निर्माण कार्य कराए जाने के चलते विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

उपखंड अधिकारी पीसी सागर ने जानकारी देते हुए बताया 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र चिलकाना एवं 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र सरसावा से निर्गत सभी 11 केवी पोषक की सोमवार सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक 33 केवी लाईन चिलकाना की लाईन निर्माण कार्य कराये जाने के कारण विद्युत उपकेन्द्र चिलकाना एव विद्युत उपकेन्द्र सरसावा की विद्युत आपूर्ति बन्द रहेगी। उपभोक्ता विद्युत सम्बन्धी कार्य समय से निपटा ले।

# अपनी संस्कृति अपना धर्म समाज करें मजबूत: जोगेंद्र



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** हिंदू युवा शक्ति संगठन द्वारा विस्तार सभा का आयोजन किया गया। जिसमे संगठन का विस्तार कर हिंदू समाज को संगठित करने पर बल दिया गया।

कस्बे के नैशनल मॉडल इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सैनी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष जोगेंद्र सैनी ने कहा हिंदू समाज को जागरूक करने के लिए जनजागरण की आवश्यकता है। युवा वर्ग को चाहिए की वह अपनी संस्कृति को अपनाकर धर्म व समाज को मजबूत करे। संगठन मे ही बल है जिसके लिए हम सबको संगठित होकर धर्म व समाज के लिए आगे आना होगा। उन्होने कहा कि हमारे देश का गौरव शाली इतिहास रहा है। उसे पुन: स्थापित करने के लिए इस तरह के आयोजन जरूरी है। इस अवसर पर संगठन द्वारा अंगवस्त्र व सम्मान चिन्ह देकर अभिनन्दित किया गया।

मुख्य रूप से वत्सराज त्यागी स्वाधीन, शक्ति सिंह,रवि राणा, कुलदीप राणा, जोगिंदर सैनी सोना पंडित, यशस्वी आर्य, अक्षय, ओजस्वी, प्रियांशु, कार्तिक, हर्षित, अभिषेक, विशाल, मुकेश, अजय, राघव, विनीत, अवि, प्रिन्स, निखिल, कुणाल, सोनू आदि पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बिशप सहित 11 पर 5 करोड़ की रंगदारी मांगने का मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** चर्चित मिशन बंगला की विवादित भूमि का मामला एक बार फिर सुर्खियों में है। इस बार भूमि को लेकर 5 करोड़ रुपए की रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। कोतवाली बेहट पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर बिशप सहित 11 लोगों के खिलाफ मुकदमा कायम किया है।

दरअसल, कोतवाली बेहट कस्बे में घास मंडी के पास स्थित मिशन बंगला के नाम से मशहूर करोड़ों रुपए की भूमि को लेकर चल रहा विवाद एक बार फिर सुर्खियों में है। इस बार चंडीगढ़ निवासी रॉबिन रिचर्ड ने कोर्ट के माध्यम से कोतवाली बेहट में 5 करोड़ रुपए की रंगदारी मांगने सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा कायम कराया है। 225 डीएमसी सैक्टर 38 वेस्ट चंडीगढ़ के स्थाई निवासी और क्रिश्चन हैल्थ सेंटर बेहट के हाल निवासी रॉबिन रिचर्ड ने कोर्ट के माध्यम से कोतवाली बेहट में दर्ज मुकदमे में बताया कि उसने खाता संख्या-27 खसरा संख्या-756 रकबई 0. 330 बेहट अंदरून, परगना फैजाबाद, तहसील बेहट की भूमि जो कि मिशन बंगले के नाम से प्रसिद्ध है, को 28.04.2023 व 29.04.2023 को बजरिये पंजीकृत बैनामे से खरीदी थी और उक्त भूमि पर मालिक व काबिज चला आ रहा है। आरोप है कि एक सोची समझी साजिश के तहत एक व्यक्ति स्वंय को चर्च ऑफ इण्डिया, पाकिस्तान, बर्मा एंव सीलोन (सीआईपीबीसी) का बिशप/पदाधिकारी बताकर अपने साथियों के साथ मिलकर उसकी संपत्ति के दस्तावेज की कूटरचना कर तथा मोहर, सील व लेटर हेड का इस्तेमाल कर उसकी संपत्ति को धर्म व कब्रिस्तान बताकर अवैध कब्जा व खुर्द-बुर्द करने का प्रयास कर रहे है। बताया कि उक्त सम्पत्ति कभी भी चर्च ऑफ इंडिया (सीआईपीबीसी) में निहित नहीं रही है। आरोप है कि दिनेश कुमार दिवाकर आदि द्वारा ठगी करने का एक गिरोह बनाया हुआ है तथा उक्त लोग स्वंय को चर्च अधिकारी बताकर ईसाई समाज की किसी भी संपत्ति को चर्च अथवा कब्रिस्तान बताकर ब्लैकमेल करते हैं। आरोप है कि दिनेश दिवाकर अपने साथियों के साथ मिलकर उसे ब्लैकमेल कर पाँच करोड रूपये की मांग कर रहा है और झूठे मुकदमों में फसाने व जान से मारने की धमकी दे रहे है। कोतवाली बेहट पुलिस ने कोर्ट के आदेश कॉलोनी पांसाली, दिल्ली निवासी दिनेश कुमार दिवाकर, जानसठ जिला मुजफ्फरनगर निवासी रामेश्वर उपकारी, खतौली निवासी धर्म मसीह, मुजफ्फरनगर निवासी अभिषेक कुमार और राव मो. निश सहित 6 अन्य अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ 5 करोड़ रुपए की रंगदारी मांगने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। बता दे कि उक्त भूमि को लेकर पिछले काफी समय से विवाद चला आ रहा है। एक बार फिर विवाद का भूत षमिशन बंगलाष से बाहर आ गया है। सूत्रों की माने तो पूर्व में भी इस भूमि को लेकर मुकदमे दर्ज है।

# दशलक्षण पर्व के चौथे दिन जैन समाज ने की उत्तम शौच धर्म की पूजा अर्चना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर में चल रहे दस दिवसीय दशलक्षण महापर्व के अंतर्गत चतुर्थ दिवस उत्तम शौच धर्म की पूजा-अर्चना और भक्ति भाव से आयोजन किया गया।

जैन बाग स्थित महान अतिशयपूर्ण मंदिरजी के श्री वीरोदय तीर्थ मंडपम् में परम पूज्य आचार्य प्रवर विमर्शसागर महाराज ससंघ की पावन सन्निधि में श्री जिनेंद्र प्रभु के मंगलमय जिनबिम्ब पर अभिषेक, शांतिधारा व विश्व शांति हेतु विशेष पूजा सम्पन्न की गई। धर्मसभा को संबोधित करते हुए आचार्य प्रवर विमर्शसागर महाराज ने कहा कि शौच का अर्थ मात्र स्नान या बाहरी स्वच्छता से नहीं है। शरीर तो अशुचि पदार्थ से निर्मित है, वास्तविक शुचिता आत्मा की पवित्रता से प्रकट होती है। जब मनुष्य लोभ, झूठ, चोरी, हिंसा, परिग्रह व इन्द्रिय विषयक आसक्ति का त्याग करता है, तभी आत्मा में उत्तम शौच धर्म का उदय होता है। उन्होंने लोभ को समस्त कलह और अशांति का मूल बताते हुए कहा कि लोभ त्याग कर ही जीवन में शांति, सुख और कल्याण पाया जा सकता है। समाज अध्यक्ष राजेश कुमार जैन ने कहा कि क्रोध, मान, माया और लोभ में लोभ सबसे बड़ा शत्रु है। लोभ के रहते आत्मा की शुचिता संभव नहीं है। संतोष ही शौच धर्म की आधारशिला है। पूर्व भाजपा महानगर अध्यक्ष राकेश जैन ने कहा कि शौच धर्म के लिए इन्द्रिय भोग और धन संग्रह की प्रवृत्ति का त्याग करना आवश्यक है। पुण्य के उदय से धन बढ़ता है और पाप से स्वत: नष्ट हो जाता है। सीए अनिल जैन ने अपने संबोधन में कहा कि लोभी व्यक्ति कभी सुखी नहीं रह सकता, वह स्वयं भी धन का उपभोग नहीं करता और दूसरों को भी नहीं करने देता। जबकि संतोषी प्राणी विपरीत परिस्थितियों में भी प्रसन्न रहता है। धर्मसभा में समाज के अध्यक्ष राजेश कुमार जैन, संरक्षक राकेश जैन, सीए अनिल जैन, महामंत्री सजीव जैन, चौ. अनुज जैन, उपमंत्री अविनाश जैन नाटी, उपाध्यक्ष




विपिन जैन, अरुण जैन, उप चौ. संदीप जैन, नितिन जैन, राजा जैन, आयुष जैन, निखिल जैन, चौ. अवनीश जैन, मीडिया प्रभारी नीना जैन, आयुष जैन, राजा रवि जैन सहित सैकड़ों श्रावक-श्राविकाओं की उपस्थिति रही।

**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर के श्री दिगम्बर 1008 श्री पार्श्वनाथ जैन मंदिर मे दशलक्षण धर्म पर्व के चौथे दिन उत्तम शौच धर्म की पूजा की गई।

जयपुर से आये विद्वान अंश जैन, सक्षम जैन ने भक्ति भाव से पूजा अर्चना कराई। इस दौरान उन्होंने बताया कि उत्तम शौच धर्म, जैन धर्म में एक महत्वपूर्ण अवधारणा है, जिसका अर्थ है पवित्रता या शुचिता। यह न केवल शारीरिक स्वच्छता को दर्शाता है अपितु आंतरिक शुचिता यानी मन, वचन और कर्म की शुद्धता पर भी जोर देता है। संक्षेप में कहा जाए तो उत्तम शौच धर्म एक ऐसी जीवनशैली है जो कि व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक व आध्यात्मिक रूप से



शुद्ध और पवित्र बनाती है। पूजा में अर्चना में जैन समाज के सरंक्षक सुधीर कुमार जैन, बिजेंद्र जैन, राजीव जैन, संजय जैन, विपिन जैन, सन्दीप जैन, दिवशे जैन व महिला मंडल से अंजना जैन, चंदन जैन, कुसुम लता जैन, राजेश जैन, नेहा जैन, पारुल जैन, शालनी जैन, कीर्ति जैन, दिव्य जैन आदि लोग उपस्थित रहे।

**रामपुर मनिहारान।** जैन समाज के दस दिवसीय दशलक्षण महापर्व का चौथा दिन जैन धर्म के नवमे तीर्थंकर श्री पुष्पदंत भगवान के मोक्ष कल्याणक के साथ उत्तम शौच धर्म के रूप में मनाया गया।

प्रात: मंदिर में श्री पुष्पदंत भगवान की प्रतिमा को पाण्डुकशिला पर विरा. जमान कर अभिषेक और शांतिधारा की गई।श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए पं अंकित शास्त्री ने कहा कि दशलक्षण पर्व का चौथा दिन उत्तम शौच धर्म का दिन है। जैन दर्शन के अनुसार शौच का अर्थ आत्मा की आंतरिक पवित्रता और लोभ



से मुक्ति है, जहां बाहरी शारीरिक स्वच्छता की बजाय मन ओर विचारों की निर्मलता पर जोर दिया जाता है। यह धर्म व्यक्ति को संतोष अपनाने और सभी प्रकार की अतृप्त इच्छाओं से मुक्त होने का उपदेश देता हैं।श्रद्धालुओं ने भजन गायक आस्तिक जैन के भजनों पर जमकर नृत्य किया।

इस दौरान जैन समाज के प्रधान मनोज जैन, महामंत्री निपुण जैन, अमित जैन, सुधीर जैन, विद्यासागर जैन,शशांक जैन, अतुल जैन, प्रशांत जैन, ललित जैन, अभिषेक शास्त्री, राकेश जैन, आकाश जैन, अर्पित जैन, नमन जैन, आर्जव जैन, नवीन जैन, ललित जैन, शुभम जैन, अंकित जैन , वर्षा जैन, प्रीति जैन, सुनीता जैन, रेणु जैन, माधवी जैन, पूजा जैन, संगीता जैन सृष्टि जैन, गरिमा जैन, करुणा जैन, परख जैन, विनीता जैन, पायल जैन, दीपा जैन सहित समाज के सैकड़ों महिला पुरुष मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

**सोमवार, 1 सितम्बर 2025**

# चीन में मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए चीन के शहर तियानजिन में हैं। यह शिखर सम्मेलन 31 अगस्त से एक सितम्बर तक चलेगा। इस शिखर सम्मेलन में 20 से ज्यादा देश हिस्सा ले रहे हैं। रूस के राष्ट्रपति पुतिन के साथ–साथ सेंट्रल एशिया, साउथ एशिया, साउथ ईस्ट एशिया के नेता भी यह शिखर सम्मेलन ऐसे समय में हो रहा है जब टैरिफ को लेकर भारत व अमेरिका के बीच ही नहीं बल्कि अन्य देशों के साथ भी अमेरिका से तनाव बना हुआ है। स्वाभाविक है कि इस पर अमेरिका सहित तमाम यूरोपीय देशों की नजर लग गई। हालांकि यूरा. ेपीय देश भी अमेरिका के टैरिफ से पीड़ित हैं, लेकिन फिर भी वह अमेरिका से दूरी बनाकर ज्यादा देर तक टिके नहीं रह सकते। जाहिर है ऐसे में शिखर सम्मेलन के सदस्य एक दूसरे के अधिक निकट आएंगे ही और वह आते भी दिखाई दे रहे हैं। शिखर सम्मेलन से इतर रविवार को चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग से पीएम मोदी की मुलाकात लगभग 50 मिनट तक चली, बताती है कि चीन व भारत अब पिछली बातों को भुलाकर आगे बढ़ने के लिए तैयार हैं। चीन के राष्ट्रपति ने भी पीएम मोदी से मिलकर खुशी जताई और कहा कि ड्रेगन यानि चीन और हाथी यानि भारत को साथ आना चाहिए। पीएम मोदी ने जिस तरह जिनपिंग के सामने आतंकवाद का मुद्दा उठाया उससे साफ है कि भारत आतंकवाद को लेकर कोई समझौता नहीं करेगा। मोदी का यह कहना सही है कि आतंकवाद आज किसी एक देश की समस्या नहीं है बल्कि वैश्विक समस्या है। इसलिए चीन को भी आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में साथ देना चाहिए, जाहिर है जब मोदी ऐसा कह रहे थे तो अप्रत्यक्ष रूप से चीन का ध्यान पाकिस्तान की ओर यह याद दिलाने के लिए कह रहे थे कि वहां पर पल रहे आतंकवादियों का वह बचाव न करें, क्योंकि विदित है कि कई अवसरों पर चीन ने पाकपरस्त आतंकवादियों का बचाव किया है। वह भी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर। अभी यह तो कहना जल्दबाजी ही होगा कि शंघाई शिखर सम्मेलन से क्या निकलकर बाहर आता है, क्योंकि यह तो तभी सामने आएगा जब सम्मेलन की समाप्ति के बाद साझा एजेंडा सामने आएगा, लेकिन एक बात साफ है कि जिस तरह बड़ी संख्या में राष्ट्रों के राष्ट्रीय अध्यक्ष शामिल हो रहे हैं, वह अमेरिका के लिए एक तरह से खुली चुनौती जैसा है। यह शिखर सम्मेलन यही बताता है कि डोनाल्ड ट्रम्प की दूसरे देशों को धमकाने की तमाम कोशिशें नाकाम होती जा रही हैं। इरान, मिस्र, म्यांमार, नेपाल जैसे देश न सिर्फ इसमें हिस्सा ले रहे हैं बल्कि पीएम मोदी इनके नेताओं से मुलाकात कर रहे हैं। अमेरिका को समझना होगा कि टकराव के रास्ते से कुछ हासिल नहीं होने वाला। यूं भी व्यापार को राजनीति से अलग रखना चाहिए, लेकिन ट्रम्प किसी को सुनने के लिए तैयार नहीं हैं और सनकभरे फैसले ले रहे हैं। जाहिर है इससे दुनिया में तनाव ही बढ़ेगा।

## बिहार में अकेले चलेगी बसपा



बसपा बिहार में अकेले दम पर चुनाव लड़ेगी, आने वाले दिनों में पार्टी के विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया जाएगा, बिहार एक बड़ा राज्य है और इसीलिए वहां की ताजा जरूरतों को देखते हुए राज्य की सभी विधानसभा सीटों को तीन जोन में बांट कर पार्टी के वरिष्ठ लोगों को अलग–अलग से उसकी जिम्मेदारी सौंपने का फैसला भी लिया गया, बिहार में पार्टी की अपनी तैयारी के साथ–साथ वहां राज्य के तेजी से बदलते हुए राजनीतिक हालात एवं चुनावी समीकरण आदि को देखते हुए पार्टी द्वारा चुनाव में बेहतर रिजल्ट लाने का आश्वासन पार्टी के लोगों ने दिया है।

**–सुश्री मायावती**
**राष्ट्रीय अध्यक्ष, बसपा**

**मन्नतें मांगने और निशान 'नेजा' चढ़ाने दूर-दराज से आते हैं लाखों लोग**

# हिन्दू-मुस्लिम एकता का प्रतीक है मेला गुघाल

**गोगा पीर लोगों की है आस्था का केंद्र**



सहारनपुर से करीब 5 किमी दूर सहारनपुर–गंगोह मार्ग पर एक गांव है मानकमऊ, जो शहर से मिला हुआ है, जहां पराक्रमी गुग्गावीर की समाधि बनी हुई है जो म्हाड़ी के नाम से विख्यात है। हर वर्ष भादो शुक्ल दशमी को सैकड़ों वर्षों से गुग्गावीर की स्मृति में गुघाल नाम से भव्य मेला लगता चला आ रहा है, जिसमें लाखों की संख्या में लोग आते हैं और मन्नतें मांगते हैं और निशान चढ़ाते हैं। लंबे बांस पर कपड़ा लिपटा हुआ यह निशान गुग्गावीर की विजय पताका का प्रतीक माना जाता है। इस मेले का सबसे अधिक महत्व यह है कि ऐतिहासिक पृष्ठभूमि में गुग्गा के राष्ट्र वेदी पर हुए बलिदान व उनके प्रति सभी धर्मावलंबियों की मान्यता होने के कारण उनकी स्मृति में लगने वाला यह मेला हिन्दू मुस्लिम राष्ट्रीय एकता व सांप्रदायिक सद्भाव का प्रतीक बन गया है। इस मेले की पूरी व्यवस्था नगर निगम सहारनपुर करती है और नगर वासियों तथा बाहर से आए नागरिकों की सुविधा के लिए गंगोह मार्ग रेलवे फाटक ईदगाह के आसपास भव्य बाजार सजाए जाते हैं, जिसमें दूसरे जनपदों के व्यापारी आकर अपनी दुकानें सजाते हैं।

गोगावीर ऐतिहासिक पृष्ठभूमि से जाहरवीर दीवान को लेकर क्षेत्र में अनेक किवदंतियां हैं। कहा जाता है कि सिरसा पारत राजस्थान के राजा कुंवरपाल की दो लड़कियां थीं। बाछल व काछल, बाछल ने गुरु गोरखनाथ गोरख की वर्षों प्रार्थना कर जब संतान का वरदान चाहा तो उनकी बहन काछल ने रात्रि में गुरु गोरखनाथ के पास पहुंचकर पुत्र प्राप्ति की प्रार्थना की एक रानी बाछल व काछल के हमशक्ल होने की वजह से गुरु गोरखनाथ ने काछल को रानी बाछल समझ कर दो पुत्र होने का आशीर्वाद दिया। काछल के लौटने के बाद जब रानी बाछल के पास पहुंची तब तक उनका डेरा उखड़ चुका था। रानी बाछल ने गुरु गोरखनाथ का पीछा कर उन्हें गद्दी पर पा लिया तथा गुरु से अपनी सेवा का हल चाहा। शिव का अवतार समझे जाने वाले गुरु गोरखनाथ ने जब रानी बाछल से कहा कि बीती रात तुम्हें पुत्र प्राप्ति का आशीर्वाद दे चुका हूं तो रानी बाछल ने उत्तेजित होकर उन्हें झूठा करार दिया। इस पर गुरु ने शिव का ध्यान किया तो बाछल रानी काछल के वेश में उनकी छोटी बहन उन्हें चकमा दे गई। रानी बाछल की मनोकामना पूरी करने के लिए गुरु गोरखनाथ अपनी योगिक शक्तियों के सहारे झूमने लगे आखिर उन्हें भगवान शिव के पास गुग्गल मिली। गुरु गोरखनाथ ने रानी बाछल को गुग्गल देकर कहा कि तुम इसको धूप देना जिससे पुत्र प्राप्त होगा तथा तुम्हारी बहन ने धोखा देकर पुत्र प्राप्त किए हैं उनका वध नहीं करेगा। गुरु गोरखनाथ के आशीर्वाद से बाछल ने गुग्गा व काछल ने अर्जन व सर्जन को जन्म दिया। संपत्ति और धन के बंटवारे को लेकर हुए युद्ध में अर्जन सर्जन मारे गए। बाछल का पुत्र गुग्गा युद्ध समाप्ति पर अर्जन व सर्जन का सिर लेकर अपनी मां रानी बाछल के पास पहुंचा। अर्जन और सर्जन की मौत का समाचार सुनकर रानी बाछल अचंभित रह गई तथा उसने अपने पुत्र गुग्गा का मुंह न देखने का प्रण लिया। अपनी मां के प्रण को निभाने के लिए गुग्गा जंगल में चला गया, लेकिन रात्रि में छुपकर अपनी पत्नी के पास आया जाया करता था। गुग्गा की पत्नी के श्रृंगार को देखकर जब रानी बाछल ने गुग्गा के बारे में पूछा तो उसकी पत्नी ने कहा कि रात में आते हैं लेकिन आते समय नहीं दिखाऊंगी जाते समय दिखाऊंगी।

अगली रात्रि जब गुग्गा अपनी पत्नी के पास से लौट रहा था तो रानी बाछल उसके पीछे दौड़ पड़ी। मां को पीछे आते देख गुग्गा बागड़ देश के जंगल में जा छुपा। जंगल में प्रकट होकर गुरु गोरखनाथ ने जहां गुग्गा को पीरी दी ही पर बाद में म्हाड़ी बना दी गई। बताया जाता है कि एक बार गुग्गावीर जब घूमते हुए सहारनपुर आए तो उन्होंने गंगोह रोड पर जोहड़ से कुछ लोगों को मछली मारते हुए देखा गुग्गावीर ने जब इनसे पूछा तुम यह क्या कर रहे हो तथा झोले में क्या है उन्होंने कहा कि हम मछलियां मार रहे हैं तथा हमारे झोले में भी मछलियां ही हैं। इस पर गुग्गावीर ने उनसे कहा कि तुम्हारे झोले में मछलियां नहीं हैं झांक कर देखो, उन लोगों ने अपने झोले में झांका तो उनमें सांप ही सांप नजर आए।

गुग्गावीर के चमत्कार को देखकर उनके पैरों में गिर पड़े। उनकी प्रार्थना से खुश होकर गुग्गावीर ने उन्हें अपना प्रतीक नेजा भेंट किया तथा प्रति वर्ष मेला आयोजित करने को कहा। संबंधित परिवारों ने जब इसमें रूचि नहीं ली तो एक घरेलू नौकर कबली भगत ने नेजे का ग्रहण कर लिया तब से प्रतीक नेजा उसके परिवार के पास ही है।

सहारनपुर जनपद में बांगड़ वाला गुग्गावीर को विशेष महत्व दिया जाता है। मान्यता है कि उनकी सेवा करने से संतान प्राप्ति आर्थिक समृद्धि व स्वास्थ्य लाभ होता है संतान प्राप्ति की इच्छा पूरी होने पर लोग मकान के बाहरी भाग में दो ईंटों का नाथ बना देते हैं, इसे म्हाड़ी कहा जाता है। तिथि, त्योहार को इसमे दीप जलाया जाता है तथा गुग्गावीर को खुश करने के लिए पतल कंदूरी भी की जाती है जिसकी यहां के लोग रात्रि अखाड़ा कहते हें। इसमें कढ़ी चावल का प्रसाद चढ़ाते हैं और रातभर गुग्गावीर का पूजन किया जाता है। गुग्गावीर का मेला इस जनपद का सबसे प्राचीन मेला माना जाता है। बताते हैं कि इसे लगते हुए करीब साढ़े तीन सौ वर्ष बीत चुके हैं। समय के साथ मेले में परिवर्तन होते रहे हैं कहा जाता है कि पहले गुग्गावीर का मेला सिर्फ म्हाड़ी पर ही लगता था जहां पर दूर से आने वाले व्यक्ति मनोकामना की पूर्ति हेतु निशान चढ़ाते थे पर अब मेला कई स्थानों पर लगता है और उनमें सबसे बड़ा मेला यहीं लगता है। अद्भुत शक्ति के कारण ही उन्हें जाहीरपीर यानि साक्षात देवता नीले घोड़े वाला और सांपों के देवता के रूप में भी मानते हैं। मुस्लिम समुदाय के लोग गोगावीर को पीर के रूप में मानते हैं। ज्ञातव्य है कि रेशमी कपड़े से सजी 24 छड़ियां एक सरदार छड़ी और धातु का बना नेजा शहर की परिक्रमा करने के बाद दशमी के दिन म्हाड़ी पर पहुंचते हैं। जहां उनके मालिक उनकी विधिवत पूजा करते हैं इसके बाद मेला शुरू हो जाता है। मेला खत्म होने के बाद छड़ियां भक्तों के घर लौट जाती हैं और हर साल यही सिलसिला जारी रहता है। इस मेले में अनेक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं। सहारनपुर नगर निगम के मेयर डा. अजय कुमार के अनुसार गुघाल मेला 5 सितम्बर से शुरू होकर एक पखवाड़े तक चलेगा, जबकि छड़ी का मेला 2 सितम्बर से शुरू हो जाएगा।



**ज़िया अब्बास ज़ैदी**

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं मो. नं-9837776610 )**

# भारत में सत्ता परिवर्तन और आधुनिक युग

**वीरेश तरार**

1857 की क्रांति भारतीय इतिहास में एक ऐसा मोड़ थी जिसने अंग्रेजी साम्राज्य की नींव हिला दी। यह विद्रोह केवल एक सैनिक आंदोलन नहीं था बल्कि किसानों, कारीगरों, शासकों और आम जनता की सम्मिलित पीड़ा और असंतोष का विस्फोट था। ईस्ट इंडिया कंपनी ने भारत को केवल अपने व्यापार का क्षेत्र माना, उसकी नीतियां पूरी तरह शोषणकारी थीं। कर वसूली, जमींदारी, किसानों की बदहाली, देसी उद्योगों का विनाश और सांस्कृतिक उपेक्षा इन सबने मिलकर भारतीय समाज को असंतोष से भर दिया। 1857का गदर इसी असंतोष का परिणाम था। अंग्रेज इस क्रांति को दबाने में सफल तो हुए, लेकिन उन्होंने एक गहरी सीख ली कि केवल शोषण के बल पर भारत जैसा विशाल देश नियंत्रित नहीं किया जा सकता।

यही कारण था कि 1 सितंबर 1858 को एक ऐतिहासिक परिवर्तन हुआ। इस दिन महारानी विक्टोरिया की घोषणा के साथ भारत ईस्ट इंडिया कंपनी के शासन से निकलकर सीधे ब्रिटिश क्राउन के अधीन आ गया। यह केवल प्रशासनिक बदलाव नहीं था, बल्कि शासन की मानसिकता में भी परिवर्तन का संकेत था। अंग्रेजों ने पहली बार यह माना कि भारत को केवल व्यापार और कर वसूली का साधन मानकर नहीं चलाया जा सकता, बल्कि इसे अपनी प्रजा समझकर शासित करना होगा। इसी सोच से शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई, रेलवे, डाक और बिजली जैसी व्यवस्थाओं की नींव रखी गई। ईस्ट इंडिया कंपनी का शासन जनता से पूरी तरह दूर था। स्थानीय राजा–नवाब और अमलदार उनके लिए महज राजस्व इकट्ठा करने के माध्यम थे। परंतु 1857 ने बता दिया कि जब तक जनमानस की भागीदारी नहीं होगी, कोई भी सत्ता स्थिर नहीं रह सकती। ब्रिटिश हुकूमत ने कंपनी को समाप्त करके सीधे सत्ता अपने हाथ में ली और भारत के साथ एक 'प्रजा–राज्य' का रिश्ता बनाने की कोशिश की। यही कारण है कि 1858 के बाद अंग्रेजों ने भारतीय समाज के विभिन्न पहलुओं को समझना शुरू किया।

पुरातत्व विभाग, शिक्षा आयोग, विश्वविद्यालयों की स्थापना, अस्पतालों का निर्माण, सिंचाई के लिए नहरों की खुदाई, और सबसे बढ़कर रेल व्यवस्थाकृए सब कदम केवल आधुनिकता की शुरुआत नहीं थे, बल्कि शासन की नई सोच के प्रतीक थे, आर्थिक दृष्टि से देखें तो यह दौर दोहरी प्रवृत्ति का रहा। एक ओर अंग्रेजों ने भारत में आधुनिक व्यापार और उद्योग का ढांचा खड़ा किया, बैंकिंग और मुद्रा व्यवस्था को संगठित किया, रूपया आना पैसा की प्रणाली को प्रचलित किया, दूसरी ओर देसी उद्योगों का विनाश भी किया। कपड़ा उद्योग, हथकरघा और पारंपरिक शिल्प धीरे–धीरे समाप्त कर दिए गए, क्योंकि अंग्रेजों का उद्देश्य अपने कारखानों के माल को भारत में खपाना था। किसानों पर करों का बोझ बढ़ता गया और कई जगह विद्रोह हुए। लेकिन रेल, डाक और तार की सुविधा ने पूरे देश को एक आर्थिक इकाई में बदलना शुरू किया, जो बाद में स्वतंत्रता आंदोलन का बड़ा आधार बनी। सामा. जिक और सांस्कृतिक क्षेत्र में भी यह परिवर्तन महत्वपूर्ण था। मैकाले की शिक्षा नीति के तहत अंग्रेजी शिक्षा ने एक नया मध्यमवर्ग तैयार किया। यह वर्ग बाद में भारतीय राजनीति और समाज सुधार आंदोलनों का नेतृत्व करने वाला बना। समाचार पत्र, पत्रिकाएं और साहित्यिक आंदोलन इसी शिक्षा से उपजे। चिकित्सा के क्षेत्र में अस्पताल और आधुनिक दवाओं ने जनता का ध्यान खींचा। समाज सुधार आंदोलनोंकृसती प्रथा का उन्मूलन, विधवा विवाह की स्वीकृति, कन्या शिक्षा, अस्पृश्यता के विरुद्ध आवाज इन सबको अप्रत्यक्ष रूप से ब्रिटिश कानूनों का समर्थन मिला। सबसे बड़ा परिवर्तन राजनीतिक क्षेत्र में हुआ। 1885 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का जन्म हुआ। अंग्रेजों ने भारतीयों की राय सुनने की औपचारिकता की शुरुआत की। शुरुआत में कांग्रेस केवल प्रार्थना–पत्रों और मांगों तक सीमित रही, लेकिन धीरे–धीरे उसने आंदोलन का रूप ले लिया। 1919 और 1935 के गवर्नमेंट ऑफ इंडिया एक्ट्स के जरिए स्थानीय सरकारों का गठन हुआ। पंचायत स्तर तक प्रतिनिधित्व की व्यवस्था बनी और भारतीयों को प्रशासन में आंशिक भागीदारी मिली। 1937 में प्रांतीय सरकारों का गठन हुआ, जिसने भारतीय नेताओं को शासन का प्रत्यक्ष अनुभव दिया। इसी क्रम में गांधी का नेतृत्व सामने आया। असहयोग, सविनय अवज्ञा और भारत छोड़ो आंदोलन ने जनता को राजनीति का सक्रिय हिस्सा बना दिया। 1940 में पूर्ण स्वराज की मांग ने अंग्रेजों को यह सोचने पर मजबूर कर दिया कि अब भारत को स्वतंत्र करना ही होगा। द्वितीय विश्वयुद्ध ने ब्रिटेन की स्थिति कमजोर कर दी और अंततः 1947 में भारत स्वतंत्र हुआ। 1 सितंबर 1858 से 15 अगस्त 1947 तक का यह सफर केवल सत्ता के हस्तांतरण का नहीं था, भारतीय समाज के पुनर्निर्माण और राजनीतिक चेतना के विकास की कहानी भी था। ईस्ट इंडिया कंपनी की तरह ब्रिटिश राज भी शोषण पर टिकता, तो संभव था कि भारत में इतनी व्यापक राजनीतिक एकता कभी न बन पाती। लेकिन क्राउन के अधीन शासन ने शिक्षा, संचार और प्रशासन की आधुनिक नींव रखी, जिसने स्वतंत्रता आंदोलन को संगठित किया और भारतीय राष्ट्रवाद को जन्म दिया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# हिन्दुस्तानी गजल से मशहूर हुए दुष्यंत कुमार



**अशोक मधूप**





आज एक सिंतबर है प्रसिद्ध हिंदी गजलकार दुष्यंत कुमार की जन्मदिन है। बिजनौर के राजपुर नवादा गांव में एक सिंतबर 1933 में जन्मे दुष्यंत कुमार का मात्र 43 वर्ष की आयु में 30 दिसंबर 1975 को भोपाल में उनका निधन हुआ। हिंदी साहित्यकार गजलकार दुष्यंत कुमार हिंदी गजल के लिए जाने जाते हैं। वह हिंदी गजल के लिए विख्यात हैं किंतु उन्हें यह ख्याति हिंदी गजलों के लिए नहीं , हिंदुस्तानी गजलों के लिए मिली।

संसद से लेकर सड़क तक मशहूर हुए उनके शेर हिंदुस्तानी हिंदी में हैं। हिंदुस्तानी हिंदी में उन्होंने सभी प्रचलित शब्दों का इस्तेमाल किया। शब्दों को प्रचलित रूप में इस्तेमाल किया। वे अपनी पुस्तक साए में धूप की भूमिका में खुद कहते हैं गजलों को भूमिका की जरूरत नहीं होनी चाहिए, लेकिन एक कैफियत इनकी भाषा के बारे में जरूरी है। कुछ उर्दू दां दोस्तों ने कुछ उर्दू शब्दों के प्रयोग पर एतराज किया है। उनका कहना है कि शब्द 'शहर' नहीं 'शह्र' होता है, वजन नहीं 'वज्न' होता है। कि मैं उर्दू नहीं जानता, लेकिन इन शब्दों का प्रयोग यहां अज्ञानतावश नहीं, जानबूझकर किया गया है। यह कोई मुश्किल काम नहीं था कि शहर की जगह नगर लिखकर इस दोष से मुक्ति पा लूं, किंतु मैंने उर्दू शब्दों को उस रूप में इस्तेमाल किया है, जिस रूप में वे हिन्दी में घुलमिल गए हैं। उर्दू का 'शह्र' हिन्दी में 'शहर' लिखा और बोला जाता है। ठीक उसी तरह जैसे हिन्दी का 'ब्राह्मण' उर्दू में 'बिरहमन' हो गया है और 'ऋतु' 'रुत' हो गई है।

उर्दू और हिन्दी अपने अपने सिंहासन से उतरकर जब आम आदमी के बीच आती हैं तो उनमें फर्क कर पाना बड़ा मुश्किल होता है। मेरी नीयत और कोशिश यही रही है कि इन दोनों भाषाओं को ज्यादा से ज्यादा करीब ला सकूं। इस लिए ये गजलें उस भाषा में लिखी गई हैं जिसे मैं बोलता हूं। गजल की विधा बहुत पुरानी, किंतु विधा है, जिसमें बड़े–बड़े उर्दू महारथियों ने काव्य रचना की है। हिन्दी में भी महाकवि निराला से लेकर आज के गीतकारों और नए कवियों तक अनेक कवियों ने इस विधा को आजमाया है। गजल पर्शियन और अरबी से उर्दू में आई। गजल का मतलब है औरतों से अथवा औरतों के बारे में बातचीत करना। यह भी कहा जा सकता है कि गजल का सर्वसाधारण अर्थ है माशूक से बातचीत का माध्यम। उर्दू के साहित्यकार स्वर्गीय रघुपति सहाय 'फिराक' गोरखपुरी ने गजल की भावपूर्ण परिभाषा लिखी हैं। कहते हैं कि जब कोई शिकारी जंगल में कुत्तों के साथ हिरन का पीछा करता है और हिरन भागते–भागते किसी ऐसी झाड़ी में फंस जाता हैं जहां से वह निकल नहीं सकता, उस समय उसके कंठ से एक दर्द भरी आवाज निकलती हैं। उसी करूण स्वर को गजल कहते हैं। इसीलिए विवशता का दिव्यतम रूप में प्रगट होना, स्वर का करूणतम हो जाना ही गजल का आदर्श है। दुष्यंत की गजलों की खूबी है साधारण बोलचाल के शब्दों का प्रयोग, हिंदी, उर्दू के घुले मिले शब्दों का प्रयोग। चुटीले व्यंग उनकी गजल की खूबी है। वे व्यवस्था और समाज पर चोट करते हैं। ये ही उन्हें सीधे आम आदमी के दिल तक ले जाती है। उनकी यह शैली उन्हें अन्य कवियों से अलग और लोकप्रिय करती है। आम आदमी और व्यवस्था पर चोट करने वाले दुष्यंत कुमार के शेर, व्यवस्था पर चोट करते उनके शेर सड़कों से संसद तक गूंजतें है। शायद दुष्यंत कुमार अकेले ऐसे साहित्यकार होंगे, जिसके शेर सबसे ज्यादा बार संसद में पढ़े गए हों। सभाओं में नेताओं ने उनके शेर सुनाकर व्यवस्था पर चोट की हो। सरकार को जगाने और जनचेतना का कार्य किया हो। उन्होंने हिंदी गजल भी लिखी, पर वह इतनी प्रसिद्धि नहीं पा सकी, जितनी हिंदुस्तानी हिंदी में लिखी गजल लोकप्रिय हुईं।

वो आदमी नहीं है मुकम्मल बयान है,
माथे पे उस के चोट का गहरा निशान है।
रहनुमाओं की अदाओं पे फिदा है दुनिया,
इस बहकती हुई दुनिया को संभालो यारो।
कैसे आकाश में सूराख नहीं हो सकता ,
एक पत्थर तो तबीअत से उछालो यारो।
यहां तो सिर्फ गूंगे और बहरे लोग बसते हैं,
खुदा जाने यहां पर किस तरह जलसा हुआ होगा,
गूंगे निकल पड़े हैं जबां की तलाश में,
सरकार के खिलाफ यह साजिश तो देखिए।
पक गई हैं आदतें बातों से सर होंगी नहीं,
कोई हंगामा करो ऐसे गुजर होगी नहीं।
आज मेरा साथ दो वैसे मुझे मालूम है ,
पत्थरों में चीख हरगिज कारगर होगी नहीं।
इन ठिठुरती उंगलियों को इस लपट पर सेंक लो,
धूप अब घर की किसी दीवार पर होगी नहीं।
सिर से सीने में कभी पेट से पांव में कभी ,
इक जगह हो तो कहें दर्द इधर होता है।
मत कहो आकाश में कोहरा घना है,
यह किसी की व्यक्तिगत आलोचना है।
यह जिस्म झुककर बोझ से दुहरा हुआ होगा,
मैं सज्दे में नहीं था, आपको धोखा हुआ होगा।
तुमने इस तालाब में रोहू पकड़ने के लिए,
छोटी–छोटी मछलियां चारा बनाकर फेंक दीं।
हम ही खा लेते सुबह को भूख लगती है बहुत
तुमने बासी रोटियां नाहक उठा कर फेंक दीं।

**गजल**

हो गई है पीर पर्वत सी पिंघलनी चाहिए,
अब हिमालय से कोई गंगा निकलनी चाहिए।
आज यह दीवार, परदों की तरह हिलने लगी,
शर्त थी लेकिन कि यह बुनियाद हिलनी चाहिए।
हर सड़क पर, हर गली में, हर नगर, हर गांव में,
हाथ लहराते हुए हर लाश चलनी चाहिए।
सिर्फ हंगामा खड़ा करना मेरा मकसद नहीं,
मेरी कोशिश है कि यह सूरत बदलनी चाहिए।
मेरे सीने में नहीं तो तेरे सीने में सही,
हो कहीं भी आग, लेकिन आग जलनी चाहिए।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं यह उनके निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### जर्मनी में जुटे दस हजार फलस्तीन समर्थक

**बर्लिन।** जर्मनी के प्रमुख शहर फैंकफर्ट में शनिवार को फलस्तीन समर्थकों ने एक रैली निकाल कर अभूतपूर्व विरोध प्रदर्शन किया है। फैंकफर्टर अल्गेमाइन जितुंग अखबार ने बताया 'यूनाइटेड 4 गाजा' नाम से हुए इस प्रदर्शन में 10000 से जयादा फलस्तीन समर्थकों ने हिस्सा लिया। पहले अनुमान लगाया गया था कि इसमें 5000 तक लोग शिरकत कर सकते हैं लेकिन इस अटकल से दोगुनी भीड़ रैली में पहुंची।

### अफगान के कुंदुज़ प्रांत में हथियार, गोला-बारूद ज़ब्त

**काबुल।** अफगानिस्तान में सुरक्षाकर्मियों ने उत्तरी कुंदुज प्रांत में आतंकवाद विरोधी प्रयासों के तहत पिछले तीन महीनों में दर्जनों आग्नेयास्त्र और गोला-बारूद का एक बड़ा जखीरा जब्त किया है। यह जानकारी अफगानिस्तान के आंतरिक मामलों के मंत्रालय ने रविवार को दी। मंत्रालय के बयान के अनुसार, प्रांतीय राजधानी कुंदुज और आसपास के नौ जिलों में चलाए गए अभियान में 16 पिस्तौल, विभिन्न मॉडलों की सात बन्दूकें, पांच पीके मशीन गन, एक कलाश्निकोव राइफल, 15 हथगोले, 12 रॉकेट राउंड और कारतूसों तथा गोलियों सहित बड़ी मात्रा में सैन्य उपकरण जब्त किया गया।

### यूक्रेनी संसद के पूर्व अध्यक्ष की गोली मारकर हत्या

**कीव।** यूक्रेन की संसद के पूर्व अध्यक्ष एंड्री पारुबिय की शनिवार को पश्चिमी शहर ल्वीव में गोली मारकर हत्या कर दी गई। यूक्रेनी अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यूक्रेनी अभियोजक जनरल कार्यालय ने कहा कि एक अज्ञात बंदूकधारी ने गोलीबारी की और 54 वर्षीय राजनेता की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय मीडिया के अनुसार, पुलिस संदिग्ध की तलाश कर रही है।

# मोदी, पुतिन और जिनपिंग की गलबहियों से अमेरिकी मीडिया हैरान

**पीएम के चीन दौरे पर वर्ल्ड मीडिया की प्रतिक्रियाः सीएनएन और एनवाईटी ने कहाः ट्रम्प से नाराज जिनपिंग ताकत दिखा रहे**

## चीन ने रेड कॉर्पेट से मोदी का किया स्वागत



**बीजिंग।** पीएम मोदी 30 अगस्त को पूरे सात साल बाद चीन पहुंचे हैं। उन्होंने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की मीटिंग से पहले आज चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। जून 2020 में हुई गलवान झड़प के बाद भारत-चीन के संबंध खराब हो गए थे।

अब मोदी के इस दौरे से दोनों देशों के संबंध सुधरने की उम्मीद जताई जा रही है। मोदी के चीन दौरे को दुनियाभर का मीडिया कवर कर रहा है। न्यूयॉर्क टाइम्स ने मोदी, जिनपिंग और पुतिन की तस्वीर के साथ रिपोर्ट में लिखा है कि शी जिनपिंग के लिए इससे बेहतर मौका शायद ही कोई हो सकता था। एक तरफ भारत के मोदी हैं, जिनके देश पर राष्ट्रपति ट्रम्प ने ऊंचे टैरिफ लगाए हैं। दूसरी तरफ रूस के पुतिन हैं, जिन पर ट्रम्प की वजह से ही पश्चिमी देशों के प्रतिबंध कमजोर पड़ते दिख रहे हैं। अखबार लिखता है कि इस पूरे आयोजन के केंद्र में जिनपिंग हैं। वे भारत और अमेरिका के बीच तनाव को अपने लिए अवसर बना रहे हैं और पुतिन के साथ अपने पुराने गठबंधन को और मजबूती दे रहे हैं। यह सम्मेलन सिर्फ औपचारिक मुलाकात नहीं है। इसमें मध्य एशिया के 20 से ज्यादा नेता शामिल हो रहे हैं। इसके बाद बीजिंग में चीन अपनी नई मिसाइलों और युद्धक विमानों की सैन्य परेड भी करेगा। यह सब दर्शाता है कि शी इतिहास, कूटनीति और सेना की ताकत को मिलाकर दुनिया की उस व्यवस्था को बदलना चाहते हैं जिस पर अब तक अमेरिका का दबदबा रहा है। सीएनएन ने कहा कि ट्रम्प से नाराजगी के बीच, चीन में पुतिन-मोदी का रेड कार्पेट वेलकम। यह मोदी की सात साल में पहली चीन यात्रा है। मुलाकात से पहले दोनों ने हाथ मिलाया और कैमरों के सामने साथ खड़े होकर तस्वीरें खिंचवाईं। यह बैठक ऐसे समय में हो रही है जब भारत और चीन दोनों ही अमेरिकी टैरिफ से प्रभावित हैं। जिनपिंग ने मोदी से कहा कि भारत और चीन के लिए सबसे सही रास्ता यही है कि वे अच्छे दोस्त और साझेदार बनें। दुनिया के दो सबसे ज्यादा आबादी वाले देश, जो अमेरिका के साथ अपने-अपने मतभेदों की वजह से दबाव झेल रहे हैं, अब एक-दूसरे के करीब आने की संभावना देख रहे हैं। बीबीसीः ट्रम्प के टैरिफ से परेशान भारत-चीन, ट्रेड को पटरी पर लाने की कोशिश में जुटे मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात ऐसे समय में हो रही है, जब अमेरिका ने भारत और चीन दोनों पर ऊंचे टैरिफ लगाए हैं। एक्सपर्ट्स के मुताबिक ये टैरिफ भारत के निर्यात क्षेत्र को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

# ट्रम्प भारत से स्कूली बच्चों जैसा व्यवहार कर रहेः रिक सांचेज

**राष्ट्रपति ट्रम्प इतिहास से वाकिफ नहीं, अमेरिका के वरिष्ठ पत्रकार ने कसा तीखा तंज**



**रूस से तेल खरीदने के लिए भारत पर टैरिफ लगाने के ट्रम्प प्रशासन के फैसले की आलोचना करते हुए सांचेज ने कहा कि यह बेहद अहंकारी नीति**

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के वरिष्ठ पत्रकार रिक सांचेज ने भारत पर टैरिफ लगाने के लिए अपनी सरकार की तीखी आलोचना की है। सांचेज ने कहा है कि ट्रम्प सरकार को भारत के इतिहास और उसकी अहमियत का कोई अंदाजा नहीं है और यही वजह है कि वे बिना सोचे समझे फैसले ले रहे हैं।

सांचेज ने कहा कि ट्रम्प के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो द्वारा यूक्रेन युद्ध को मोदी का युद्ध कहने पर कहा कि उनका बयान पर हंसा ही जा सकता है। वे कोई बहुत बुद्धिमान व्यक्ति नहीं हैं और न ही वे कोई बड़े विचारक हैं। सांचेज ने कहा कि ग्लोबल साउथ के बारे में मेरे देश की समझ बहुत सीमित है। वे भारत के इतिहास, भारत और चीन के रिश्तों और रूस-यूक्रेन के रिश्तों के बारे में कुछ नहीं जानते। तभी वे मूर्खतापूर्ण बयान देते हैं। नव-रूढ़िवादी, हथियार उद्योग से जुड़े लोग ट्रम्प को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन कहीं न कहीं ट्रम्प को अहसास है कि उन्होंने गलत मोड़ ले लिया है और यही वजह है कि ट्रम्प अब ग्लोबल साउथ और यूरोपीय संघ को बराबर महत्व देते दिखाई दे रहे हैं और संतुलन बनाने की कोशिश कर रहे हैं। रूस से तेल खरीदने के लिए भारत पर टैरिफ लगाने के ट्रम्प प्रशासन के फैसले की आलोचना करते हुए सांचेज ने कहा कि यह बेहद अहंकारी नीति है। ट्रम्प प्रशासन भारत से स्कूली बच्चे जैसा व्यवहार कर रहा है। लेकिन भारत कोई स्कूली बच्चा नहीं है बल्कि एक बड़ी ताकत है। भारत का एक इतिहास है, उसके पास संसाधन हैं और काफी क्षमताएं हैं। भारत ने दुनिया के लिए जो किया है, वह बेहद अहम है। भारत का वैश्विक इतिहास में योगदान यूरोप और मेसोपोटामिया से बिल्कुल भी कम नहीं है। लेकिन जब आप उसे स्कूली बच्चा समझते हैं तो भारत अमेरिका को कहता है कि आप हमें नहीं बताएंगे कि हमें क्या करना है।

यह परिवर्तनकारी समय है। इतिहासकार जब पीछे मुड़कर देखेंगे तो ये वो पल होगा, जब दुनिया की महाशक्ति अमेरिका के प्रभुत्व में कमी आनी शुरू हुई। अब ताकत ग्लोबल साउथ की तरफ स्थानांतरित हो रही है, जिसमें भारत, चीन, रूस, दक्षिण अफ्रीका और ब्राजील जैसे देश हैं। अमेरिकी पत्रकार सांचेज ने ये भी कहा कि भारत ने पाकिस्तान के साथ संघर्ष में मध्यस्थता का श्रेय ट्रम्प को नहीं दिया है, जिससे ट्रम्प निजी तौर पर भारत से नाराज हैं और 50 फीसदी टैरिफ लगाने के पीछे ये भी एक वजह है।

# भारत के अडिंग रुख से बौखलाए ट्रम्प



**अमेरिकी राष्ट्रपति अब यूरोपीय देशों से भी भारत पर नई दिल्ली पर टैरिफ लगाने को कहा**

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भारत से चिढ़े हुए हैं। दरअसल वे अपने वादे के अनुसार, अभी तक रूस-यूक्रेन युद्ध नहीं रुकवा पाए हैं और अब उन्होंने इसका ठीकरा भारत पर फोड़ना शुरू कर दिया है।

ट्रम्प का कहना है कि भारत द्वारा रूस से बड़े पैमाने पर कच्चा तेल खरीदा जा रहा है, जिससे यूक्रेन युद्ध को वित्तपोषण मिल रहा है। इसी का बहाना बनाकर ट्रम्प ने भारत पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का फैसला किया। हालांकि उनका ये दांव भी फीका रहा और भारत पर इसका बहुत ज्यादा असर होता नहीं दिख रहा है। इससे ट्रम्प लग रहा है कि और चिढ़ गए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अब ट्रम्प यूरोपीय देशों पर भी दबाव बना रहे हैं कि वे भी रूस से कच्चा तेल खरीदने के लिए भारत पर टैरिफ लगाएं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, व्हाइट हाउस ने यूरोपीय देशों से भारत पर रूस से कच्चा तेल खरीदने के लिए अमेरिका जैसे प्रतिबंध लगाने को कहा है, जिसमें नई दिल्ली से खरीदे जाने वाले सभी तेल और गैस पर पूरी तरह से रोक लगाना भी शामिल है। गौरतलब है कि यूरोपीय नेता भी यूक्रेन में युद्ध समाप्त कराने के पक्ष में हैं। हालांकि जहां अमेरिका का दावा है कि भारत रूसी तेल खरीद रहा है और उससे मुनाफा कमा रहा है।

### भेदभावपूर्ण प्रतिबंधों के खिलाफ रूस-चीन एकजुट

# ब्रिक्स की मजबूती पर दिया पुतिन ने जोर



**कहाः रूस-चीन ने ब्रिक्स देशों के सामाजिक-आर्थिक विकास में रुकावट डालने वाले भेदभावपूर्ण प्रतिबंधों के प्रति साझा रुख अपनाया**

**बीजिंग।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन रविवार को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) में हिस्सा लेने के लिए चीन के तियानजिन पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि रूस और चीन ने ब्रिक्स देशों के सामाजिक-आर्थिक विकास में रुकावट डालने वाले भेदभावपूर्ण प्रतिबंधों के खिलाफ साझा रुख अपनाया है।

चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ को दिए गए एक लिखित इंटरव्यू में पुतिन ने कहा कि रूस और चीन मिलकर महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की परियोजनाओं के लिए संसाधन जुटाने पर विशेष ध्यान दे रहे हैं। साथ ही ब्रिक्स को वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए और सक्षम बना रहे हैं। बता दें कि रूसी राष्ट्रपति की ये टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ब्रिक्स देशों पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। ब्रिक्स में अब ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका के अलावा सऊदी अरब, ईरान, इथियोपिया, मिस्र, अर्जेंटीना और यूएई को भी शामिल है। पुतिन ने आगे कहा कि रूस और चीन आईएमएफ और विश्व बैंक जैसे वैश्विक वित्तीय संस्थानों में सुधार का समर्थन करते हैं। दोनों देश मानते हैं कि एक नया वित्तीय तंत्र बनना चाहिए जो खुलापन और सच्ची समानता जैसे सिद्धांतों पर आधारित हो और सभी देशों को बराबरी का मौका दे। पुतिन ने कहा कि हमें मानवता के लाभ के लिए प्रगति चाहिए। मुझे भरोसा है कि रूस और चीन मिलकर अपने महान देशों की समृद्धि के लिए काम करते रहेंगे। इसके साथ ही पुतिन ने उम्मीद जताई कि तियानजिन में हो रहा एससीओ शिखर सम्मेलन संगठन को नई ऊर्जा देगा और एक न्यायपूर्ण, बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था के निर्माण में मदद करेगा।

# इजरायल ने दक्षिण लेबनान पर की भारी बमबारी

**बेरूत।** इज़रायली सेना ने रविवार को दक्षिणी लेबनान में जंगी जहाज, मिसाइल और ड्रोनों की मदद से कई हमलों को अंजाम दिया। एक सैन्य सूत्र ने कहा, इज़रायली युद्धक विमानों ने दक्षिणी लेबनान के कई इलाकों में कई भारी हमले किए। उन्होंने आगे बताया कि हमले दक्षिणी शहर नबातियेह के बाहरी इलाके के हराज अली अल-ताहिर और अल-दब्शा इलाकों को निशाना बनाकर किए गए। लेबनानी अधिकारियों का कहना है कि नवम्बर 2024 में हुए युद्धविराम समझौते के बावजूद, इज़रायल लेबनान की संप्रभुता का उल्लंघन कर रहा है।

# नोबेल के लिए नॉमिनेट नहीं किया, तो भारत पर लगा टैरिफ

**न्यूयॉर्क टाइम्स का दावा, ट्रम्प बोलेः पाक ने किया, भारत भी करे, इससे मोदी नाराज**

**डोनाल्ड ट्रम्प ने 17 जून को पीएम मोदी से फोन पर बातचीत की थी**

**वाशिंगटन।** न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारत और अमेरिका के बीच तनाव की असल वजह ट्रम्प की नोबेल प्राइज की ख्वाहिश है। रिपोर्ट में बताया गया है कि ट्रम्प ने 17 जून को पीएम मोदी से फोन पर बातचीत की थी।

इस दौरान ट्रम्प ने कहा था कि उन्हें भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर कराने पर कितना गर्व है। इसके बाद ट्रम्प ने मोदी से कहा कि पाकिस्तान उन्हें नोबेल पुरस्कार के लिए नामिनेट करने वाला है। ट्रम्प ने इशारों में भारत से भी ऐसा करने को कहा। मोदी इससे नाराज हो गए थे। मोदी ने ट्रम्प से साफ कह दिया कि भारत-पाक के बीच हुए सीजफायर से अमेरिका का कोई लेना देना नहीं है। यह भारत और पाकिस्तान के बीच सीधे तौर पर हुआ है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ट्रम्प ने मोदी की बात को अनदेखा कर दिया, जिससे दोनों नेताओं के बीच तल्खी बढ़ गई। इसके बाद से दोनों ने कोई बातचीत नहीं की। यह रिपोर्ट वाशिंगटन और नई दिल्ली में एक दर्जन से ज्यादा लोगों से हुई बातचीत पर आधारित है। इनमें से ज्यादातर ने अपना नाम न छापने की शर्त पर बात की। इन लोगों ने बताया कि ट्रम्प और भारत के बीच का रिश्ता दोनों देशों के लिए बड़े असर वाला हो सकता है। ट्रम्प की नीतियों से भारत-अमेरिका का रिश्ता कमजोर हो रहा है। वहीं, भारत अपनी अर्थव्यवस्था को संभालने के लिए कदम उठा रहा है, लेकिन इसमें उसका सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार अमेरिका नाराज हो रहा है। अखबार लिखता है कि मोदी ने कभी ट्रम्प को 'सच्चा दोस्त' कहा था, लेकिन अब उनके संबंध ठीक नहीं रहे। राष्ट्रपति कार्यालय से जुड़े लोगों के मुताबिक, मोदी को पहले बताया गया था कि ट्रम्प इस साल के अंत में क्वाड समिट में हिस्सा लेने भारत आएंगे, लेकिन अब ट्रम्प की भारत आने की कोई योजना नहीं है।



**जकार्ता। संसद सदस्यों को दिए जाने वाले अत्यधिक भत्ते के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान पुलिस अधिकारियों पर पत्थर फेंकता एक प्रदर्शनकारी।**

## यूएस टैरिफ से बचने के लिए नाइजीरिया में उत्पादन की पेशकश

**लागोस।** अमेरिका ने भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया है, जिससे भारत का करीब 49 अरब डालर का व्यापार प्रभावित होने की आशंका है। अब नाइजीरिया ने भारत के उद्योगों के सामने एक पेशकश की है। नाइजीरिया ने उसके लागोस मुक्त क्षेत्र (एलएफजेड) में निर्माण करने की पेशकश की है। लागोस मुक्त क्षेत्र से अमेरिका और दुनिया के अन्य प्रमुख बाजारों तक आसान पहुंच मिलती है। एलएफजेड की प्रबंध निदेशक और सीईओ अदेसुवा लाडोजा ने कहा कि अमेरिकी टैरिफ ने भारतीय कंपनियों खासकर, कपड़ा, चमड़ा और आटोमोबाइल के लिए कड़ी चुनौती पेश की है।

# गाजा पट्टी पर ताबड़तोड़ इजरायली हमले, 57 की मौत

**स्थानीय निवासियों ने बतायाः उन्होंने जोरदार विस्फोटों और तेज गोलीबारी की आवाजें सुनीं**

**गाजा।** गाजा पट्टी में इजराइली हमलों में कम से कम 57 फलस्तीनी मारे गए। फलस्तीनी सूत्रों ने यह जानकारी दी।

गाजा के नागरिक सुरक्षा प्रवक्ता महमूद बसल ने बताया कि गाजा शहर में दो अपार्टमेंट और फलस्तीनियों के एक समूह को निशाना बनाकर किए गए इजरायली हवाई हमले में दो बच्चों सहित चार लोगों की मौत हो गई। बसल ने बताया कि शहर के पश्चिम में अल-रिमल मोहल्ले में आवासीय अपार्टमेंट और चिकित्सा क्लीनिक वाली तीन मंजिला इमारत पर इजरायली हवाई हमले में कम से कम सात लोग मारे गए और बच्चों सहित कई अन्य घायल हो गए। बसल ने बताया कि शहर के उत्तर-पश्चिम में नस्र मोहल्ले में विस्थापित लोगों के तंबुओं पर इजरायली हवाई हमले में पांच महिलाओं और पांच बच्चों सहित बारह लोग मारे गए। उन्होंने बताया कि हवाई हमले में कई तंबू नष्ट हो गए और कुछ अन्य में आग लग गई। उन्होंने बताया कि शहर के दक्षिण में जतून मोहल्ले पर इजरायली हमलों में छह लोग मारे गए। फलस्तीनी सुरक्षा सूत्रों ने शहर के शेख रादवान और सबरा इलाकों में आवासीय भवनों पर तड़के इजरायली छापे और बमबारी की भी सूचना दी, जिसके बीच इजरायली हेलीकॉप्टरों और ड्रोनों ने तीव्र उड़ान भरी। स्थानीय निवासियों ने बताया कि उन्होंने जोरदार विस्फोटों और तेज गोलीबारी की आवाजें सुनीं।

# यूक्रेन जंग पर भारत को निशाना बनाना गलतः एस. जयशंकर

**विदेश मंत्री ने कहाः हम बातचीत के हिमायती**



**ट्रम्प ने रूसी तेल खरीदने की वजह से 25% टैरिफ लगाया**

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने फिनलैंड के विदेश मंत्री से फोन पर बातचीत में कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर भारत को गलत तरीके से निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए। भारत हमेशा शांति और बातचीत की वकालत करता रहा है।

उन्होंने एक्स पर लिखा-आज फिनलैंड के विदेश मंत्री से फोन पर बात हुई। हमने यूक्रेन जंग और इसके असर पर बात की। इस मामले में भारत को गलत तरीके से निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए। हम बातचीत और डिप्लोमेसी के पक्ष में हैं। दरअसल अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प भारत पर रूसी तेल खरीद की वजह से 25 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ लगाया है। ट्रम्प का कहना है कि भारत रूस से तेल खरीद रहा है, जिस वजह से पुतिन को यूक्रेन जंग जारी रखने में मदद मिल रही है। भारतीय विदेश मंत्री का यह बयान ऐसे समय पर आया है जब पीएम मोदी एससीओ समिट में शामिल होने चीन पहुंचे हैं। यहां वो चीनी एससीओ समिट से इतर पीएम मोदी चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति पुतिन के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी करेंगे।

